संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 06 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 94 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



बीजेपी राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस के घोषणापत्र पर हमला बोलते हुए।

# कांग्रेस के घोषणापत्र में 5 न्याय, 25 गारंटी

400 रु. मजदूरी, गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख, एमएसपी कानून और जाति जनगणना का वादा

**वादों का पिटारा**

मजदूरी 400 रुपए दिन करने, गरीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने की बात कही गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को 48 पेज का घोषणा पत्र जारी किया। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में सोनिया, राहुल, खड़गे और मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष पी चिदंबरम ने 5 न्याय और 25 गारंटी का ऐलान किया। पार्टी के घोषणा पत्र में मजदूरी 400 रुपए दिन करने, गरीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने, एमएसपी को कानून बनाने और जाति जनगणना कराने का जिक्र है। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में युवा, महिला, मजदूर और किसान पर फोकस किया है। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की स्कीम्स का वादा किया गया है। पार्टी ने कहा है कि उसका घोषणा पत्र वर्क, वेल्थ और वेलफेयर पर आधारित है। यहां वर्क के मायने रोजगार, वेल्थ के मायने आमदनी और वेलफेयर के मायने सरकारी स्कीम्स के फायदे दिलाना है।

**कांग्रेस पार्टी की 4 अन्य बड़ी घोषणाएं...**

- वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध। लोकसभा और विधानसभा चुनाव तय समय पर ही करवाएंगे।
- मतदान ईवीएम के जरिए होंगे, लेकिन वीवीपैट की पर्ची से मिलान किया जाएगा।
- 10वीं अनुसूची में संशोधन का वादा। इसके तहत दलबदल करने पर विधानसभा या संसद की सदस्यता खुद समाप्त हो जाएगी।
- पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां सख्ती से कानून के अनुसार काम करेंगी। हर मामले को संसद या राज्य विधानमंडलों की निगरानी में लाया जाएगा।

**यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है:** राहुल गांधी ने कहा- यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ एनडीए और प्रधानमंत्री मोदी हैं जो संविधान और लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जो संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करता है।

**बुजुर्गो को रेलवे में रियायत का वादा:** कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बुजुर्गों को रेलवे में रियायत देने का वादा किया है। कोरोना के बाद से केंद्र सरकार ने इसे लगभग खत्म कर दिया है।

**सेहत के मोर्च पर दो बड़े ऐलान:** देशभर के लिए 25 लाख रुपए तक फ्री इलाज की योजना (हालांकि राजस्थान में राहुल गांधी ने 50 लाख रु. तक के फ्री इलाज की घोषणा की थी, इसके बाद कांग्रेस वहां हार गई थी)। कुल बजट का 4 फीसदी स्वास्थ्य के लिए, यह 2028-29 तक हो पाएगा।





## मोदी मणिपुर जाने से डरते हैं: खड़गे

**खड़गे** ने कहा कि हम डरने वाले नहीं है, क्योंकि हम उसूलों वाले लोग हैं। हमारे नेता राहुल और सोनिया के पास डर नाम की चीज नहीं है। नरेंद्र मोदी देश-विदेश के कई दौरे किए, लेकिन वो मणिपुर नहीं गए। मैं जानना चाहता हूं कि जब हमारे नेता राहुल मणिपुर जा सकते हैं तो नरेंद्र मोदी क्यों नहीं जा सकते? मुझे पता है कि मोदी मणिपुर जाने से डरते हैं। डरे हुए आदमी कभी देश नहीं चला सकते।

**भाजपा का केवल एक काम है कि चंदा दो और ठेका लो**

खड़गे ने कहा कि हम घर-घर जाएंगे। लोगों से मिलकर भाजपा की तरफ से किए जा रहे गलत कामों के बारे में बताएंगे। भाजपा का केवल एक काम है कि चंदा दो और ठेका लो। भाजपा पार्टी में करप्ट लोग हैं, लेकिन वो हमें बदनाम कर रहे हैं।

## कांग्रेस की 5 योजनाएं

**महालक्ष्मी गारंटी:** इसके तहत सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।

**आधी आबादी-पूरा हक:** इसके तहत केंद्र सरकार की नई नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा।

**शक्ति का सम्मान:** इस योजना के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील वर्कर्स के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा।

**अधिकार मैत्री:** इसके तहत हर पंचायत में महिलाओं को उनके हक के लिए जागरूक करने और जरूरी मदद के लिए अधिकार मैत्री के रूप में एक पैरा-लीगल यानी कानूनी सहायक की नियुक्ति की जाएगी।

**सावित्री बाई फुले हॉस्टल:** सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक हॉस्टल बनाएंगे।

## कांग्रेस के न्यायपत्र की बड़ी बातें...

- **कांग्रेस** राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। इसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी। कांग्रेस शिक्षा एवं नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10% आरक्षण को बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और समुदाय के लोगों के लिए लागू कराएगी।
- कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50% का कैप हटाएगी। कांग्रेस अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को 1 साल के भीतर भरेगी।
- वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगों के लिए पेंशन में केंद्र सरकार का योगदान महज 200-500 रुपए प्रति महीने है। कांग्रेस पेंशन की इस राशि को बढ़ाकर न्यूनतम 1,000 रुपए प्रति माह करेगी।
- कांग्रेस 2025 से महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की आधी (50 प्रतिशत) नौकरियां आरक्षित करेगी। कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उच्च पदों जैसे, न्यायाधीशों, सरकार के सचिवों, उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों, कानून अधिकारियों और बोर्ड के निदेशकों पर अधिक महिलाओं की नियुक्ति हो।
- कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देगी।
- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाया जाएगा।
- कांग्रेस आपको भय से मुक्ति का वादा करती है।
- कांग्रेस मीडिया की पूर्ण स्वतंत्रता सहित भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहाल करने का वादा करती हैं।
- कांग्रेस मानहानि के जुर्म को अपराधमुक्त करने और कानून द्वारा, नागरिक क्षति के माध्यम से त्वरित उपाय प्रदान करने का वादा करती हैं।
- कांग्रेस इंटरनेट के मनमाने और अंधाधुंध निलंबन को समाप्त करने का वादा करती है।

## घोषणापत्र में महिलाओं को 1 लाख सालाना और 30 लाख नौकरियों की बात

**कांग्रेस** के न्याय पत्र में कहा गया है कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार आती है तो खाली पड़े 30 लाख पदों की भर्ती की जाएगी। गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना दिया जाएगा। जाति जनगणना होगी, एमएसपी पर कानून बनेगा। घोषणापत्र में मनरेगा मजदूरी 400 रुपए, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का ऐलान किया गया है। साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की भी बात कही गई है।

**14 मार्च को राहुल ने पांच गारंटियों का ऐलान किया था:** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पिछले महीने ही महाराष्ट्र में समाप्त हुई थी। इस दौरान 14 मार्च को राहुल ने अपने अकाउंट पर 5 गारंटियां दीं थी।

**आदर्श विचार**



"जो होने वाला हैं वो होकर ही रहता है, और जो नहीं होने वाला वह कभी नहीं होता।"
-भागवद गीता

**मन की बात**



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है।"
-स्वामी विवेकानंद

**तीसरी आंख**





## भोजशाला में जारी रहेगा एएसआई सर्वे



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/धार:** धार के भोजशाला में एएसआई का सर्वे अभी जारी रहेगा। सर्वे के खिलाफ दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करते हुए सुनवाई से इनकार कर दिया है। याचिका कमाल मौला मस्जिद के मुतवल्ली (कार्यवाहक) काजी मोइनुद्दीन द्वारा दायर की गई थी।

**हाईकोर्ट जाने के लिए कहा:** दरअसल, इंदौर हाई कोर्ट द्वारा एएसआई को भोजशाला के सर्वे के लिए दिए गए अंतरिम आदेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की गई थी। वहीं, याचिकाकर्ता हाई कोर्ट में पक्षकार नहीं थे, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सुनवाई से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने के लिए कहा है।

**रोक लगाने से पहले ही किया जा चुका इनकार:** गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भोजशाला के एएसआई सर्वे कराने पर रोक लगाने से इनकार कर चुका है।

# नया भारत घर में घुसकर मारता है: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चूरू:** प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को प्रदेश के दौरे पर रहे। पीएम ने चूरू में जनसभा को संबोधित किया। 19 अप्रैल को प्रदेश में पहले चरण का मतदान होना है। उससे पहले पीएम ने शुक्रवार को दूसरी बार प्रदेश का दौरा किया। यहां पीएम ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर करारा हमला बोला।

**हताशा-निराश मोदी के पास भी नहीं भटक सकती:** आज पूरा देश विकसित भारत के लिए काम कर रहा है और इसमें राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। बीते 10 साल में मोदी ने देश में जो काम किए हैं, उन्होंने दुनिया में विकसित भारत की नींव तैयार कर दी है। दुनिया ये देखकर हैरान है। हम जो ठान लेते हैं वह पूरा कर-के दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते देखा है। याद करिए, 10 साल पहले देश कितनी खस्ता हालत में था। कांग्रेस के बड़े-बड़े घोटालों और लूट के कारण देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी। भारत की साख गिरती जा रही थी।

**'राम मंदिर पर कांग्रेस ने निकाली एडवाइजरी'**

**कांग्रेस** को एडवाइजरी निकालनी पड़ गई कि राम मंदिर पर कुछ नहीं बोलना देश भव्य राम मंदिर का जश्न मना रहा था, लेकिन कांग्रेस पार्टी खुलेआम हमारी आस्था का अपमान कर रही थी। देश ने कांग्रेस के पापों की हमेशा कीमत चुकाई है। मुझे अभी पत्रकार बता रहे थे कि कांग्रेस पार्टी ने एक एडवाइजरी निकाली है कि अयोध्या राम मंदिर की चर्चा निकल पड़े तो मुंह पर ताला लगा देना, कुछ बोलना ही मत। बोलना पड़ गया तो पता नहीं कब राम-राम हो जाए।

# 'पाक में घुसकर एक-एक आतंकी का सफाया कर रहा भारत'

ब्रिटिश अखबार ने दावा किया कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ का इसके पीछे हाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पाकिस्तान को भारत अब हर मुद्दे पर मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। सर्जिकल स्ट्राइक हो या अंतरराष्ट्रीय मंच, पाक को बेबाक तरीके से जवाब दिया जा रहा है। वहीं, पड़ोसी मुल्क में भारत के दुश्मनों का भी खात्मा हो रहा है। इसको लेकर अब ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने बड़ा दावा किया है और कहा कि इसके पीछे भारत का ही हाथ है।

**ब्रिटिश अखबार का दावा, पीएम मोदी दे रहे ऑर्डर:** ब्रिटिश अखबार ने दावा किया कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ का इसके पीछे हाथ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय पीएम मोदी ही इसके ऑर्डर दे रहे हैं, क्योंकि रॉ का कंट्रोल उन्ही के पास होता है। दावा ये भी किया गया कि सरकार उन दुश्मनों का विदेशों में खात्मा कर रही है, जो भारत के लिए खतरा है।



**दावा**

मार्च 2022 में कराची में गोलीबारी को अंजाम देने के लिए कथित तौर पर लाखों रुपये का भुगतान किया गया था

**भारत सरकार ने किया इनकार:** ब्रिटिश मीडिया के दावों को भारत सरकार ने खारिज किया है। सरकार ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि भारत कभी लक्षित हताएं नहीं करता है।

**पुलवामा का लिया जा रहा बदला:** रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2019 में पुलवामा हमले के बाद से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक साहसी दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में ये ऑपरेशन चलाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 के बाद से पाकिस्तान में लगभग 20 हत्याएं हुई हैं, जिन्हें अज्ञात बंदूकधारियों ने अंजाम दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2022 में कराची में गोलीबारी को अंजाम देने के लिए अफगान नागरिकों को कथित तौर पर लाखों रुपये का भुगतान किया गया था।

# सीबीएसई ने बदला 11वीं और 12वीं क्लास का एग्जाम फॉर्मेट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सीबीएसई के 11वीं और 12वीं कक्षा की एग्जाम में पूछे जाने वाले प्रश्नों के फॉर्मेट में बदलाव किए जाएंगे। बोर्ड के मुताबिक, छात्रों से वास्तविक जीवन स्थितियों से जुड़े प्रश्नों को शामिल किया जाएगा। बोर्ड के मुताबिक, एग्जाम में अब कॉन्सेप्ट आधारित प्रश्नों की संख्या बढ़ाई जाएगी। बोर्ड ने जानकारी दी है कि परीक्षाओं में एमसीक्यू, वास्तविक जीवन से जुड़े प्रशन, केस स्टडी जैसे सवालों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# पाक पर अभी भरोसा नहीं करेगा भारत: विदेश मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पाकिस्तान के विदेश मंत्री ईशाक डार ने भारत के साथ कारोबारी रिश्तों को बेहतर करने की वकालत कर तो दी लेकिन स्वयं उनके विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने उनकी बातों को खारिज कर दिया। ऐसे में भारत की तरफ से इस पड़ोसी देश के साथ रिश्तों को सुधारने के लिए अपनी तरफ से किसी तरह की पहल किये जाने की संभावना बिल्कुल भी नहीं है। विदेश मंत्रालय ने भी इस बात के पूरे संकेत दे दिए।

**विरोधाभासी हैं पाकिस्तान के बयान: रणधीर जायसवाल**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का कहना है कि पाकिस्तान से जो बयान आ रहे हैं वह विरोधाभासी हैं। एक दिन पहले भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में जिस तरह से आतंकवाद को समर्थन देने को लेकर जिस तरह से पाकिस्तान पर हमला बोला है वह भी ऐसा ही संकेत देता है।

# रिजर्व बैंक विकास को लेकर आश्वस्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा, 'हाथी बाहर टहलने गया है और लगता है कि जंगल में लौट जाएगा।' हाथी से उनका आशय खुदरा महंगाई से था। आरबीआई गवर्नर यह कहना चाहते थे कि महंगाई नियंत्रण में है और जल्दी ही वह निर्धारित सीमा में आ जाएगी। शक्तिकांत दास वित्त वर्ष 2024-25 में मौद्रिक समीक्षा समिति की पहली बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब थे। आरबीआई ने लगातार सातवीं समीक्षा में रेपो रेट को 6.5% पर बरकरार रखा है।



आरबीआई जिस ब्याज पर बैंकों को कर्ज देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। इकोनॉमी के तमाम सेक्टर इस उम्मीद में हैं कि महंगाई कम हो तो रिजर्व बैंक रेपो रेट घटाएगा। इससे आम लोगों और इंडस्ट्री के लिए कर्ज भी सस्ता होगा। लांग टर्म में खुदरा महंगाई के लिए केंद्रीय बैंक का लक्ष्य 4% का है, समय-समय पर यह 2% कम या ज्यादा हो सकता है। लेकिन 2020 में कोरोना महामारी आने के पहले से यह 4% से ऊपर बनी हुई है। सामान्य मानसून की उम्मीद में आरबीआई ने 2024-25 के लिए 4.5% खुदरा महंगाई के अनुमान में तो कोई बदलाव नहीं किया।

**समीक्षा बैठक**

आरबीआई गवर्नर कहना चाहते थे कि महंगाई नियंत्रण में है और जल्दी ही वह निर्धारित सीमा में आ जाएगी

**चुनावी सरगर्मी**

हमारे पास पैसे का नहीं, जनता, ईमानदारी, नैतिकता और हौंसले का बल

# बिकाऊ और खाऊ नहीं चलेंगे, अपने विधायकों को बिकने से बचाएं जयराम : मुख्यमंत्री

**राजन पुरी**

**कुटलैहड़।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना के कुटलैहड़ से चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए कांग्रेस के छह बागियों पर सीधा हमला बोला। समूर कलां में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिकाऊ और खाऊ नहीं चलेंगे। 25 विधायकों वाले जयराम ठाकुर सरकार बनाने की बात कर रहे हैं, वह अपने विधायकों को बिकने से बचाएं। वह किसी भी मंडी में बिक सकते हैं, उन्हें बचाकर रखना। कांग्रेस की पूर्ण बहुमत वाली सरकार पूरे 5 साल चलेगी। हमारे पास पैसे का नहीं, ईमानदारी, नैतिकता और जनता के हौसले का बल है। कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय 15-15 करोड़ रुपये में बिके हैं, इसका हमारे पास सुबूत है। पुलिस जांच में इसकी परतें खुलना शुरू हो गई हैं। होटलों का बिल किसना दिया, किसके पैसे से हेलीकॉप्टरों में घूमे, यह सब अब सामने आ रहा है। यह सब जेल की सलाखों के पीछे जाएंगे।ठाकुर सुखविंदर सिंह ने जनता से सीधा संवाद करते हुए कहा कि ये दलाल राजनीति में नहीं चाहिए। इन्हें वोट की चोट कर सबक सिखाएं, इनकी जमानत जब्त करा दें। कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो उनके पास सिर्फ प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के टेंडर के लिए अधीक्षण अभियंता और अधिशाषी अभियंता को फोन कराने के लिए आते थे, उन्होंने जनता की समस्याओं को कभी नहीं उठाया। वह जनता से जुड़े कामों को उन्हें पीए के पास दे जाते थे, मुझसे कभी इन्हीं कहा कि लोगों के काम कर दो, मैं खुद उनके दिए कागज पडकर जनता के काम करता रहा।



**साधा निशाना**

15-15 करोड़ रुपये में बिका एक-एक बागी विधायक, हमारे पास सुबूत : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह

अब लड़ाई सत्य और झूठ की है। झूठ बार-बार सत्य से टकराएगा, भुट्टो बार-बार आकर झूठ बोलेगा। उसे सबक सिखाना है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने कुटलैहड़ से चुनावी शंखनाद किया है, हर पंचायत-हर व्यक्ति तक जाकर अपनी आवाज पहुंचाऊंगा।

**पैसे लेकर विधायकी बेचने वालों को सबक सिखाएं भाजपाई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं, कार्यकताओं से उनका आग्रह है, पैसे लेकर विधायकी बेचने वालों को सबक सिखाएं। इन्होंने कांग्रेस से विधायक बनकर भ्रष्टाचार किया, अब भाजपा में जाकर भी भ्रष्टाचार ही करेंगे। ऐसे व्यक्ति कभी आपकी सेवा नहीं करेंगे, यह लूट-खसूट ही करेंगे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जब वोट के दम पर सत्ता प्राप्त नहीं कर सकेए तो नोट के दम पर कुर्सी हथियाने की कोशिश की।

# बिहार: महागठबंधन में शामिल हुए मुकेश सहनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** बीते कुछ महीनों से चल रही अनिश्चितता के बीच अंततः राष्ट्रीय जनता दल ने निषाद आरक्षण का मुद्दा उठाने वाली विकासशील इंसान पार्टी को तीन सीटें देने का फैसला कर लिया। वीआईपी को गोपालगंज, मोतिहारी और झंझारपुर सीटें दी गई हैं। शुक्रवार को राजद कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सहनी को दी जाने वाली सीटों का एलान किया।

**विस चुनावों में भी जारी रहेगा गठबंधन:** शुक्रवार को राजद कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी की मौजूदगी में वीआईपी को दी जाने वाली सीटों की घोषणा की। तेजस्वी ने कहा लोकसभा चुनाव के लिए हुआ हमारा यह गठबंधन विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा। इसी क्रम में नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा यह सरकार देश मे संविधान खत्म कर तानाशाही लाना चाहती है।

# गांधी चौक है हमीरपुर शहर की पहचान

**विवेकानंद वशिष्ठ**
**हमीरपुरः जिला** मुख्यालय यह हमीरपुर का रूप ऐतिहासिक शहर गांधी चौक चौक वर्षों से छोटे से बड़े समाजिकए धार्मिक और राजनैतिक आयोजनों का गवाह रहा है, आज अपनी नई काया पाकर जगमगाता हुआ नजर आ रहा है।



वो गांधी चौक जो जिसने यहां आने वाले अन्जान लोगों को हमीरपुर शहर का पता बताया है।

18 वर्षों बाद 45 दिनों में संवारा गया ऐतिहासिक स्थलए मरम्मत कार्य पर खर्च हुए 20 लाखए नया लुक देख सब खुश उसका रंग-रूप बदला-बदला सा नजर आ रहा है। समय-समय पर इसके जीर्णोद्धार की मांग उठती रही और कई बार इसके मुरम्मत कार्य हुए भी। लेकिन पहली बार शहर का यह मुख्य साइन प्वाइंट ऐसे रंग-रूप में नजर आया है। गुरुवार को शहर का यह मुख्य स्थल गांधी चौक नए रंग रूप में लोगों को समर्पित कर दिया गया। नगर परिषद हमीरपुर द्वारा पिछले करीब 45 दिनों से गांधी चौक के चलाए गए जीर्णोद्धार और सौंदर्याकरण के कार्य को कारीगिरों ने बुधवार को अंतिम रूप दे दिया।दिलचस्प बात यह रही कि इस चौक को संवारने का काम डेढ़ महीने से युद्धस्तर पर दिन-रात चलता रहा। बताया जा रहा है कि इस पर 20 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई है। इतिहास पर नजर दौड़ा, तो ऐतिहासिक गांधी चौक का उद्घाटन महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्तूबर 2005 को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायिक अनिता वर्मा ने किया था। गांधी चौक का डिजाइन एनआईटी हमीरपुर द्वारा बनाया गया था, जोकि शहर के लोगों को भी काफ ी पसंद भी आया था। लेकिन समय के साथ-साथ और बदलते परिवेश के कारण गांधी चौक के जीणोद्धार की मांग पिछले कुछ वर्षों से उठ रही थी। ऐसे में करीब 18 वर्षों बाद इसको दुरुस्त करने का काम शुरू किया गया था। नगर परिषद हमीरपुर ने शहर के व्यस्त चौक होने के बावजूद भी 45 दिनों के अंदर दिन-रात काम करते हुए ऐतिहासिक गांधी चौक को लोगों को समर्पित कर दिया है।

1966 में स्थापित की गई थी गांधी की प्रतिमा

जानकारों की मानें तो 1966 के आस-पास इस चौक पर गांधी की प्रतिमा-स्थापित की गई थी। बताते हैं कि महात्मा गांधी की प्रतिमा को नौ अगस्त 2000 को कुछ शरारती तत्वों ने तोड़ दिया था, जिस पर काफ ी हंगामा भी हुआ था और मामला न्यायालय तक पहुंचा था।

## 'सिरमौर की 259 पंचायतों में चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम'

**एसपी जैरथ**
**नाहनः** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि सिरमौर जिला में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के उददेश्य से जिला की 259 पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल, युवा मंडल, स्वयं सहायता समूहों का सहयोग लिया जा रहा है। सुमित खिमटा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रदेश में मिशन 414 के तहत ऐसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया गया है जहां पर लोकसभा चुनाव-2019 में मतदान प्रतिशतता 60 प्रतिशत से कम रही थी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव-



2024 के लिए जिला में 589 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं। सिरमौर जिला में 24 ऐसे मतदान केन्द्र चिन्हित किये गये हैं जिसमें पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता 60 प्रतिशत से कम रही थी। इसमें कम मतदान प्रतिशतता वाले मतदान केन्द्रों में शिलाई विधानसभा क्षेत्र में 9, पावंटा में 3, नाहन में एक, श्री रेणुका जी में 10, पच्छाद में एक मतदान केन्द्र चिन्हित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा ने बताया कि सिरमौर जिला में वर्तमान में 100 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 60 से अधिक है जिनमें सबसे अधिक 32 शतकवीर मतदाता पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र में हैं। इसी प्रकार 100 वर्ष से अधिक के पच्छाद निर्वाचन क्षेत्र में 5, नाहन में 11, श्री रेणुका जी में 5 मतदाता और शिलाई में 8 मतदाता हैं। सुमित खिमटा ने बताया स्वीप गतिविधियों के तहत जिला में नुक्कड़ा नाटकों, सिग्नेचर अभियार और मतदाता शपथ के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान में स्थानीय लोग बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिल्कुल नया अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया

**धर्मशालाः** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने ऑल न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया जो भारत में इसकी मजबूत और बहुमुखी एसयूवी श्रृंखला में नया शामिल हुआ गतिशील और मजबूत वाहन है।ए-एसयूवी सेगमेंट में कंपनी के पुन.प्रवेश को चिह्नित करते हुए ऑल न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर आधुनिक स्टाइलिंग,अत्याधुनिक सुविधाओं और उन्नत प्रौद्योगिकियों से प्राप्त प्रतिष्ठा की भावना प्रदान करने के लिए तैयार है। यह इसे भारतीय ग्राहकों के लिए एक आदर्श विकल्प भी बनाता है। नया उत्पाद एसयूवी श्रेणी में कंपनी की मजबूत उपस्थिति को और मजबूत करता है।ऑल न्यू अर्बन क्रूजर टैसर 1.0 लीटर टर्बो, 1.2 लीटर पेट्रोल और ई-सीएनजी विकल्पों में उपलब्ध है।1.0 लीटर टर्बो 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध है इस प्रकार यह उन ग्राहकों के लिए एक बहुमुखी विकल्प प्रदान करता है जो पावर और प्रदर्शन दोनों को प्राथमिकता देते हैं। यह 1.2 लीटर पेट्रोल 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और इंटेलिजेंट गियर शिफ्ट (आईजीएस) में आता है और 1.2 लीटर ई-सीएनजी 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन में भी उपलब्ध है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एमडी और सीईओ तथा टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन (टीएमसी)के क्षेत्रीय सीईओ मसाकाजु योशिमुरा ने कहा कि उत्पाद पेशकश और उन्नत तकनीक दोनों के मामले में भारतीय बाजार हमारे लिए हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रहा है।हम इस मामले में ध्यान रखते हैं और इसपर हमारा जोर रहता है। हाल ही में एक नए क्षेत्र के निर्माण से इसे और बल मिला है जहां भारतीय बाजार और महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह नए भारत, मध्य पूर्व,पूर्वी एशिया और ओशिनिया क्षेत्र के केंद्र के रूप में कार्य करते हुए और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में हमारा मानना है कि कंपनी भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग में नए मानक स्थापित करने की आकांक्षा के साथ अपनी 25 साल की उत्कृष्ट विरासत को भुनाने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार है।

## एडीसी ने दलों के प्रतिनिधियों संग काउंटिंग सेंटर का किया दौरा



**एसपी जैरथ**
**नाहनः**अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा ने आज राजकीय डिग्री कॉलेज नाहन में स्थापित किए गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि शिमला संसदीय क्षेत्र के तहत डिग्री कॉलेज नाहन में चार जून 2024 को सिरमौर जिला की पांचो विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना की जाएगी जिसके लिए पांच काउंटिंग सेंटर बनाये गए हैं।उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान प्रक्रिया और पांचो काउंटिंग सेंटर की जानकारी प्रदान की।

## आईटीआई भरमौर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हामिद**
**चंबाः लोकसभा** निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनजातीय उप मंडल भरमौर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आज मिशन 414 के तहत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार निर्वाचन सुनील शर्मा ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों को सशक्त लोकतंत्र में मतदान के महत्व की जानकारी प्रदान करने के साथ वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए शुरू किए गए हस्ताक्षर अभियान के



तहत शपथ का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के 18 से 19 वर्ष की आयु के 12 भावी मतदाताओं के वोट भी बनाए गए। सुनील शर्मा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र भरमौर के तहत आगे भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का लगातार आयोजन सुनिश्चित बनाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर निर्वाचन विभाग से रवि कुमार, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से सुमन कुमार, कृष्ण चंद उपस्थित रहे।

## चारों लोकसभा सीटों और विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी: किमटा

**चमन शर्मा**
**शिमलाः** प्रदेश कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव रजनीश किमटा ने कहा कि कांग्रेस का काडर चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि चारों लोकसभा सीटों और विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी। रजनीश किमटा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने धनबल से सरकार गिराने की कोशिश की लेकिन यह कोशिश नाकाम हो गई। कांग्रेस की सरकार पूरी तरह से स्थिर है और विधानसभा में कांग्रेस के पास 34 विधायक है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनमत को नुकसान पहुंचाने की साजिश नाकाम हुई है और ऐसे में 4 जून को भाजपा को मुंह की खानी पड़ेगी।

वहीं इस दौरान रजनीश किमटा ने कंगना रनौत को प्रत्याशी बनाने को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा। कंगना के बहाने भाजपा पर निशाना साधते हुए रजनीश किमटा ने कहा की कंगना को प्रत्याशी बनाने से क्या बीजेपी का काडर संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर खलबली मची हुई है। भाजपा से सवाल करते हुए रजनीश किमटा ने पूछा कि उनका नाम राज्य से गया था या सीधे तौर पर उन्हें प्रत्याशी बना दिया गया। उन्होंने कंगना पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में लोगों के बीच रहना पड़ता है। रिश्तेदारों के दम पर चुनाव जीतना उनके बस की बात नहीं है। इस दौरान रजनीश किमटा ने शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय भाजपा सांसद नदारत रहे।

## आचार संहिता की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित कर रही है सर्विलांस टीमें

### नाके लगाकर वाहनों की निरंतर की जा रही है चैकिंग ताकि चुनाव प्रकिया न हो सके प्रभावित

**खेमचंद शास्त्री**
**मंडीः लोकसभा** चुनाव-2024 के दृष्टिगत 26-करसोग (अ.जा) विधानसभा क्षेत्र में तैनात सर्विलांस टीमें आदर्श आचार संहिता की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित कर रही है। वाहनों की निरंतर चैकिंग की जा रही है ताकि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी प्रकार की सामग्री क्षेत्र में न पहुंच सके। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग राज कुमार ने बताया कि करसोग विधानसभा क्षेत्र में निष्पक्ष व पारदर्शी



व शान्तिपूर्ण तरीके से चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवाने के लिए गठित यह सर्विलांस टीमें 24 घंटे निरन्तर निगरानी कार्य में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसके लिए क्षेत्र में तीन सर्विलांस टीमें तैनात की गई है। उन्होंने कहा कि गठित सर्विलांस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर विभिन्न वाहनों की चैकिंग सुनिश्चित की जा रही है ताकि अवैध रूप से बाहरी स्थानों से क्षेत्र में आने वाली और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी प्रकार की सामग्री पर कड़ी नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में कोई व्यक्ति संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आदर्श अचार संहिता के दौरान किसी भी व्यक्ति को 50 हजार से अधिक की नगदीं लानेए ले जाने या अपने साथ रखने पर प्रतिबंध है। यदि किसी व्यक्ति के लिए अपने साथ 50 हजार या इससे अधिक की नगदीं लाना या ले जाना अति आवश्यक हो तो उस स्थिति में व्यक्ति के पास नगदीं से सम्बंधित वैध दस्तावेज होने आवश्यक है।

## शक्ति पंप्स ने क्यूआईपी से 200 करोड़ रुपये अर्जित किये

**शिमलाः** भारत में सोलर पंप और मोटर बनाने वाली विश्व की अग्रणी कम्पनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) से सफलतापूर्वक 200 करोड़ रुपये अर्जित किये । क्यूआईपी इश्यू में निवेशकों ने काफी रूचि दिखाई और इसे दो बड़े म्यूचुअल फंड - एलआईसी म्यूचुअल फंड और एसबीआई म्यूचुअल फंड द्वारा पूरी तरह से सब्सक्राइब कर लिया गया। इन बड़े फंड हाउस द्वारा किया गया यह निवेश सोलर पंप्स उद्योग की विकास क्षमता और उद्योग में शक्ति पंप्स की अग्रणी स्थिति को दशार्ता है। सोलर पंप उद्योग में विकास की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, क्यूआईपी से अर्जित किये गए धन का एक बड़ा हिस्सा रणनीतिक रूप से पंप/मोटर, इनवर्टर/वीएफडी और स्ट्रक्चर्स की क्षमता बढ़ाने में लगाया जाएगा। सरकार के नेतृत्व वाली पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से पंप्स उद्योग के लिए आने वाले समय में बहुत बड़े अवसर हैं क्योंकि अनुमान है कि कंपोनेंट- बी (ऑफ ग्रिड पंप) के तहत 14 लाख से अधिक सोलर पंप्स और कंपोनेंट-सी (ऑन ग्रिड पंप) के तहत 35 लाख सोलर पंप्स लगाए जाने हैं।

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कहा कि इस इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के सफलतापूर्वक पूरा होने और इन प्रतिष्ठित निवेशकों द्वारा हम पर जताए गए विश्वास से हम बहुत खुश हैं, जो नए आयामों तक पहुँचने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। शक्ति पंप्स को लगातार नए ऑर्डर मिल रहे हैं, 31 दिसंबर 2023 तक हमारे 2050 करोड़ रुपये के ऑर्डर बुक में है, जिसे अगले दो वर्षों में पूरा किया जाना है।

## 85 वर्ष से अधिक उम्र व दिव्यांग मतदाताओं को घर में ही मतदान सुविधा: एसडीएम

**सुभाग सचदेवा**
**गोहरः आगामी** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उपमंडल अधिकारी नागरिक एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में बीएलओ सुपरवाइजर के साथ उपमंडल कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक निर्वाचन अधिकारी गोहर द्वारा सभी बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देश दिए गए कि 18 या 18 वर्षीय से अधिक जो 1 अप्रैल को 18 वर्ष के हुए हों सभी मतदाताओं का नाम, बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में जोड ?ा



सुनिश्चित करें। सभी इस बैठक में सभी सुपरवाइजर को यह भी निर्देश दिए गए की सभी पोलिंग में सभी पोलिंग बूथ में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जांचना और उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करें। सभी बीएलओ सुपरवाइजर को 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं तथा दिव्यांगजन मतदाताओं की सूची मतदान केंद्र वाइज उपलब्ध करवाईं गई तथा 12-डी फ ॉर्म्स की आवंटन किये। जिससे 85 वर्ष से अधिक उम्र व दिव्यांग मतदाता को घर से भी मतदान की सुविधा उपलब्ध होगी।

## विश्व भर में सराहनीय कार्य कर रहा रोटरी नाहन: अरुण

**एसपी जैरथ**
**नाहनः** समाज सेवा के क्षेत्र में रोटरी इंटरनेशनल और रोटरी क्लब विश्व भर में सराहनीय कार्य कर रहा है। यह बात जिला मुख्यालय नाहन में रोटरी नाहन सिरमौर हिल्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3080 रोटेरियन अरुण मोगिया ने कही। अरुण मोगिया ने बताया कि विश्व भर में समाज सेवा के क्षेत्र में रोटरी क्लब द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अरुण मोगिया ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए रोटरी के बारे में जानकारी दी कि दुनिया के 200 देशों में हर समय कोई न कोई कार्य रोटरी कर रहा होता है डिस्ट्रिक्ट 3080 देश



विदेश में विशेष तौर पर अफ्रीकी देशों में मेगा मेडिकल कैंप लगाता रहा है। इस मौके पर रोटरी नाहन सिरमौर हिल्स के अध्यक्ष रोटेरियन राकेश थापा ने बताया कि रोटरी नाहन सिरमौर हिल्स द्वारा पिछले 17 वर्षों में समाज के हर क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा न केवल पौधारोपण, रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए हैं, बल्कि क्लब स्कूली बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री के साथ-साथ अन्य सामग्री भी उपलब्ध करवाता है। राकेश थापा ने बताया कि रोटी क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज के हर एक ऐसे वर्ग की सहायता करना है जो पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा इस वर्ष नई पहल शुरू की गई है जिसके चलते समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले शख्सियतों को कर्मवीर पुरस्कार से नवाजा जाता है।

## छूटभैया नेता की तरह कर रहे सीएम बयानबाजी, भूल गए कि वो प्रदेश के मुखिया: राकेश

**खेमचंद शास्त्री**
**मंडीः हिमाचल** प्रदेश के इतिहास में शायद ऐसा पहली बार देखने को मिला कि जब हिमाचल प्रदेश का मुखिया मंच पर अपनी पद की मयार्दा भूल कर एक छूटभैया नेता की तरह बयान बाजी करते हुए नजर आए। भाजपा मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जमवाल ने मिडिया से बात करते हुए कहा कि ऊना में जनसभा के दौरान शायद मुख्यमंत्री यह भूल गए कि वह किस पद पर बैठे हैं और वरिष्ठ नेताओं के लिए इस तरह के घटिया शब्दों का इस्तेमाल किया। इससे पहले भी इस तरह की परिस्थितियों हिमाचल प्रदेश में बनी है जब अपनी पार्टी के कार्य प्रणाली से नाराज होकर नेता या विधायक दूसरे दल में शामिल हुए हैं लेकिन कभी भी इस तरह की शब्दावली का इस्तेमाल हिमाचल प्रदेश की



राजनीतिक इतिहास में देखने और सुनने को नहीं मिला। विधायक राकेश जमवाल ने कहा कि खुद की कार्य प्रणाली को सुधारने की जगह नेताओं पर बिना किसी सबूत के झूठे आरोप लगाना मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। मुख्यमंत्री ने जो सत्ता में आते हुए कहा था कि वह व्यवस्था परिवर्तन करेंगे लेकिन व्यवस्था परिवर्तन की जगह अब मुख्यमंत्री झूठ की राजनीति कर रहे हैं ना मुख्यमंत्री ने अपनी चुनावी वादों को पूरा किया बल्कि 15 महीने मुख्यमंत्री ने विपक्ष को पूछते हुए ही निकाल दिए आज मुख्यमंत्री के पास अपनी कोई भी उपलब्धि प्रदेश की जनता को बताने के लिए नहीं है। मुख्यमंत्री जब से सत्ता में आए हैं तब से उन्होंने केवल झूठ ही बोला है और लगातार झूठ ही बोलते आ रहे हैं। उनके झूठ का सबसे बड़ा सबूत तो इस बार विधानसभा व प्रदेश की जनता को मिल गया जहां पर वह अपने मेनिफेस्टो में दी गारंटी युवाओं को सरकारी नौकरी को ही झुठलाने पर आमदा हो गए। महिलाओं को 1500रू युवाओं को सरकारी रोजगार, ऐसे बहुत से झूठ हैं जो मुख्यमंत्री अपनी स्थिति को सही साबित करने के लिए समय-समय पर बोलते रहे है। विधायक निधि को जारी करने का झूठ जो उन्होंने खुले मंच पर बोला और अपनी विपक्ष के दबाव के बाद फिर विधायकनिधि जारी करना उसका बड़ा उदाहरण हैं। इसलिए आज जनता जान चुकी है कि मुख्यमंत्री हिमाचल की जनता को ठगने के लिए सुविधाअनुसार खुले मंचों से झूठ बोलते रहें है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखु को नसीहत देते हुए कहा कि बिना सबूतों के वो जनता की हमदर्दी बटोरने के लिए झूठ न बोल कर यह मान लें कि आपके जनता विरोधीकार्य से आहत हो कर 9 विधायकों ने आपके साथ को नाकारा हैं। वह एक असफल और झूठे मुख्यमंत्री के रूप में इतिहास के के पन्नों पर दर्ज होंगे।

## दूरदराज मतदान केंद्र सनवाल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हामिद**
**चंबाः** चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दूरदराज मतदान केंद्र 23-सनवाल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप टीम के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीएम चुराह शशि पाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने मतदान के महत्व के बारे में जागरुक करते हुए आम लोगों से लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर शशि पाल शर्मा ने मतदान केंद्र का निरीक्षण भी किया तथा मतदान



केन्द्र में मतदाताओं से संबंधित सुविधाओं की विस्तृत जांच की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान राष्ट्र के प्रति नागरिकों का सर्वोच्च कर्तव्य है इसलिए आगामी लोकसभा चुनावों में क्षेत्रवासी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन करें। कार्यक्रम में डीएसपी चुराह रंजन शर्मा ने मतदान प्रक्रिया के दौरान कानूनी पहलुओं बारे विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रवासी आपसी सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

कार्यक्रम में चुराह स्वीप प्रभारी भूमेश शर्मा ने कहा कि गर्मियों के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि तथा बागवानी से संबंधित कार्यों की अधिकता रहती है बावजूद इसके सभी क्षेत्रवासी लोकतंत्र के इस महाकुंभ में बढ़-चढकर हिस्सा लें।

# पक्का टाला-बालू मार्ग को लेकर स्थानीय निवासियों ने सौंपा जिला प्रशासन को ज्ञापन

**मांग**

**8 पत्थरों से हो रहे नुकसान को लेकर स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा**



**हामिद**

**चंबा:** शहर के पक्का टाढा मोहल्ला से बालू की ओर जाने वाले सडक मार्ग की दुर्दशा तथा ऊपरी पहाड़ी से गिरने वाले पत्थरों से हो रहे नुकसान को लेकर स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है तथा कहा है कि अगर किसी भी प्रकार की घटना घटी तो उसके लिए लोक निर्माण विभाग तथा जिला प्रशासन जिम्मेवार होगा। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के उपाध्यक्ष रहे जय सिंह की अगुवाई में यह ज्ञापन एक टू डीसी को सोपा गया। इस संदर्भ में जय सिंह ने बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल अस्पताल से जो मार्ग पक्का टाला होकर बालू मुख्य मार्ग पर निकलता है जब मोहल्ला पक्का टाला से लोग उस मार्ग से गुजरते हैं तो वहां भूस्खलन होता रहता है और पत्थर गिरते रहते हैं जिससे वहां से गुजरने वाले आम जनमानस को नुकसान हो सकता है वहां पर पहले भी पत्थर गिरने से लोगों का नुकसान हुआ है। इस भूस्खलन वाले स्थान के ऊपर मोहल्ला पक्का टाला में वाल्मीकि समुदाय के लोग भी रहते हैं उन्हें भी जान माल के नुकसान का खतरा है। जय सिंह ने कहा कि सरकार से फरवरी 2023 को इस कार्य हेतु 3 करोड़ 23 लाख रुपए भूस्खलन वाले स्थान पर सीमेंट स्प्रे करने के लिए मंजूर किए थे मगर लोक निर्माण विभाग का रवैया इस बारे में सकारात्मक नहीं रहा। इस संदर्भ में स्थानीय निवासियों ने पुलिस थाना चंबा में इनके विरुद्ध शिकायत पत्र भी दिया था तथा एफ आई आर दर्ज करने की मांग की गई थी मगर आज तक लोक निर्माण विभाग तथा ठेकेदार के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। जय सिंह ने कहा कि यह जो मार्ग है यहां से हमारे चंबा शहर के लोगों के स्वर्गवास के बाद उनकी अंतिम संस्कार के लिए अंतिम यात्रा इसी मार्ग से गुजरती है एकई बार ऐसा हुआ भी है कि जब लोग श्मशान घाट की ओर जा रहे थे तो ऊपर से पत्थर भी गिरे तथा कुछ लोगों को चोटे भी आई हैं। जय सिंह ने कहा कि अब शहरी नागरिक होने के नाते हम यह सूचना दे रहे हैं कि कल से हम उस मार्ग पर जहां से पत्थर गिरते हैं जाकर हड़ताल पर बैठ जाएंगे अगर यहां कोई अनहोनी घटना हुई तो उसका जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग, ठेकेदार तथा जिला प्रशासन होगा।

# श्री राम कथा में विधायक जेआर कटवाल ने नवाया शीश, उठाया कथा का आनंद

**श्रवण**

**8 पीठ पर शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रभु राम की लीलाओं का श्रवण किया।**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** झंडूता के सेरड़ सैर गांव में चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन प्रवचनों का आनंद लेने के लिए स्थानीय विधायक जीत राम कटवाल भी पहुंचे। उन्होंने व्यास पीठ पर शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रभु राम की लीलाओं का श्रवण किया। इस कथा यज्ञ में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुरेश भारद्वाज ने कहा कि भातृ प्रेम भगवान रामए भरतए लक्ष्मण और शत्रुघ्न के बीच एक मिसाल बना। उन्होंने कहा कि जब भगवान राम को चैदह वर्ष का वनवास हुआ तो उस समय भरत और शत्रुघ्न अपने ननिहाल गए थे। ऐसे में अयोध्यावासी भी अपने होने वाले युवराज राम को रोकने के लिए रास्तों, गलियों और चैराहों पर आ गए। प्रभु राम कहीं रात का लाभ उठाकर चले न जाएं इसलिए वे रास्ते में ही सो गए। पंडित जी ने बताया कि प्रभु राम नंगे पैर मध्य रात्रि को निकल गए। निषाद राज से भेंट करने के पश्चात जब वे गंगा पार पहुंचे तो वन में प्रवेश करने पर उनके स्वागत में वन देवी प्रकट हुई तथा उसने प्रभु से सेवा इच्छा मांगी। भगवान राम ने वन देवी से कहा कि जिस मार्ग से वे आए हैं, उस मार्ग पर बहुत से कांटे हैं। कृप्या इन कांटों को हटा दें, क्योंकि जब भरत को यह पता लगेगा कि उनका भाई राम वन को चला गया है तो वह सुधबुध खोकर मुझसे मिलने के लिए आएगा। जब भरत आए तो उसके पैरों में कोई कांटा चुभना नहीं चाहिए।

भगवान राम का यह आग्रह सुनकर वन देवी उनका भातृ प्रेम देखकर भाव विभोर हो गई और यह कार्य सहर्ष स्वीकार किया। पंडित जी ने बताया कि भगवान राम को हालांकि सब कुछ पता था लेकिन वे इसके लिए न तो कैकेयी माता को दोषी मानते थे और न ही भरत हो, इन्होंने इसे नीति का आदेश माना और स्वयं को कष्टों की ओर ढाल लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### खुला साधना सत्संग रविवार को खलियार में

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** संत शिरोमणी श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज के स्वरूप प्रेम जी महाराज एवं डॉ विश्वामित्र जी महाराज की सूक्ष्म भावमई मौजूदगी में एक दिवसीय खुला साधना सत्संग अमृतवाणी रविवार को मंडी शहर के जवाहर नगर खलियार में श्रीरामशरणम केंद्र में होगा। श्री रामशरणम परिवार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह आयोजन 7 अप्रैल रविवार को दोपहर साढ़े 3 बजे से साढ़े 4 बजे तक श्री अमृतवाणी संकीर्तन एवं प्रवचन व साढ़े 4 बजे के बाद नामदीक्षा कार्यक्रम होगा। आयोजकों ने सभी भक्तजनों से आग्रह किया है कि वह सत्संग शुरू होने से 15 मिंट पहले पहुंचे क्योंकि सत्संग निश्चित समय पर शुरू हो जाएगा। किसी भी प्रकार का चढ़ावा या भेंट अपने साथ न लाएं।

### गोदरेज एग्रोवेट का हनाबी हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में सेब की खेती में ला रहा है क्रांति

**शिमला: भारत के** सबसे बड़े विविधीकृत कृषि व्यवसायों में से एक गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने पिछले साल सेब के बगीचों में कीट(माइट)नियंत्रण के लिए एक उन्नत कीटनाशक हनाबी लॉन्च किया था।जापान के निसान केमिकल कॉपोरेशन द्वारा खोजी और विकसित की गई पेटेंट केमिस्ट्री के साथ हनाबी कीट पर लंबे समय तक नियंत्रण प्रदान करता है साथ ही तेज नॉकडाउन गतिविधि के मद्देनजर किसानों को बेहतर पैदावार प्रदान करता है।भारत में सबसे महत्वपूर्ण व्यावसायिक फलों में से एक सेब की खेती में कश्मीर के बाद हिमाचल प्रदेश का स्थान है।जम्मू एवं कश्मीर कुल उपज में लगभग 70प्रतिशत के योगदान के साथ देश के सेब उत्पादन में अग्रणी हैए जबकि हिमाचल प्रदेश का कुल सेब उत्पादन में लगभग 20प्रतिशत योगदान है। हालांकि इस फलते फूलते उद्योग को यूरोपीयन रेड माइट जैसे कीटों की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिससे उत्पादन के साथ साथ गुणवत्ता को भी काफी नुकसान होता है। गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के फसल संरक्षण व्यवसाय के मुख्य कार्यकारी,राजावेलु एनके ने हनाबी के लाभ और इसकी प्रभावकारिता पर अपनी टिप्पणी में कहा,कश्मीर और हिमाचल प्रदेश देश में दो प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्र हैं। यहां से क्रमश18 लाख टन और 4.7 लाख टन का वार्षिक निर्यात होता है और ऐसे में हम आजीविका को बनाए रखने तथा भारत के सेब उत्पादन में प्रमुख योगदान देने के प्रति हमारी कृषि पद्धतियों के गहरे प्रभाव को समझते हैं।एबायोटिक (अजैविक)जलवायु चुनौतियां हमारे नियंत्रण से परे हैं लेकिन हनाबी की शुरूआत उन जैविक कारकों के समाधान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है जो इस फलते फूलते उद्योग के लिए खतरा पैदा करते हैं।उन्होंने कहा हनाबी का क्विक एक्शन फॉमूर्ला छिड़कने के तुरंत बाद से ही सेब की फसल के पूरे जीवन चक्र के लिए माइट से फसल की सुरक्षा शुरू होजाती है। हनाबी एक विश्वसनीय और कुशल कीट नियंत्रण समाधान है जो छिड़कने के 3.4 घंटों के भीतर ही 80 प्रतिशत नॉकडाउन प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त इसकी कीटनाशक गतिविधि थ्रिप और व्हाईट फ्लाय के खिलाफ भी प्रभावी साबित हुई है। हमें विश्वास है कि यह नवोन्मेषी समाधान सेब की खेती में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।बेहतर परिणाम के लिए हनाबी का उपयोग माइट संक्रमण की प्रारंभिक अवस्था में किया जाना चाहिए।

0.5 ग्राम प्रति लीटर पानी का पहला छिड़काव तब करना चाहिए जब माइट की संख्या 3.5 प्रति पत्ती हो।हनाबी की शुरूआत अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से भारतीय किसानों के लिए नवोन्मेषी समाधान पेश करने के लिहाज से गोदरेज एग्रोवेट के दृढ़ समर्पण को उजागर करती है। इससे आखिरकार देश के किसानों की समृद्धि और आजीविका में वृद्धि होगी और वे प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति अधिक दृढ़ बनेंगे।

### मोबिल- 1 ने 50 वर्ष पुरे किये, आगे के लिए तैयार

**शिमला: एक्सॉन मोबिल** को वैश्विक बाजार में मोबिल- 1 मोटर ऑयल की शुरूआत करने के 50 वीं वर्षगाँठ मनाने पर गर्व है। 2024 में एक्सॉन मोबिल साझेदारी,मोटर स्पोट्र्स और आभासी वास्तविकता में पहल की एक श्रृंखला के साथ मोबिल-1 ब्रांड के अपने 50 साल के इतिहास का जश्न मनाएगा, जिनमें से प्रत्येक ब्रांड की विरासत और आने वाले समय की चीजों को उजागर करेगा।पहले पूर्ण सिंथेटिक ऑटोमोटिव मोटर ऑयल के रूप में शुरूआत करने और फिर मोबिल-1 ब्रांडेड तेलो की श्रृंखला में विस्तार करने के बाद मोबिल -1ब्रांड गैस-संचालित और हाल ही में, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के इंजन की सुरक्षा में सबसे आगे रहा है, और पिछले पाँच दशक से बेजोड़ गुणवत्ता और प्रदर्शन प्रदान कर रहा है।मोबिल -1 नवाचार, सहयोग और ग्राहकों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ दुनिया का अग्रणी सिंथेटिक मोटर ऑयल ब्रांड है।इस प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ, एक्सॉन मोबिल इंजन सुरक्षा और प्रदर्शन के भविष्य को आकार देना जारी रखने के लिए उत्साहित है।एक्सॉन मोबिल ने दर्शकों को मोबिल-1 ब्रांड के विकास, प्रभावशाली सहयोग और तकनीकी उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी वीडियो के माध्यम से देने के लिए पूर्व फॉमूर्ला 1 रेसर और मैकलेरन ड्राइवर डेविड कोल्टहार्ड के साथ साझेदारी की है।2024 मोटर स्पोट्र्स के पूरे सीजन के दौरान मोबिल-1ब्रांड विशेष रूप से डिजाइन की गई पोशाकों की श्रृंखला और मोबिल-1 ब्रांड के व्यापक रेसिंग इतिहास के अन्य मुख्य आकर्षण के साथ अपनी विरासत का उत्सव मनाएगा।

# जोगिंद्रनगर मेले में लोक नृत्य प्रतियोगिता में महिला मंडल गलू पटट रहा प्रथम



**संगराय**

**जोगिंद्रनगर: राज्य** स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर के अवसर पर महिलाओं के लिए लोक नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें महिला मंडल गलू पटट प्रथम स्थान पर रहा। यह जानकारी देते हुए महिलाओं की खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजन समिति की संयोजिका एवं प्रधानाचार्य आईटीआई ईण नवीन कुमारी ने बताया कि महिलाओं की लोकनृत्य प्रतियोगिता में महिला मंडल दुल-1 दूसरे तथा महिला मंडल पदवाहन पधर तीसरे स्थान पर रहा। इस स्पर्धा में कुल 17 महिला मंडलों ने भाग लिया।

# सेवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में शामिल करने के लिए हो रहे हैं सभी प्रयास: डीसी

**पंजीकृत**

**8 सादिक ने यह जानकारी दी कि अभी तक जिला में 3929 सेवा अर्हता मतदाता पंजीकृत हैं**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: जिला** बिलासपुर में सेवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में शामिल करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किया जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने यह जानकारी दी कि अभी तक जिला में 3929 सेवा अर्हता मतदाता पंजीकृत हैं जिन्हे आनलाईन माध्यम से सेवा मत पत्र भेजे जायेगें। उन्होंने बताया कि 46 झंडुता अजा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1212 सेवा मतदाता है जिसमें 1196 पुरुष व 16 महिलाएं शामिल है, 47 घुमारवीं निर्वाचन क्षेत्र में 1217 सेवा मतदाताओं में 33 महिलाएं व 1184 पुरुष मतदाता, 48 बिलासपुर सदर में 883 सेवा मतदाताओं में 849 पुरुष एवं 34 महिला 49 श्री नयना देवी जी निर्वाचन क्षेत्र में कुल 617 सेवा मतदाताओं में 604 पुरुष व 96 महिलाएं शामिल है। उल्लेखनीय है कि सेवा मतदाताओं से प्राप्त यह सभी डाक सेवा मतपत्र सीधे तौर पर रिटर्निंग अधिकारी उपायुक्त हमीरपुर को भेजे जाएंगे तथा उनकी गणना रिटर्निंग अधिकारी हमीरपुर द्वारा की जाएगी।

# होटल में बर्थ डे की पार्टी कर नहीं दी पेमेंट

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना टाहलीवाल के तहत रॉयल गार्डन में पंजाब के एक व्यक्ति ने बर्थ पार्टी कर पेमेंट अदा नहीं की। पुलिस ने होटल मैनेजर की शिकायत पर पंजाब के व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में रॉयल गार्डन टाहलीवाल के मैनेजर बलवंत सिंह ने बताया कि जुलाई 2023 को साहिल माथुर निवासी जेओवल, तहसील आनंदपुर साहिब जिला रूपनगर पंजाब ने होटल में बर्थडे पार्टी की। साथ ही कमरा भी बुक करवाया था। पार्टी करने के बाद पेमेंट को लेकर गुगल पे करने की बात कही, लेकिन पेमेंट नहीं की।

# सुन्हाणी में चार दिवसीय नलवाड़ मेला संपन्न



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** उपमंडल झंडूता के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुन्हाणी में आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय नलवाड़ मेले के समापन समारोह में एसडीएम झंडूता योग राज धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विधिवत रूप से मेले के समापन की घोषणा की। मेला कमेटी द्वारा समापन समारोह पर छोटी माली व बड़ी माली के दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में प्रदेश ही नहीं अपितु अन्य प्रदेशों पंजाब, जम्मू व हरियाणा से भी नामी पहलवानों ने भाग लिया। बड़ी माली की फाइनल कुश्ती रोपड़ के जस्सा व बठिंडा के पीटी के बीच में हुई। जिसमें बठिंडा के पीटी ने जीत दर्ज की। मेला कमेटी द्वारा बड़ी माली के विजेता को 15000 रुपये व गुर्ज प्रदान की गया और उपविजेता को 13000 रुपये की राशि प्रदान की गई। अंडर-21 की कुश्ती लखनपुर के अंकित व सुन्हानी के गौरव के बीच में हुईए जिसमें लखनपुर के अंकित ने जीत दर्ज की। मेला कमेटी द्वारा

# घर द्वार पर निशुल्क होगी ईकेवाईसी और सुरक्षा जांच : बलवीर

**राजन पुरी**

**ऊना:** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के निदेर्शानुसार सभी गैस उपभोक्ताओं को अपनी गैस की ईकेवाईसी और सुरक्षा जांच करवानी अनिवार्य है। इसके लिए कमल गैस एजेंसी ऊना द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी और सुरक्षा जांच अपने कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ता के घर जाकर निशुल्क की जाएगी, इसके लिए उपभोक्ता से कोई भी पैसा नहीं लिया जाएगा। यह जानकारी कमल गैस एजेंसी ऊना के मैनेजर बलवीर सिंह ने दी। उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि जैसे ही कमल गैस एजेंसी का

# 15 करोड़ वाले ब्यान पर सीएम सुक्खू को भेजेंगे कानूनी नोटिस: भुट्टो

## सीएम बताएं कैपिटल क्रशर की आड़ में कौन कर रहा अवैध खनन



**राजन पुरी**

**ऊना: कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक व भाजपा के प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो ने ऊना में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के 15 करोड़ वाले ब्यान को लेकर जल्द ही कानूनी नोटिस भेजने की बात कही। देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि मुख्यमंत्री जिस तरह के ब्यान दे रहे है, उससे ऐसा लग रहा है कि कुर्सी जाने के गम से वो अपना मानसिक संतुलन खो बैठे है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में जंगलराज स्थापित हो चूका है और विधायकों को तंग करने के लिए कहीं उन्हें डराया धमकाया जा रहा है तो कहीं उनके व्यापार बंद किये जा रहे है।

**साधा निशाना**

**8 मुख्यमंत्री जिस तरह के ब्यान दे रहे है, उससे ऐसा लग रहा है कि कुर्सी जाने के गम से वो अपना मानसिक संतुलन खो बैठे है**

भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि मुख्यमंत्री जब चाहे और जिससे चाहे पैसों के लेन देन की जांच करवा सकते है। उन्होंने कहा कि वो जल्द ही अपने वकील के माध्यम से सीएम सुक्खू को कानूनी नोटिस भेजने जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने खुद तो सीएम रहते हुए कुटलैहड़ का एक भी दौरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू उनके जिस क्रशर की बात कर रहे है वो तो कानून के दायरे में ही काम कर रहा था, लेकिन मुख्यमंत्री को भी जबाब देना चाहिए कि नादौन में जो कैपिटल क्रशर उनके भाई के नाम से चल रहा है वहां अवैध खनन का धंधा किस तरह धड़ल्ले से चल रहा है। देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि मुख्यमंत्री के भाई का नादौन क्षेत्र में लगे क्रशर की जांच करवाई जाए।

# मुख्यमंत्री पद के अनुरूप नहीं सुखविंदर सिंह सुक्खू की भाषा, लगता है भारी दवाब में हैं सूबे के मुखिया: सुरेंद्र शौरी



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: ऊना** की एक जनसभा में मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा दिए बयान पर बंजार से विधायक सुरेंद्र शौरी ने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया अपने दिल और दिमाग को थोड़ा बड़ा करे। आगामी चुनावों में लगातार पिछड? से लगता है कि मुख्यमंत्री भारी दवाब में हैं जिस कारण वे अपने दिमाग और जुबान में समन्वय खो चुके हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री पद की एक गरिमा होती है और इस पद पर बैठे व्यक्ति को हमेशा इसके अनुरूप ही व्यवहार करना चाहिए। मुख्यमंत्री लगातार बिना सोचे समझे जो मन में आ रहा है बयान दिए जा रहे हैं और भूल गए हैं की वे किस पद बैठे हैं। उनके बयानों में व्यावहारिकता की कमी है और जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यप्रणाली और व्यवहार के कारण ही चालीस विधायकों वाली कांग्रेस पार्टी आज चौंतीस पर पहुंच गई है और भारी किरकिरी पूरे देश में उनकी हुई है। इस प्रकरण से मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की क्षमता पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न प्रदेश की जनता द्वारा लगाया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार की लगातार गिर रही साख की खीझ मुख्यमंत्री के बयानों से झलक रही है। भुट्टो को कूटो जैसे बयान शांतिपूर्ण प्रदेश की परंपराओं के साथ मेल नहीं खाते और अराजकता को बढ़ावा देने वाले हैं। पूर्व विधायकों पर पैसे लेकर सरकार को अस्थिर करने की बात दूर्भाग्यपूर्ण है और सभी विधायक मुख्यमंत्री के खिलाफ अदालत जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपने अहंकार को छोड़ कर अपने बयानों पर सार्वजानिक तौर पर माफ ी मांगे अन्यथा इसके गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे।

# विवेक मिंका बने कुटलैहड विस क्षेत्र के चुनाव सह प्रभारी

**राजन पुरी**

**ऊना: कुटलैहड़** ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका को उपचुनाव के दौरान कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र का चुनाव सह प्रभारी बनाया गया है। विवेक मिंका ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश अध्यक्षा प्रतिभा सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करना प्रथम कर्तव्य रहेगा।

# राजनितिक रोटियां सेक रहें है, मुख्यमंत्री :आशीष शर्मा



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** विधायक आशीष शर्मा ने मुख्यमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री अपनी राजनितिक रोटियां सेंकने के लिए इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। वह बेवजह से पंद्रह करोड़ लेने वाले ब्यान दे रहे हैं। जबकि जो ब्यानबाजी कर रहे हैंए खरीद फरोख्त की राजनीति में वो खुद विश्वास करते हैं। हम नौ जब राज्यसभा का वोट डालकर गये तो हम नौ को विभिन्न लोभ व पैसे का लोभ दिया।लेकिन हम नौ बिकने वालों में से नहीं हैं। हमारे क्षेत्र की जनता जानती है कि हमारा चरित्र क्या है और किस भाव से जनसेवा कर रहे हैं। लोगों को बरगलाने के लिए इस तरह की बयानबाजी शोभा नहीं देती है। अपने क्षेत्र और प्रदेश के हित के लिए विधायकी से त्याग दिया है। मुख्यमंत्री ने चौदह माह तक चुने हुए विधायकों से भेदभाव किया और मित्रों को रेवडि?ँ बांटी। हम जनता के कामों को लेकर मुख्यमंत्री के पास जाते रहे लेकिन उन्होंने मिलने तक का समय नहीं दिया। सुबह से लेकर शाम तक इनके कार्यालय के बाहर इंतजार करते रहे लेकिन इन्होंने मिलने तक का समय नहीं दिया।

जब लोगों के कामों को मुख्यमंत्री दरकिनार करे और महज मित्रमंडली को ही खुश करे, ऐसे में वह सिर्फ सत्ता सुख के लिए ही कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को तो नैतिकता के आधार पर राज्यसभा चुनाव के बाद इस्तीफ ा देना चाहिए था। लेकिन इन्हें सत्ता का नशा है जिसे वह छोडना नहीं चाहते हैं ।

# धरोट स्कूल की छात्रा पायल जेएनवी कोठीपुरा के लिए सिलेक्ट

**योगदान**

**8 इस मुकाम पर पहुंचने के लिए अभिभावकों और अध्यापकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: श्री** नयना देवी जी की राजकीय माध्यमिक पाठशाला धरोट के स्कूल की छात्रा पायल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा में हुआ है। इस छात्रा का चयन होने पर परिवार अध्यापको और गांव में खुशी का माहौल है। यह बेटी एक गरीब परिवार से संबंध रखती है। इसके पिता गुरदेव सिंह पेशे से ड्राइवर है और माता सुखदेई गृहणी है। स्कूल के अध्यापकों का कहना है कि यह एक बहुत ही मेहनती छात्रा है। स्कूल में अन्य गतिविधियों में भी हमेशा ही अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए अभिभावकों और अध्यापकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जिससे इस छात्रा ने मेहनत की ओर सफलता प्राप्त की। पाठशाला के सभी अध्यापकों ने इस बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# एसजेवीएन ने 75 मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया

**चमन शर्मा**

**शिमलाः अपने कारपोरेट सामाजिक** उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत एसजेवीएन ने कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में रजत जयंती मेधावी छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिलेश्वर सिंह, निदेशक (वित्त),एसजेवीएन ने शैक्षणिक सत्र 2023 के दौरान 12वीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हिमाचल प्रदेश के 75 चयनित छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की। अखिलेश्वर सिंह ने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनकी उल्लेखनीय




शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने भावी पीढि?ों को सशक्त बनाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए विद्यार्थियों के सपनों एवं आकांक्षाओं को पोषित करने वाली शैक्षिक पहलों का समर्थन करने के लिए एसजेवीएन की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। कंपनी अपने पंजीकृत ट्रस्ट एसजेवीएन फ ाउंडेशन के माध्यम से राज्य के शहरीए ग्रामीण और यहां तक कि दूरवर्ती क्षेत्रों के आदिवासी विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इस वर्ष, हिमाचल प्रदेश राज्य शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड स्कूलों से 12वीं कक्षा के 75 मेधावी विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। इसके अतिरिक्तए उत्तराखंडए बिहार और अरुणाचल प्रदेश राज्यों से 26 विद्यार्थियों को मेधावी छात्रवृत्ति के लिए चयनित किया गया है। कुल 101 मेधावी विद्यार्थियों में से, उल्लेखनीय रूप से 65ः मेधावी विद्यार्थी छात्राएं हैं। वर्ष 2012 में आरंभ की गई एसजेवीएन रजत जंयती मेधावी छात्रवृत्ति योजना, चयनित विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम की पूर्ण अवधि के दौरान मासिक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। यह योजना परियोजना प्रभावित परिवारोंए क्षेत्रों तथा जिलों के विद्यार्थियों के लिए सीटें भी आरक्षित करती है, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित होती है। एसजेवीएन ने इस योजना के तहत 1994 मेधावी छात्रवृत्तियां प्रदान की हैं। 1286 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक अपना पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया है और अन्य आईआईटी, एनआईटी, मेडिकल कॉलेज, लॉ यूनिवर्सिटी और अन्य विश्वविद्यालयों जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में डिग्री हासिल कर रहे हैं।

# क्षेत्रीय अस्पताल में किया पौधरोपण, सीएमओ डा. वर्मा रहे मौजूद

**पौधारोपण**

**8 मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव वर्मा ने बताया कि यह पौधारोपण बहुत जरूरी है।**

**राजन पुरी**

**ऊनाः क्षेत्रीय** अस्पताल ऊना में जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजीव वर्मा की अध्यक्षता में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय मनकोटिया भी मौजूद रहे। पौधारोपण कार्यक्रम में बाल व कन्या स्कूल ऊना के अध्यापक वर्ग व बच्चों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने 75 पौधे लगाए। यह पौधारोपण जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय



कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल के सौंदर्य व पर्यावरण सरंक्षण के लिए किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव वर्मा ने बताया कि यह पौधारोपण बहुत जरूरी है।

उन्होंने इस मौके पर सभी स्वास्थ्य खंडों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि पौधारोपण सभी स्वास्थ्य संस्थानों में होना चाहिए, ताकि अस्पताल में मरीजों को सही उपचार के साथ स्वस्थ पर्यावरण भी मिल सके।

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुखदीप सिंह सिधु सहित अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## ख्वाजा खिजर मंदिर में लगा भंडारा

**राजन पुरी**

**ऊनाः** नगर परिषद संतोषगढ़ के वार्ड नंबर चार स्थित ख्वाजा खिजर मंदिर में शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। ख्वाजा खिजर मंदिर में मुख्य सेवादार कृष्ण सांई ने बताया कि 5 अप्रैल को ख्वाजा के दरबार में ख्वाजा साहब के ताज की स्थापना की थी, जिस दिन याद रखते हुए शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकडो लोगों ने ख्वाजा खिजर मंदिर में माथा टेका ओर भंडारे का प्रशाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधान राजिंदर, उपप्रधान जुगल किशोर, शिव कुमार, पंकज बिल्ला, महादेव, अभिषेक, शाम, हैप्पी, कार्तिक, तिलक राज, दिनेश, गौरी, रोहित, हुक्म सिंह, राज कुमार, सागर व रमन सैनी अन्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस के लोकसभा चुनाव के लिए जारी घोषणापत्र पर बोले नेता

### हिमाचल के विधान सभा के घोषणा पत्र की तरह झूठ का पुलिंदा है कांग्रेस की घोषणाः जयराम ठाकुर, अपने घोषणा पत्र में अमेरिका की नदियों के फोटोज लगा कांग्रेस ने जाहिर कर दिया कि वह कितनी गंभीर है

**चमन शर्मा**

**शिमलाः नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा जारी किया गया घोषणा पत्र सिर्फ झूठ का एक पुलिंदा है। हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के समय भी कांग्रेस पार्टी द्वारा 10 गारंटियां देने के साथ साथ एक घोषणा पत्र भी जारी किया गया था। इस घोषणापत्र में कांग्रेस द्वारा बड़ी बड़ी बातें की गईथी। लेकिन चुनाव जीतने के बाद जब हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री विधानसभा के अंदर ही अपने पार्टी के द्वारा दी गई गारंटियों से साफ मुकर गए। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस के नेताओं ने एक बार भी घोषणा पत्र को पलट कर नहीं देखा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने पार्टी के विधायक रहे नेताओं के साथ छोड़ जाने से पूरी तरह से हताश हो गए हैं और वह हताशा में इधर उधर की बातेंकर रहे हैं। उन्हें कुछ भी कहने से पहले ध्यान रखना चाहिए कि वह अभी भी हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। किसी भी सम्माननीय व्यक्ति के ऊपर टिप्पणी करने और अनर्गल आरोप नहीं

**तंज कसा**

**8 सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि सभी भर्तियों को कैंसिल कर दिया जाए**

लगाने चाहिए क्योंकि ऐसे आरोप ज्यादा देर तक टिक नहीं सकते ऐसे में उनकी स्वयं की प्रतिष्ठा ही धूमिल होती है। उनके द्वारा किये गये अपमान के कारण ही इक चुने हुए जन प्रतिनिधियों को अपनी पार्टी छोड? के लिए विवश होना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस ही गंभीर नहीं है। किसी पार्टी द्वारा घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करने का ब्लू प्रिंट भी होता है। लेकिन कांग्रेस के घोषणा पत्र में न्यूयॉर्क की नदी की तस्वीरें लगाई हैं। हिमाचल प्रदेश के घोषणापत्र की तरह लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया कांग्रेस के घोषणापत्र में हर वर्ग को ठगने की कोशिश की गई है। इस बार भी देश के लोग कांग्रेस के इस झांसे में नहीं आएंगे। हाल ही में हुए विधान सभा चुनावों की तरह देशवासी कांग्रेस को पूरी तरह नकार देंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने नौकरियां देने का वादा किया था लेकिन यह सरकार भर्तियां रोक कर बैठी हुई है।

नौकरियां देने वाले कर्मचारी चयन आयोग को बंद कर दिया है। सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि सभी भर्तियों को कैंसिल कर दिया जाए। कांग्रेस सरकार की यह असलियत हैं। एक लाख नौकरी का वादा करके एक भी नौकरी न देना यह बताता है कि सरकार न प्रदेश के विकास लिए गंभीर हैं न युवाओं के भविष्य के लिए।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्नल तरसेम जसवाल ने जरूरतमंद महिला को दी आर्थिक सहायता

**राजन पुरी**



**ऊनाः** हरोली क्षेत्र के गांव सलोह के सेवानिवृत कर्नल तरसेम जसवाल ने बढ़ेड़ा की विधवा निर्मला देवी को 15 हजार की आर्थिक सहायता दी है। इस मौके पर बढ़ेडा कृषि सोसाइटी के सदस्य देसराज राणा व नरेंद्र राणा समेत अन्य उपस्थित रहे। समाजसेवी कर्नल जसवाल ने कहा कि वे हर माह अपनी पेंशन से पीड़ित वर्ग को आर्थिक सहायता प्रदान करते है, ताकि ऐसे वर्ग को राहत मिल सके है। उन्होंने कहा कि भलाई करने का प्रकल्प जीवन भर रहेगा व जरूरतमंद पीड़ित वर्ग की मदद का क्रम भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित वर्ग के कल्याण के लिए हम सबको निजी तौर से प्रयास करने होंगे, तभी पीड़ित वर्ग के दुख दर्द में हम अपना अमूल्य सहयोग दे सकते है।

### बंगाणा कॉलेज में मेरा वोट मेरी ताकत थीम पर कार्यकम आयोजित

**राजन पुरी**

**ऊनाः** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मेरा वोट मेरी ताकत थीम के तहत एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल के निदेर्शानुसार बंगाणा कॉलेज में सेल्फी विथ वोट कार्यकम करवाया गया। इस एक्टिविटी में महाविद्यालय के छात्र-छात्रों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया और लोगों को आगामी चुनाव में अपने कीमती मत का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर सिकंदर नेगी ने बताया कि आगामी होने वाले चुनाव में अधिकतर लोग अपना मत का पहली बार प्रयोग करेंगे। इसके लिए हर स्तर पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान आम जनमानस को अपने मत का आगामी होने वाले चुनाव में प्रयोग करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों ने अपने हस्ताक्षर अभियान में बढकर भाग लिया।

### कुरियाला की महिला ने निगला जहर, पीजीआई रेफर

**राजन पुरी**

**ऊनाः** सदर थाना के तहत कुरियाला में 32 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत बिगड? पर महिला को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने मामले के संदर्भ में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को मनिंद्र कौर निवासी कुरियाला ने अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। बिगड़ती तबीयत देख परिजना महिला को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले गए, जहां पर गंभीर हालत में चलते पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

### बसदेहडा में कीर्तन दरबार 6 अप्रैल को

**राजन पुरी**

**ऊनाः** श्री गुरु अर्जन देव जी सेवा सोसायटी बसदेहडा की तरफ से 6 अप्रैल को महान गुरमत समागम का आयोजन किया जाएगा। सोसायटी के प्रधान दलबीर सिंह ने बताया हर वर्ष श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया व गुरु नानक देव के वंशज बाबा सरबजोत सिंह बेदी के मार्ग दर्शन में महान गुरमत समागम आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया की इस वर्ष यह समागम 6 अप्रैल को शाम गुरुद्वारा गुरु गोबिंद सिंह व बाबा साहिब सिंह के साथ खुले पंडाल में किया जाएगा। उन्होंने बताया की गुरमत समागम में बाबा सरबजोत सिंह बेदी के अलावा विभिन्न संत महापुरुष संत बाबा सुच्चा सिंह, बाबा बाल, बाबा जीत सिंह, बाबा हरकृष्ण सिंह, कमलदीप सिंह, प्रीतम सिंह, निंदर सिंह, सुरिंदर सिंह, शुभदीप सिंह, स्वरूप सिंह, बाबा प्रीतपाल सिंह, अमनदीप सिंह, प्रेम सिंह, गुरचरण सिंह, राम सिंह तथा अन्य जत्थे दर्शन देंगे व कथा कीर्तन द्वारा निहाल करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर गुरु के लंगर का आयोजन भी होगा।

## 8 को अंब में बंद रहेगी बिजली

**राजन पुरी**

**ऊनाः** 132 केवी उपकेंद्र अंब में 33/11 केवी, 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर के एनआईएफपीईएस के निर्माण के कारण 11केवी आऊटगोइंग फीडरों में सिद्धपुर, दशहरा, कोहरचन, पंजोआ की विद्युत आपूर्ति 8 अप्रैल को बंद रहेगी। यह जानकारी विद्युत विभाग के सहायक अभियंता ई. अरूण कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होंने सभी से सहयोग की **अपील की है।**

## मतदान के लिए साथ लाएं फोटोयुक्त पहचान पत्र

**राजन पुरी**

**ऊनाः** लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनावों को लेकर पहली जून को वोट डालने के लिए मतदाताओं को फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना होगा। वोटर कार्ड के अलावा चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 12 अन्य दस्तावेजों में से किसी एक को पहचान पत्र के रूप में मतदान के समय प्रस्तुत किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने कहा कि ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें मतदान के लिए अपनी पहचान स्थापित करने को 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे लोकतंत्र के इस महाकुंभ में अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।

## विराट धार्मिक सम्मेलन को लेकर बैठक 7 को

**राजन पुरी**

**ऊनाः** उपमंडल अंब में विराट धार्मिक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बाबा रुद्रानंद सेवक मंडल की बैठक 7 अप्रैल को देवी मंदिर अंब में आयोजित की जाएगी। बाबा रुद्रानंद सेवामंडल अंब के प्रवक्ता ऐडवोकेट अश्विनी अरोड़ा ने बताया कि सेवक मंडल के अनुरोध पर श्री श्री 1008 सुद्रीवानंद जी महाराज के आशीर्वाद से विराट धार्मिक सम्मेलन 18 मई को अंब में आयोजित किया जाएगा। धार्मिक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सेवक मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक 7 अप्रैल को **देवी मंदिर अंब में सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी।**

## शिक्षा विभाग बिजली बिल के लिए जारी करें बजट

**राजन पुरी**

**ऊनाः** प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षा खंड गगरेट-2 की अध्यक्ष सुनीता शर्मा ने शिक्षा विभाग से प्राथमिक स्कूलों के बिजली बिलों की अदायगी के लिए बजट जारी करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि खंड के प्राथमिक स्कूलों में बजट न होने से बिजली बिलों की अदायगी अक्तूबर 2023 से नहीं हो पाई है, जिसके कारण कई माह से प्राथमिक स्कूलों में बिजली बिलों की अदायगी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि बिजली बिलों का भुगतान ऑनलाइन किया जाता है, लेकिन अब बजट का प्राबधान होने से बिलों की अदायगी नहीं हो पा रही है। उन्होंने सरकार से इस समस्या का समाधान किए जाने की मांग उठाई है।

## नाहन और श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधियां आयोजित

**नाहन**

**लोकसभा** चुनाव के अन्तर्गत शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए एक जून 2024 को होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा के मार्गदर्शन में जिला की विभिन्न पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किये जा रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान नुक्कड़ नाटकों, मतदान गीत, मतदान शपथ, सिग्नेचर कैंपन आदि विभिन्न माध्यमों से आमजन को मतदान के महत्व के बारे में समझाया जा रहा है। निर्वाचन विभाग के सौजन्य से तैयार गीत सिरमौर ने यह ठाना है एक जून को मतदान करने जरूर जाना है स्वीप अभियान में काफी लोकप्रिय सिद्ध रहा है।

# कड़े पहरे में ईवीएम, डीसी ने जांचे स्ट्रॉग रूम के सुरक्षा इंतजाम

**राजन पुरी**

**ऊनाः लोकसभा** चुनावों और 2 विधानसभा उप चुनावों के लिए ऊना जिले में प्रयोग में आने वाली ईवीएम तथा वीवीएपीएट को स्ट्रॉग रूम स्थापित करके कड़े पहरे में रखा गया है। ऊना में ट्रक यूनियन के समीप उप मुहाल बाग तथा हरोली में कौशल विकास केंद्र पलकवाह में बनाए गए स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने यह शब्द कहे। उन्होंने शुक्रवार को उप मुहाल बाग तथा पलकवाह में स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। जतिन लाल ने



बताया कि जिला प्रशासन पूरी गंभीरता से चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन कर रहा है और प्रशासन द्वारा प्रत्येक स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। स्ट्रॉग रूम की पहरेदारी को अभेद्य सुरक्षा घेरा बनाया गया है। सशस्त्र बल की पूरी टुकड़ी 24 घंटे ईवीएम की कड़ी पहरेदारी पर तैनात है। सुरक्षा कर्मचारी पूरी सजगता से इनकी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा में लगे जवानों से भी बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया तथा ड्यूटी में किसी भी तरह की कोताही न बरतने की हिदायत दी।

# भाजपा में अंतर्कलह, चुनावी नतीजों के बाद और मजबूत होगी कांग्रेस सरकारः रजनीश किमटा

**शिमला**

**प्रदेश** कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने दावा किया है कि प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों के साथ साथ छह विधानसभा उप चुनावों में कांग्रेस अपनी जीत का परचम लहरायेगी। उन्होंने कहा कि चार जून को चुनाव परिणामों के बाद प्रदेश की कांग्रेस सरकार और भी मजबूत होगी। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए रजनीश किमटा ने कहा कि आज भाजपा के भीतर अंतर्कलह के साथ-साथ विद्रोह की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा

**साधा निशाना**

**8 वह कोई चुनाव नही लड़ना चाहती से साफ है कि हिमाचल प्रदेश के प्रति उनकी मानसिकता में विकार रहा है**

कि प्रदेश में उप चुनाव कांग्रेस का भाजपा के साथ नहीं है,बल्कि यह चुनाव तो बागी कांग्रेस विधायकों के साथ हो रहा है,जिसमें उन्हें करारी हार का मुंह देखना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की है और उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में लोकतंत्र की मयार्दा को तार तार कर प्रदेश के जनमत का अपमान किया है और प्रदेश पर छह उप चुनाव लोगों पर थोपे है। किमटा ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी सभी चुनावी तैयारियां पूरी कर दी है। पार्टी के सभी नेता,पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी तरह चुनाव मैदान में डट गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पार्टी प्रत्याशियों की मंथन के साथ साथ नामों पर सहमति बन चुकी है और जल्द ही पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। रजनीश किमटा ने मण्डी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना के चुनाव मैदान में उतारने को लेकर भाजपा से जानना चाहा कि क्या कंगना का नाम प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी द्वारा भेजा गया था। उन्होंने कहा कि कंगना ने कभी भी हिमाचल को अपना घर नही माना। उन्होंने उनके 2021 ग्वालियर के एक ट्वीट का हवाला दिया जिसमें उन्हें हिमाचल से चुनाव लड़ने की बात कही गई थी, उन्होंने साफ किया था कि हिमाचल जैसे छोटे राज्य से वह कोई चुनाव नही लड़ना चाहती से साफ है कि हिमाचल प्रदेश के प्रति उनकी मानसिकता में विकार रहा है।

# 126 किमी लंबी इंटर स्टेट बाउंड्री पर पैदल पेट्रोलिंग करेंगे जवान

**नाहन 05 अप्रैल (एसपी जैरथ):- शांतिपूर्ण चुनाव** संपन्न करवाने के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस तन्मयता से कार्य कर रही है। प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश के इंटर स्टेट नाकों पर नियमित रूप से पेट्रोलिंग की जा रही है , ताकि किसी भी प्रकार की शांति भंग न हो। यह बात जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित पत्रकार वार्ता में हिमाचल प्रदेश पुलिस के महानिदेशक संजय कुंडू ने कही। संजय कुंडू ने कहा कि प्रदेश पुलिस द्वारा इंटर स्टेट नाकों पर नियमित रूप से पेट्रोलिंग की जा रही है। साथ ही पड़ोसी राज्यों के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी नियमित रूप से बैठकें की जा रही है। जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित पत्रकार वार्ता में डीजीपी संजय कुंडू ने कहा कि जिला सिरमौर की 126



किलोमीटर लंबी बाउंड्री पड़ोसी राज्यों से सटी है , जिसके चलते पुलिस मुस्तैदी से लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर में 19 इंटर स्टेट नाके हैं , जहां पर पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात किया गया है। कुंडू ने कहा कि जिला सिरमौर के पांच नाके उत्तराखंड से जबकि 14 नाके हरियाणा से सटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सभी पांच नाकों पर प्रदेश पुलिस , होमगार्ड और केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात किया गया है , जबकि हरियाणा के 14 अन्तर स्टेट नाकों में से सात पर अभी स्टाफ लगाया गया है। शीघ्र ही अन्य सात नाकों पर भी स्टाफ लगा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 226 किलोमीटर लंबा एरिया अन्य राज्यों से सटा हुआ है। संजय कुंडू ने बताया कि यदि जिला सिरमौर की बात करते हैं तो जिला सिरमौर में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर में लाइसेंस धारक हथियारों

**बैठक**

**8 हिमाचल के साथ लगते हरियाणा उत्तराखंड राज्य में लोकसभा चुनाव प्रथम चरण में अप्रैल में होने हैं**

को 19 अप्रैल से पहले पुलिस के पास जमा करवाने की निर्देश दिए गए हैं। अभी तक 46 प्रतिशत हथियार जमा हो चुके हैं और शीघ्र ही अन्य हथियार भी जमा हो जाएंगे। संजय कुंडू ने कहा कि चुनाव की घोषणा होने के बाद जिला सिरमौर में सात मामले एनडीपीएस के , जबकि 17 मामले एक्साइज एक्ट के सामने आए हैं। संजय कुंडू ने कहा कि जिला सिरमौर में सभी शराब फैक्ट्री पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शराब फैक्ट्री पर होमगार्ड के जवानों की तैनाती भी की गई है। उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर में कुल 589 पोलिंग बूथ है जिनमें से 68 पोलिंग बूथ संवेदनशील माने जा रहे हैं। संवेदनशील पोलिंग बूथ पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर में 1000 से अधिक जवान चुनाव ड्यूटी में लगाए जाएंगे , ताकि शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हो सके। इससे पूर्व डीजीपी पुलिस संजय कुंडू ने आज इंटर स्टेट नाको का सुरक्षा की दृष्टि से जायजा लिया है। हिमाचल के साथ लगते हरियाणा उत्तराखंड राज्य में लोकसभा चुनाव प्रथम चरण में अप्रैल में होने हैं जिसको लेकर जिला सिरमौर के हरियाणा उत्तराखण्ड के साथ लगते इंटरेस्ट 19 नाकों पर सुरक्षा बढ़ाने और पैदल पेट्रोलिंग करने निर्देश दिए गए है ।

# आर्य अस्पताल में मनाया बाबू जगजीवन राम का जन्मदिन

**राजन पुरी**

**ऊनाः** आर्य एस्टेट हॉस्पिटल मैहतपुर में शुक्रवार को बाबू जगजीवन राम का 117वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया। डॉक्टर केआर आर्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्टॉफ सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। डॉ. केआर आर्य ने बताया कि बाबू जगजीवन राम दलितों के शुभचिंतक थे, वह हमेशा ही दलितों के अधिकारों की बात करते थे।

उन्होंने बताया कि बाबू जगजीवन राम का 117वां जन्मदिन समता दिवस के रूप में



जगह जगह मनाया जाता है। बाबू जगजीवन राम भारत के उपप्रधानमंत्री व स्वतंत्रता सेनानी और भारत के रक्षा मंत्री भी थे। इस अवसर पर कामरेड जगतराम, विजय कौशल, प्रताप सैनी, डॉ शकुंतला आर्य, मोहित शर्मा, रमन कुमार, एसडी शर्मा और आर्य एस्टेट हॉस्पिटल का स्टाफ मौजूद था।

## न्यूज फ्लैश

### सम्मान करना रणदीप सिंह सुरजेवाला की पहचान: मधुसूदन बवेजा



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : किसान कांग्रेस** के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला एक सुलझा हुआ नेता तो है ही सुलझा हुआ व्यक्ति भी है। इसके साथ-साथ एक मृदुशाली संस्कारी नेता है। बवेजा ने कहा कि जो व्यक्ति इतनी बड़ी पार्टी की जीमेवारी निभाता हो वो कभी भी मयार्दा की सीमा पार नहीं कर सकता। बवेजा ने कि रणदीप के बयान के साथ छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर दिखाया जा रहा है। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि हेमामालिनी तो हरियाणा की बहू है। बवेजा ने कहा कि भाजपा उल्टे-पुलटे लांछन लगा कर उनकी गरिमा को चोट पहुंचाना चाहती है। भाजपा के बड़े-बड़े नेता भी सुरजेवाला का लोहा मानते है। रणदीप सुरजेवाला की छवि को नुकसान पहुंचाने की नियत से घिनौने हथकंडे अपना रहे है। ये सब भाजपा की हार की बौखलाहट है। रणदीप सिंह सुरजेवाला आने वाला हरियाणा का मुख्यमंत्री है और सम्मान करना रणदीप सिंह सुरजेवाला की पहचान है। मधुसूदन बवेजा ने कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी न्याय पत्र पर कहा कि 'न्याय पत्र' भारत के शक्तिशाली भविष्य के निर्माण का एक स्पष्ट रोडमैप है। गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचितों के लिए संवेदनशील और प्रगतिशील गारंटियों और योजनाओं का एक संग्रह है।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी व मनोहर लाल रिकॉर्ड मतों से करेंगे जीत हासिल: योगेंद्र राणा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। केंद्र व प्रदेश सरकार** की जन कल्याण की योजनाओं की बदौलत हरियाणा में भाजपा को दस की दस सीटों पर जीत हासिल होगी और करनाल विधानसभा उप चुनाव में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एंव करनाल लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि केंद्र मे नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा में पूर्व की मनोहर सरकार ने प्रदेश के विकास को नई उंचाई दी है। मोदी-मनोहर की डबल इंजन सरकार की पारदर्शी नीतियों को लेकर लोगों में उत्साह है और आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी पहले से अधिक सीटें केंद्र और राज्य में जीतकर भाजपा की सरकारें बनेंगी। उन्होंने कहा कि मोदी मनोहर सरकार की नीतियों से समाज के हर वर्ग को बराबर लाभ मिला है। पहले की सरकारों ने भाई-भतीजावाद और क्षेत्रवाद के लिए काम किया, जो जनता को लूटती भी थी और कूटती भी थी। मगर मनोहर सरकार ने प्रदेशवासियों को अपने परिवार का हिस्सा मानकर काम किया है। योगेंद्र राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अपने शासनकाल मे प्रदेश के पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति, गरीब, मजदूर, किसान, छोटा व्यापारी आदि। जिनकी सालाना आय बहुत कम है, उनके कल्याण के लिए विशेष योजनाएं चलाई हैं। जबकि दूसरी ओर कांग्रेस ने हमेशा गरीबी हटाओ का नारा दिया। कभी चार सूत्रीय तो कभी 20 सूत्रीय कार्यक्रम चलाए। असल में वे लोग गरीबों के साथ 420 का खेल खेलते रहे।

**नौकरियों में पारदर्शिता की ओर बढ़े कदम**

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा को केंद्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें होने का पूरा फायदा मिला है। विकास के डबल इंजन वाली मनोहर सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता और मेरिट पर युवाओं का चयन रहा है। पुरानी सरकारों के दौर मे ऐसा समय भी था, जब नौकरी माफिया को लाखों रुपये की भेंट चढ़ाए बगैर किसी युवा को सरकारी नौकरी मिलना नामुमकिन था।

# मोदी सरकार ने किसान हित में अभूतपूर्व कार्य किए: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ : सिरसा** संसदीय क्षेत्र के रतिया में शुक्रवार को विजय संकल्प रैली से बीजेपी ने अपने चुनाव प्रचार का शंखनाद कर दिया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विजय संकल्प रैली में पार्टी प्रत्याशी डा. अशोक तंवर को अपना आशीर्वाद देकर लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे में आहूति डालने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का कायाकल्प किया है और वे देश को दुनिया में नंबर वन देश बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। उनकी सोच है कि हर घर के ऊपर छत हो और हर पेट को रोटी हो, इसके लिए लगातार हमारी सरकार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री आज रतिया में सिरसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



अनाजमंडी में उमड़े जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर को ऊजावान व कर्मठ नेता की संज्ञा देते हुए नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का एक-एक करके ब्यौरा दिया। विजय संकल्प रैली में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, सिरसा की सांसद रही सुनीता दुग्गल, हरियाणा सरकार में मंत्री डा. कमल गुप्ता, रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा, फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम, भाजपा के जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल के चेयरमैन आदित्य देवीलाल, लोकसभा प्रभारी वेद फूलां, चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा व सुरेंद्र आर्य आदि नेताओं ने भी अपना संबोधन रखा। सीएम नायब सैनी ने कहा कि हम देखते थे हमारी माताएं बहनें सिर पर मटका लेकर पानी के लिए दूर-दूर जाती थीं, लेकिन बीजेपी की सरकार आने पर उनके लिए घर तक शुद्ध पानी की व्यवस्था की गई। प्रधानमंत्री ने महिलाओं की पीड़ा को समझते हुए अलग से मंत्रालय की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि गरीब व्यक्ति के इलाज के लिए प्रधानमंत्री ने ऐसी व्यवस्था की कि आज इलाज के अभाव में किसी व्यक्ति की जान नहीं जाती। आयुष्मान कार्ड और चिरायु कार्ड जैसी योजनाएं प्रदेश की जनता को दी गई। कांग्रेस के लोग चुनाव के समय गरीबी हटाने की बात करते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तव में देश से गरीबी हटाने का काम किया है। प्रधानमंत्री की पहल के कारण ही देश के 50 करोड़ लोगों ने बैंकों में खाता खुलवाया जिनका कभी बैंक में खाता नहीं था। जन-जन खाता योजना के साथ लोगों को जोड़ा। श्री सैनी ने कहा कि गैस सिलेंडर के लिए लोगों की लाइनें लगती थीं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर गैस का कनेक्शन पहुंचाया और यह भी व्यवस्था की कि हमारी माता-बहन की आंखें धुएं से खराब न हो, इसके लिए उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए दी। देश के साढ़े 12 करोड़ किसानों के खाते में हर साल पैसा देने की व्यवस्था अगर किसी ने की है, तो वह नरेंद्र मोदी की सरकार ने की है। नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के हितों के लिए काम करने वाली सरकार है। सीएम सैनी ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि वे कांग्रेस के 55 साल का शासन और मोदी सरकार के 10 सालों के शासन का मूल्यांकन करेंगे तो पाएंगे कि मोदी के 10 साल 55 साल पर भारी है। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों के हितों की कभी चिंता नहीं की। कांग्रेस का काम सिर्फ भ्रामक स्थिति पैदा करना रह गया है। यूपीए की सरकार में डीएपी और यूरिया को लेकर मारा मारी रहती थी। महंगे दामों पर भी किसानों को यूरिया नहीं मिलती थी।

सीएम ने का कि मोदी की सोच है कि किसानों की आय बढ़े और लागत कम आए , इसलिए इन दस सालों में मोदी सरकार ने खाद के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस दुष्प्रचार करके किसानों में भ्रम फैलाना चाहती है। कांग्रेस किसानों को एमएसपी बंद करने का भय दिखाकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 सालों में किसानों को समृद्ध और मजबूत करने का काम किया है। भावांतर भरपाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों का सम्मान किया है।

## विद्यालय समालखा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**गीता वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय समालखा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम और आयोजन उपप्राचार्य रमेश वत्स ने किया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से विशेष नामांकन अभियान की शुरूआत करते हुए कक्षा प्री नर्सरी से ग्यारहवीं तक की कक्षाओं में आए छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर में प्राध्यापिका मनिषा ने तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर प्रबंधक राधेश्याम जागड़ा ने कहा कि बिना बुनियाद के इमारत नहीं बन सकती, बिना बीज के वृक्ष की कल्पना नहीं की जा सकती। हमें यदि अपने पुरुषार्थ की इमारत खड़ी करनी है, अपनी सफलता का वृक्षारोपण करना है। तो बुनियाद ढूंढनी होगी, बीज ढूंढना होगा। यह विद्यालय बच्चों की बुनियाद व संस्कार सहित शिक्षा देने के लिए हर समय कार्य करता रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापक रवीन्द्र रंगा ने बच्चों को बताया कि विद्यार्थियों को अपना नियमित अध्ययन करने के बाद जो समय बचा सके वह समय अपने देश व धर्म के इतिहास को जानने मे लगाना चाहिए।

## बर्बाद हुई फसलों का किया निरीक्षण

**खरखौदा : शुक्रवार को** रोहतक कमिश्नर संजीव वर्मा खरखौदा में ओलावृष्टि के कारण बर्बाद हुई उन फसलों का मौका निरीक्षण करने पहुँचे जहाँ फसलों में नुकसान 75 से 100 फीसदी दशार्या गया था। इन क्षेत्रों की गिरदावरी की जा चुकी थी इसी गिरदावरी के बाद रोहतक कमिश्नर जाँच करने पहुँचे थे। इस मौके पर उन्होंने खरखौदा के गाँव सिसाना, आनंदपुर व झरोठ व झरोठी गाँव के खेतों का मुआयना किया। खरखौदा में करीब 35 हजार एकड़ जमीन फसलों में ओलावृष्टि से नुकसान हुआ था। यह निरीक्षण इसलिए किया गया है कि गिरदावरी में जो नुकसान दशार्या गया है । उसकी मौके पर पहुँचकर जांच की जा सके। इस मौके पर खरखौदा एसडीएम श्वेता सुहाग, खरखौदा तहसीलदार मनोज कुमार, नायब तहसीलदार मुकुल, गिरदावर, पटवारी सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी जीवन में राजयोग की प्रैक्टिस करने से हमारा मन शक्तिशाली बनेगा : प्रो ई.वी.गिरिश

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : गवर्नमेंट गर्ल्स** कॉलेज पलवल में ब्रह्माकुमारीज सेक्टर-8 केन्द्र द्वारा मास्टर माइंड विषय पर कार्यक्रम किया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय से जुड़े अंतरराष्ट्रीय वक्ता प्रोफेसर ई.वी. गिरीश मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कॉलेज की छात्राओं को अपने मन की मालिक कैसे बने, विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अक्सर हम कहते हैं कि मेरा मन मेरी बात नहीं मानता और कोई भी स्थिति आने पर हम अपने मन को नकारात्मक विचार देते हैं। जब मन को नकारात्मक विचार देते हैं, तो मन के अंदर डर, चिंता जैसी भावना पैदा होती है। यह हमारी मन की शक्ति को कमजोर कर देती है।



हमारे मन के अंदर अथाह शक्ति होने के कारण हम जो जीवन में पाना चाहते हैं, वह प्राप्त नहीं कर पाते। उन्होंने बताया यदि हम अपने इस विद्यार्थी जीवन में राजयोग मेडिटेशन की प्रेक्टिस करें, तो हमारा मन शक्तिशाली बन सकता है। आप अपने मन को जो भी सकारात्मक विचार देंगे, आपका मन उसी दिशा में काम करेगा। इस दौरान ब्रह्माकुमारी मधु बहन ने सभी विद्यार्थियों को राजयोग का अभ्यास कराया और सभी ने गहन शांति की अनुभूति की। इस कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्य गगनदीप कौर ने ब्रह्माकुमारीज का इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद किया।

## 'अपने अनुभव एवं भावनाओं को एक साथ व्यक्त करने का मिला अवसर'

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के कन्या** महाविद्यालय शुक्रवार को वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्य वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में एक कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन डॉ नमिता और डॉ अनीता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की संवाद व संचार कला में सुधार करना और उनकी इस कला को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में सबसे पहले प्राचार्य ने कॉमर्स विभाग की इस प्रयास के लिए सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम कॉमर्स विभाग के लिए एकदम नया और विषय से हटकर है इससे छात्राओं को अपने जीवन अनुभव भावनाओं के साथ व्यक्त करने का एक अच्छा अवसर मिला है



उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ ऐसी घटनाएं घटित होती है जिससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस कार्यक्रम में कुल 15 छात्राओं ने हिस्सा लिया तथा अपने अनुभव बताए। विभाग की इन छात्राओं ने अपने माता-पिता दादा दादी आदि पारिवारिक सदस्यों के जीवन के उन पहलुओं पर बात की जिससे वह बहुत प्रेरित हुई और

**अवसर**

**8 विषय से हटकर है इससे छात्राओं को अपने जीवन अनुभव भावनाओं के साथ व्यक्त करने का एक अच्छा अवसर मिला**

जीवन में आगे बढ़ाने तथा किसी भी परिस्थिति में विवेकपूर्ण निर्णय करने संयम और धैर्य के साथ-साथ दूसरों के प्रति प्रेम पूर्वक एवं समर्पण भाव रखने की शिक्षा उन्हें मिली हो कई छात्राएं तो अपनी माँ के जीवन संघर्ष से इतने प्रभावित हुई कि वह उनके विषय में बोलते बोलते बहुत भावुक हो गई 'किसी ने अपने पिता के अनुशासनात्मक और परिवार के प्रति जिम्मेदारी को भी बड़ी सुंदरता से व्यक्त किया कार्यक्रम में सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम में काजल अपराजिता प्राची बुलबुल रीना अंजलि प्रीति बबली निर्मला आदि छात्राओं ने हिस्सा लिया तथा प्रथम स्थान बुलबुल द्वितीय स्थान किरण और रितिक तथा तृतीय स्थान निर्मल और अंजू ने प्राप्त किया निर्णायक मंडल की भूमिका में अंग्रेजी विभाग से डॉ सीमांत और डॉ सारिका रही। इस कार्यक्रम में कॉमर्स विभाग से डॉ प्रमिला, पूनम, सविता आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## निर्मोही अखाड़े की तरफ से किया गया मंदिर का जिर्णोद्धार



**खरखौदा: गाँव खांडा** में निमोर्ही अखाड़े की तरफ से मंदिर का जिर्णोद्धार किया गया है। जिसमें रामलला की मूर्ति की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा के बाद करवाई जाएगी। जिसकी जानकारी निर्मोही अखाड़े के सदस्य व भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी डा. राज सिंह ने दी। उनका कहना है कि अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदीय निमोर्ही अखाड़े की ओर से खांडा गाँव में उनकी जो साढ़े छह एकड़ जमीन है। जिसमें एक भव्य मंदिर का जिर्णोद्धार किया गया है। आगामी नवरात्रों में भव्य कार्यक्रम के साथ यहां पर रामलला की मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान 12 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जिसके बाद देश के विभिन्न राज्यों से संत-महात्मा खांडा में आकर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का हिस्सा बनेंगे और मंत्रोउच्चारण करेंगे। उन्होंने बताया कि खांडा में बंदा बाहदूर जी की और से यौद्धाओं के लिए सेंटर बनाया गया था। जहाँ पर पहले से मंदिर था। लेकिन अब इसका निमोर्ही अखाड़े द्वारा जिणोद्धार किया गया है। मंदिर को अब एक भव्य रूप देने के साथ ही आकर्षण का केंद्र भी बना दिया गया है। ऐसे में अब नवरात्रों के दौरान यहाँ पर रामलला की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। जिसके तहत ही 12 अप्रैल से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 अप्रैल के बाद से इस मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।

## प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित व दुरूस्तीकरण शिविर रहा कामयाब : अशोक कुमार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम की** ओर से शुक्रवार को शहर के सैक्टर-7 स्थित सामुदायिक केन्द्र में नागरिकों की सुविधा के लिए लगाया गया प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित शिविर सफल रहा। शिविर में कुल 50 लोग आए।

सभी व्यक्तियों की प्रॉपर्टी आई.डी. में आ रही त्रुटियों को मौके पर ही दुरूस्त किया गया तथा साथ ही आई.डी. को स्व-प्रमाणित भी किया गया। उप निगमायुक्त अशोक कुमार ने बताया कि आज



के शिविर में जो लोग आए थे, वह सभी संतुष्ट होकर गए हैं। इस दौरान उनकी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित किया गया। इसके अतिरिक्त अगर किसी की आई.डी. में प्लॉट एरिया को लेकर कॅरिक्शन की जरूरत थी, तो किसी का नाम, पता, सम्पर्क नम्बर व प्रॉपर्टी लिंक कॅरिक्शन किया जाना था, जो ठीक कर दिए गए।

## छावनी में सूटकेस से मिला 13 साल के किशोर का शव

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अंबाला छावनी** में एक किशोर की डेडबॉडी सूटकेस में मिली है। यह किशोर 3 दिन से लापता था। इसके पिता ने पुलिस को गुमशुदगी की शिकायत पड़ाव थाने में दर्ज कराई थी। आज लड़के की लाश सूटकेस में भरी पाई गई। लड़के की लाश दूधला मंडी इलाके में में एक एक सूटकेस सूट में मिली। यह सूटकेस वहां खड़ी एक होंडा सिटी गाड़ी से बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद



पड़ाव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगामी जांच में जुटी गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह किशोर बीते बुधवार को घर से लापता हुआ था । उसकी उम्र 13 साल है। किशोर की पहचान गौरव पुत्र देवी सहाय निवासी हिम्मतपुरा के रूप में हुई है। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया है कि यह गाड़ी आज सुबह 9 बजे के करीब दूधला मंडी में खड़ी पाई गई। गाड़ी से बदबू आ रही थी। जब इसे खोलकर देखा तो के इसकी डिग्गी में एक सूटकेस मिला। इस सूटकेस से भयंकर बदबू हां आ रही थी। जब इसे खोलकर देखा तो मामला संगीन था। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पड़ाव थाना प्रभारी दिलीप कुमार, रजत - गुलिया समेत फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने गाड़ी से एक डायरी, अलग- अलग बैंक की पासबुक, पानी की बोतल, कांच का गिलास, चश्मा समेत अन्य संदिग्ध सामान कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार गौरव के पिता देवी सहाय रेलवे में नौकरी करते हैं उन्होंने गुरुवार को पुलिस को शिकायत दी थी कि गौरव 3 अप्रल को शाम 4:30 बजे घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हुआ था। उसका कहीं सुराग न लगने पर पड़ाव थाना पुलिस को शिकायत दी थी।

## चिराग योजना को सरकार ने प्राइवेट स्कूलों के रहमो-करम पर छोड़ा

**नये शैक्षणिक सत्र से चिराग योजना में चौथी कक्षा से शुरू होगा दाखिला: डीईओ**

**समालखा ( कुलदीप सिंह ): हरियाणा सरकार द्वारा** अंत्योदय परिवारों के बच्चों को मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा देने के लिए शुरू की गई चिराग योजना समालखा ब्लाक में दम तौड रही है हालात यह है कि खंड समालखा में मात्र एक प्राइवेट स्कूल गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ही आगे आया है। चिराग योजना को लेकर जब खंड शिक्षा अधिकारी नीलम कुंडू से जानकारी मांगी गई तो उनका जबाब बड़ा ही चौंकाने वाला रहा। उन्होंने साफ कहा कि इस योजना से हमारा कोई लेना देना नहीं है इसका सीधा संबंध सहमति प्राप्त स्कूल व बच्चों से है। इस बारे में जब हमने जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया बात की तो उनके द्वारा जो जानकारी उपलब्ध कराई गई है उससे तो पता चलता है कि पूरे प्रदेश में ही चिराग योजना का दिवाला पिट रहा है। पहले इस योजना में कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवीं में दाखिला लिया जाता था लेकिन नये शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के चिराग योजना में कक्षा चौथी से प्रवेश आरम्भ किए गए हैं। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने वाली यह महत्वपूर्ण योजना पूरी तरह से प्राइवेट स्कूलों की दया दृष्टि पर निर्भर करती है। मौलिक शिक्षा निदेशालय की वैबसाइट पर जितने निजी स्कूलों ने स्वैच्छिक सहमति प्रदान की हुई है वह उंट के मुंह में जीरा के समान है। प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा का अधिकार देने वाली धारा 134 ए को असरहीन करके चिराग योजना लागू की गई है जिसके अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय उनके परिवार पहचान पत्र के अनुसार 1.80 लाख रुपए या इससे कम है उनको मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में निशुल्क शिक्षा देने का प्रावधान किया गया है। लेकिन मौलिक शिक्षा निदेशालय द्वारा चिराग योजना में दाखिला के लिए जो शर्तें लगाई गई है उसमें गरीब परिवारों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के अधिकार से वंचित करने का षडयंत्र नजर आ रहा है। चौथी से कक्षा बारहवीं तक किसी भी कक्षा में दाखिला लेना है तो उससे पहली कक्षा सरकारी स्कूल में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके अलावा चिराग योजना में उसी स्कूल में दाखिला होगा जिस प्राइवेट स्कूल ने सरकार को अपनी सहमति दी हुई है। ओर प्राइवेट स्कूल सरकार की इस महत्वपूर्ण चिराग योजना को लेकर कितनी रूचि दिखा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार पूरे प्रदेश में सिर्फ 490 प्राइवेट स्कूलों ने इस योजना को लेकर सहमति प्रदान की गई है। अगर जिला वार बात करें तो अंबाला में 24 स्कूल, भिवानी में 51,चरखी दादरी में 18, फरीदाबाद में 3, फतेहाबाद में 28, गुरूग्राम में 8,हिसार में 39, झज्जर 16,जीन्द 37, कैथल में 27, करनाल में 25, कुरूक्षेत्र में 32, महेन्द्रगढ़ में 6, नूंह मेवात में 12, पलवल में 12, पंचकुला में 6, पानीपत में 26, रेवाड़ी में 9, रोहतक में 8, सिरसा में 41, सोनीपत में 31 ओर यमुनानगर में कुल 10 स्कूलों की सहमति आई है। इस तरह सबसे ज्यादा भिवानी जिले में कुल 51 स्कूल जबकि सबसे कम फरीदाबाद जिले में सिर्फ 3 स्कूल चिराग योजना में दाखिला देने को राजी हुए हैं।

## सडकों पर भटकते आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू : धीरज कुमार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम** द्वारा शहर की सडकों पर भटकते आवारा पशुओं को पकडने का अभियान समय-समय पर चलाता जाता है। इसी कड़ी में एक बार फिर अभियान शुरू किया गया है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धी रज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को जोन नम्बर 1 से आवारा पशुओं को पकडने का अभियान सफाई निरीक्षक एवं जोन इंचार्ज ऊषा रानी के नेतृत्व में शुरू किया गया। इसके तहत अशोक विहार तथा सैक्टर 4 व 5 के अलग-अलग हिस्सों से 5 नंदी व 1 गाय



को पकडकर फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला भेजा गया है। +-उन्होंने बताया कि सडकों पर आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का भय भी बना रहता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए समय-समय पर ऐसे पशुओं को पकडने का अभियान चलाया जाता है।

## संपादकीय

# विपक्ष के लिये सबक

**एक तरफ** तो देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है वहीं दूसरी तरफ जो अनेक घटनाक्रम जारी हैं उनमें राजनैतिक बयानों, सीटों के तालमेल, प्रचार सभाओं, प्रेस कांफ्रेंसों आदि के अलावा जिस विषय की सर्वाधिक चर्चा है, वह है आम आदमी पार्टी के नेताओं पर कथित शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रोज गिरती गाज। पिछले लगभग एक पखवाड़े के भीतर दो बार ईडी की हिरासत (पहले 6 एवं बाद में 4 दिनों की) में रहने के बाद मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजे गये दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत पाने हेतु संघर्षरत हैं। दूसरी ओर करीब 6 माह जेल में गुजारने के बाद पार्टी के सांसद संजय सिंह जमानत पाने में सफल हो चुके हैं। हालांकि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन अब तक सलाखों के पीछे हैं। इतना ही नहीं, आप सरकार की मंत्री आतिशी व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज मुख्य रूप से सीधे तौर पर कहें तो ईडी के और परोक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी के निशाने पर हैं। कोई दावे से नहीं कह सकता कि आप के कितने मंत्री, विधायक या नेता भी जांच एजेंसी के रडार पर हैं। यह साफ हो जाने के बाद कि इसे करोड़ों का घोटाला बतलाकर दो साल से इसकी जांच कर रही ईडी न तो एक पैसा बरामद कर सकी और न ही यह बतला पाई है कि इसका पैसा किसे मिला है, न तो जांच पूरी हो सकी है और न ही गिरफ्तारियां रुक रही हैं। अब तो यह भी साफ हो चला है कि भाजपा का उद्देश्य जो पहले आप को कमजोर करना था, अब वह चाहती है कि पार्टी नेताओं का ज्यादा से ज्यादा समय कोर्ट-कचहरियों में उलझकर बर्बाद होता रहे ताकि वे पार्टी का प्रचार न कर सकें। आप की दिल्ली के अलावा पंजाब में बड़ी उपस्थिति है परन्तु भाजपा की वहां कोई बड़ी दावेदारी नहीं है। भाजपा की दिलचस्पी ही नहीं, बल्कि नाक का भी सवाल है कि वह दिल्ली लोकसभा की सारी सीटें जीते। आप के हाथों विधानसभा चुनावों में मिली दो-दो बार की पराजयों के भी मद्देनजर वह आहत है तथा अगला विधानसभा चुनाव जीतने के लिये उसे यहां से बड़ी जीत चाहिये जिसके आसार काफी कम हैं

यह बात सामने आ चुकी है कि जांच एजेंसियां भाजपा के वे हथियार हैं जिनके बल पर वह 'ऑपरेशन लोटस' के नाम से निर्वाचित सरकारों को गिराती है, अल्पमत में होकर भी अपनी सरकारें बनाती है, विरोधियों को उनका डर दिखाकर अपने खेमे में करती है, अपने लिये चुनावी चंदा बटोरने में उसका सहयोग लेती है। अब जबकि मतदान कुछ ही दिनों की दूरी पर रह गया है, आप का कांग्रेस के साथ दिल्ली में गठबन्धन हो चुका है, सीटों के बंटवारे पर मुहर लग चुकी है, वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन का हिस्सा भी बन चुका है (यह निर्णय भी उसने काफी देर से लिया) तथा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया के सभी दलों ने एक विशाल रैली भी की थी- तो भी यह उन दलों व नेताओं के मंथन का मुफीद अवसर है जो अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के चलते देश व लोकतंत्र पर छाये उस बड़े खतरे से आंखें मूंदे हुए हैं जो एक बहुत बड़े रूप में सबके समक्ष है।

पिछले 10 वर्षों में, खासकर भाजपा के 2019 से जारी दूसरे कार्यकाल के दौरान जिस प्रकार से सरकार निरंकुश बनी है, उसमें प्रमुख हमला विपक्ष पर हो रहा है।

# बंद हो किसी भी भारतवासी को 'बाहरी' उम्मीदवार बताना

**आर.के. सिन्हा**

> “1973 में, लिमये ने बिहार के बांका से चुनाव जीता। किसी को अपने ही देश में बाहरी कह कर अपमानित करना सही नहीं है। कानपुर से एस.एम.बैनर्जी लंबे समय तक सांसद बनते रहे। वह बांग्लाभाषी थे और बंगाल से कानपुर में आकर बसे थे। वह मजदूर नेता थे। अजीब विडंबना है कि हमारे यहां कुछ तंग दिल लोग जिसको चाहते हैं बाहरी बता देते हैं। यह स्थिति तब है जब हम भारतीय करीब एक-डेढ़ दर्जन देशों में सांसद से लेकर प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति तक बन गए। इनमें मलेशिया, मारीशस, त्रिनिडाड, ग्याना, केन्या, फीजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा वगैरह देश शामिल हैं। कैरिबियाई देश ग्याना में 1960 के दशक में भारतीय मूल के छेदी जगन राष्ट्रपति बन गए थे”

**आगामी** लोकसभा चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने और चुनाव प्रचार का काम प्रतिदिन गति पकड़ता जा रहा है। इसके साथ ही सभी दल अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी करते जा रहे हैं। संयोग से अभी तक किसी प्रत्याशी पर ह्यबाहरीह्ल उम्मीदवार होने का आरोप अभी तक नहीं लगा है। हालांकि, हमारे यहां किसी को भी बिना किसी कारण के बाहरी उम्मीदवार बता दिया जाता है। याद करें 2014 के लोकसभा चुनाव के समय जब नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से चुनाव लड़ने का फैसला किया था तो कांग्रेस के नेता उन्हें ह्यबाहरीह्ल बताने में लगे थे। इसी तरह अरुण जेटली के 2014 में अमृतसर से चुनाव लड़ने पर विवाद खड़ा हो गया था। उन्हें भी कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवार कहा था। यह आरोप उस कांग्रेस के नेताओं ने लगाए थे जिस पार्टी ने देश के 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाहरी दिल्ली सीट से मलयाली सज्जन सी.कृष्ण नायर को अपना उम्मीदवार बनाया था। दिल्ली उन्हें गांवों का गांधी कहती थी। सी.कृष्ण नायर की दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को स्थापित करने में अहम भूमिका रही थी। वे लोकसभा के 1957 में हुए चुनाव में भी जीते थे। जिस कांग्रेस ने नायर साहब को टिकट दिया था उसी ने 1957 के लोकसभा चुनाव में अंबाला में जन्मी बांग्ला परिवार से संबंध रखने वाली सुचेता कृपलानी को नई दिल्ली सीट से अपना उम्मीदवार बनाया। सुचेता जी आगे चलकर उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री भी बनीं। सच में अपने ही देश में कोई बाहरी उम्मीदवार कैसे हो सकता है। सारा भारत हम सबका है। यहाँ हरेक भारतवासी नागरिक को कहीं भी रहने या कहीं से भी चुनाव लड़ने का पूरा अधिकार है। तब किसी को बाहरी कहना हर लिहाज से निंदनीय है। सुचेता जी के पति और प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी आचार्य कृपलानी बिहार के भागलपुर और सीतामढ़ी से सांसद रहे। यानी एक सिंधी बिहार से सांसद बना।



अब जार्ज फर्नांडीज को लें। जार्ज साहब भले ही दक्षिण भारत से आते थे, पर बिहार उन्हें अपना मानता था और वे बिहार को अपना मानते थे। बिहार ने उन्हें तहेदिल से आदर भी दिया। उन्होंने भी बिहार को पूरी तरह अपना लिया था। वे भोजपुरी भाषा और मैथली भाषा भी मजेकी बोल लिया करते थे। जॉर्ज साहब को बिहार की जनता ने कई बार लोकसभा में भेजा। वह मुंबई से भी लोकसभा का चुनाव जीते। बिखरे बाल, बिना प्रेस किया हुआ खादी का कुर्ता-पायजामा, मामूली सी चप्पल पहनने वाले जार्ज साहब जैसा मजदूर नेता, प्रखर वक्ता, उसूलों की राजनीति करने वाले इंसान अब फिर से देश शायद ही देखेगा। वे चिर बागी थे। उनका कोई चुनावी जातीय समीकरण भी नहीं था । उनका कोई संगठित काडर भी नहीं था, फिर भी वह अंतरराष्ट्रीय हैसियत के नेता थे। इससे पूर्व भी 1962 और 1967 में बिहार ने मराठी मधु लिमये को लोकसभा में बार-बार भेजा। वह जब संसद में होते थे, तो सत्तापक्ष को डर सताता रहता था कि कब उनपर तीखे सवालों की बौछार हो जाएगी। बिहार की राजनीति की बात मधु लिमये के ज़िक्र के बिना पूरी नहीं हो सकती। वह मूल रूप से पुणे के थे। एक मराठी व्यक्ति का बिहार से चार बार चुनाव जीतना अपने आप में अनोखा है। राज्यसभा में ऐसे कई दूसरे नेता हुए हैं, लेकिन लोकसभा में ऐसे उदाहरण कम ही देखे गए हैं। लिमये का बचपन महाराष्ट्र में बीता, उनकी पूरी पढ़ाई भी वहीं से हुई, वो महाराष्ट्र की राजनीति में भी सक्रिय थे। उन्होंने जब राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखा तो चुनाव लड़ने के लिए बिहार ही चुना। पहली बार वो 1962 में मुंगेर से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। 1964 में, सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का विलय हुआ और यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी बनी थी। मधु लिमये पहली बार यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर लोकसभा गए थे। 1967 के चुनावों में, लिमये ने यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर मुंगेर से जीत हासिल की।

1973 में, लिमये ने बिहार के बांका से चुनाव जीता। किसी को अपने ही देश में बाहरी कह कर अपमानित करना सही नहीं है। कानपुर से एस.एम.बैनर्जी लंबे समय तक सांसद बनते रहे। वह बांग्लाभाषी थे और बंगाल से कानपुर में आकर बसे थे। वह मजदूर नेता थे। अजीब विडंबना है कि हमारे यहां कुछ तंग दिल लोग जिसको चाहते हैं बाहरी बता देते हैं। यह स्थिति तब है जब हम भारतीय करीब एक-डेढ़ दर्जन देशों में सांसद से लेकर प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति तक बन गए। इनमें मलेशिया, मारीशस, त्रिनिडाड, ग्याना, केन्या, फीजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा वगैरह देश शामिल हैं। कैरिबियाई देश ग्याना में 1960 के दशक में भारतीय मूल के छेदी जगन राष्ट्रपति बन गए थे। उसके बाद तो शिवसागर राम गुलाम (मारीशस), नवीन राम गुलाम (मारीशस), महेन्द्र चौधरी(फीजी), वासदेव पांडे (त्रिनिडाड), एस.रामनाथन (सिंगापु?), ऋषि सुनक ( ब्रिटेन), कमला हैरिस ( अमेरिका) सरीखे भारतवंशी विभिन्न देशों के प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति बनते रहे। अभी हाल में ही एक भारतीय मूल के नागरिक भी थरमन षणमुखरत्नम को भारी बहुमत से सिंगापुर का राष्ट्रपति चुना गया। बेशक, हम भारतीयों को अपना नजरिया बदलना होगा। अपनी सोच के दायरे का विस्तार करना होगा। हमें जाति, भाषा, मजहब, लिंग आदि के बंधनों को तोड़ना होगा। आपको वर्तमान में भारतवंशी सांसद अफ्रीका से लेकर यूरोप, अमेरिका और न्यूजीलैंड की संसद में मिलेंगे। मतलब यह है कि रोजगार की तलाश में दूर देश जाने वाले भारतीय अब वहां की किस्मत ही लिखने लगे। अगर बात साउथ अफ्रीका की करें तो वहां पर मेवा रामगोंविद सांसद हैं। उनसे पहले भी कुछ और भारतवंशी सांसद रहे हैं। परमिंदर सिंह मारवाह युगांडा की पार्लियामेंट में थे। वह चाहते हैं कि भारत के निवेशक युगांडा के कृषि क्षेत्र में आएं। उनके परिवार ने 1970 के दशक में भी युगांडा को नहीं छोड़ा था जब ईदी अमीन भारतीयों पर जुल्म ढा रहे थे। उनके दादा युगांडा में बसे थे। उनके दादा रेलवे में थे। उन्होंने 1930 और 1940 के दशक में ईस्टअफ्रीकी देशों में रेल लाइनेंबिछाई थीं। अब बात केन्या की। इधर कुछ साल पहले तक एक सरदारनी सांसद थीं। उनका नाम है सोनिया विरदी। सोनिया केन्या में महिलाओं के अधिकारो के लिए लड़ती हैं। दरअसल वह पहली एशियाई मूल की महिला सांसद हैं केन्या में। सियासत में नाम कमाने के लिहाज से भारतवंशियों के लिए कनाडा बहुत उर्वरा भूमि है। वहां कई भारतीय मूल के सांसद हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमारे यहां किसी को अपने सियासी स्वार्थों के लिए बाहरी कहना बंद होना चाहिए। देश अब बदल रहा है। हवा के रूख को पहचानें।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## कविता

कटू सच्चाई से स्याह चेहरा होता ।।

दर्पण तू दिल का सच बोलता होता,
संसार का हर मानव पूरा शत्रु तेरा होता ।।

घर-घर में तेरे टुकड़े बिखरे होते,
सत्य भी तेरी इस दशा में रोया होता।।

तेरे सम्मुख धूर्त का क्या रंग होता,
कटू सच्चाई से स्याह चेहरा होता ।।

सूर्पणखा क्या इतराती तेरे सम्मुख,
रावण ने भी खूब क्रंदन किया होता।।

दर्पण तेरी वाणी कटु सत्य सी होती,
सुंदरी का यौवन भी लजाया होता।।

गांधी की तरह सत्य से प्रयोग करता कहीं,
कोई गोडसे तुझे भी पत्थर से तोड़ गया होता।।

**संजीव ठाकुर**

# स्वास्थ्य रक्षा आमजन का भी दायित्व

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

**भारत में आबा**दी के मुकाबले स्वास्थ्य सेवाओ की बहुत कमी है, स्वास्थ्य सेवांओ से यह तात्पर्य नहीं है कि केवल डाक्टरों की सुविधा ही, बल्कि डाक्टरों के आने वाली उन कई सहायक सेवाओं से है, जिसकी मदद से डाक्टर इलाज कर पाते हैं। वहीं चिकित्सा क्षेत्र में विकसित एवं विकासशील देश अरबों रुपए शोध कार्य पर खर्च कर रहे हैं। पर दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि जिन बीमारियों के लिए नयी-नयी दवाईयां खोजी जा रही हैं वे अमीरों की बीमारियां हैं, दिल संबंधी बीमारी, उच्च रक्त चाप, कैंसर, लिवर, किडनी प्रत्यारोपण और, सबसे बड़ी अमीरों की बीमारी है एड्स,। हर साल भारत सहित एशियाई देशों और अफ्रीका में लाखो व्यक्ति मलेरिया, कुपोषण, डायरिया, हैजा, डिहाईड्रेशन और टीकों एवं दवा के अभाव में दम तोड़ देते हैं, और इधर चिकित्सा विज्ञान प्लास्टिक सर्जरी के शोध करने में जुटा हुआ है। यहां यह भी गौर करने की बात है कि जिस तरह से कोरोना नामक महामारी 2019 में आई और लगभग 2024 में चली भी गई। इस? अनपेक्षित महामारी ने करोड़ों की संख्या में लोगों की जान ली थी। स्वास्थ्य की महत्ता वर्षों पूर्व नेपोलियन बोनापार्ट ने समझकर ही यह कहा था कि "अगर मुझे स्वस्थ्य माएं मिले तो मैं एक सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण कर सकता हूं।" नेपोलियन की यह उक्ति आज भी प्रासंगिक है। किसी भी राष्ट्र के सुदृढ़ निर्माण में स्वस्थ्य मांएं और सुसंस्कृत महिलाओ की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे ही तो आने वाली स्वस्थ्य पीढ़ी की जन्मदात्री हैं। संभवतः इसी सत्य को स्वीकार करते हुए भारत सहित प्रदेशों की सरकारों ने अपने वृहद स्वास्थ्य कार्यक्रम को क्रियान्वित किया है जिसके केंद्र में महिलाओं एवं बच्चों को रखा गया है, प्रदेशों की स्वास्थ्य क्षेत्र में देखा जाए तो पिछले वर्षों में कोई उल्लखनीय प्रगति नही हो पाई है। जैसे अविभाजित मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़े राज्यों में है। 1991 की जनगणना के अनुसार यहां की कुल लगभग जनसंख्या 66135862 व्यक्ति मानी जाती है। लेकिन राज्य स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाओं की दृष्टि से अभी भी देश के अनेक राज्यों से काफी पिछड़ा है। स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से मध्यप्रदेश राज्य के पीछे रह जाने के कारणों में यहां साक्षरता ,शिक्षा की कमी, आर्थिक पिछड़ापन, परिवहन के साधनों की न्यूनता और जनसंख्या में जनजाति संख्या का बाहुल्य है। 1981 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में साक्षरता का प्रतिशत 27.87 था, जो देश के साक्षरता प्रतिशत से काफी कम है। गैर शिक्षित लोग अंधविश्वासी और जादू टोनों से बड़ी बड़ी बीमारियों का उपचार करते हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में धन नहीं जुट सका है। परिवहन की अपर्याप्त सुविधा के कारण मध्यप्रदेश में पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय और औषधालय नहीं खुल सके हैं।

## विचार

# पूर्वोत्तर भारत में भोजपुरी की लहर : सावन

**सुनील चौरसिया 'सावन**

**मन की** भाषा है भोजपुरी। आंगन की भाषा है भोजपुरी। भोजपुरी भाषा की खुशबू से पूर्वोत्तर भारत भी महमहा रहा है। मैं पूर्वोत्तर भारत की सभ्यता, संस्कृति एवं जीवन शैली को समर्पित पुस्तकें लिखने की कोशिश कर रहा हूं। इस लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु हिमालय की गगनचुंबी शिखरों पर बसे हुए छोटे-छोटे मनहर गांवों में जाकर वहां के बड़े बुजुर्गों से मिलना-जुलाना लगा रहता है। यहां के गांवों और शहरों में भोजपुरी की लहर है।

यहां के गांवों में नेपाली भी बसे हुए हैं। सैकड़ों जनजातियों एवं उप जनजातियों के साथ हमारे उत्तर प्रदेश एवं बिहार के भोजपुरिया भैया भी बसे हुए हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग अक्सर भोजपुरी में ही बतकही करते हैं। घर से हजारों किलोमीटर दूर हैं फिर भी इन्होंने अपनी सभ्यता, संस्कृति, पहचान और शान को उसी तरोताजगी के साथ धारण किया हुआ है जैसा होना चाहिए। असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैण्ड, और सिक्किम में कलकलाती हुई नदियां प्रवाहित होती रहती हैं जिनके तट पर छठ का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जब पूर्वोत्तर भारत में भी धूमधाम से छठ-पर्व मनाया जाता है तब ऐसा लगता है कि हम अपने गांव में ही हैं। हरे भरे हिमालय पर भोजपुरी-छठ गीत सुनकर मन झूम उठता है....

कांच ही बांस के बहंगिया
बहंगी लचकत जाय....
दउरा में सजल बाटे फलहरिया
पियरे पियर रंग सोभेला डगरिया
जेकर जग जाला भगिया
उहे छठ घाटे आय
कांच ही बांस के बहंगिया
बहंगी लचकत जाय....

यहां भी ठेकुआ का स्वाद है। हमारे केंद्रीय विद्यालय टेंगा वैली अरुणाचल प्रदेश की कक्षाओं में अनगिनत विद्यार्थी भोजपुरी भाषी हैं। तीज त्यौहार पड़ने पर विद्यार्थी संपूर्ण देश के सम्माननीय शिक्षकों को अपने घर बड़ी भाव से बुलाते हैं और मीठा पकवान खिलाकर सपरिवार आदर सत्कार करते हैं। अक्सर हम अपने विद्यार्थियों से भोजपुरी में बात करते हैं। हम प्रतिदिन प्रार्थना सभा में उन्हें भी भोजपुरी में बोलने हेतु प्रेरित करते हैं। नेपाल के विद्यार्थियों को नेपाली में बोलने का अवसर प्रदान करते हैं। बुगुन जनजाति के विद्यार्थी जब बुगुन बोली बोलते हैं तब मन प्रफुल्लित हो जाता है। मोंपा जनजाति की मोंपा बोली, तागिन की तागिन बोली और शेरदुक्पेन जनजाति की शेरदुक्पेन बोली बहुत ही प्यारी है। अपनी मातृभाषा को बढ़ावा देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। मातृभाषा हमें एक दूसरे से भावनात्मक रूप से जोड़ती है। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग काम धंधा की तलाश में लगभग 50 वर्ष पूर्व पूर्वोत्तर भारत में आ गए। इस समय टेंगा मार्केट में लगभग 70% दुकानें भोजपुरिया भैया की ही हैं। कुछ लोगों को उस समय यहां बड़ी आसानी से सरकारी नौकरी भी प्राप्त हो गई। बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग यहां ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ अपना रोजगार एवं व्यापार करते हैं। यही कारण है कि यहां भोजपुरी भाषी लोग बड़ी सम्मान के साथ सुसंपन्न जीवन व्यतीत कर रहे हैं। गांव का गांव भोजपुरी भाषी है। हमारे केंद्रीय विद्यालय के साथ-साथ अन्य विद्यालयों के शिक्षक भी अधिकतर भोजपुरी भाषी हैं। शिक्षा विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों में भी भोजपुरी भाषी अधिकारीगण हैं। यहां सेना में भी भोजपुरी की शान है। मैं 5 वर्षों से पूर्वोत्तर भारत में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा हूं। कभी एहसास ही नहीं हुआ कि मैं उत्तर प्रदेश से बाहर अरुणाचल प्रदेश में हूं। हिमालय पर्वत की घाटियों में भोजपुरी गीत गुंजते हैं। भोजपुरिया परिवार में भोजपुरिया संस्कार है,भोजपुरिया सभ्यता है,भोजपुरिया प्रीति है, भोजपुरिया संस्कृति है,भोजपुरिया लाज है, भोजपुरिया लिहाज है। यहां यूपी और बिहार है। भोजपुरी की बहार है। जो यहां बस गया है वह यहीं का होकर रह जाना चाहता है; मेहमान की तरह वहां जाता है और पुनः यहीं आ जाता है। यहां की जिंदगी राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत है। इनके मन में जो लगाव बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रति है वही भाव अरुणाचल प्रदेश के प्रति भी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ना घाट के

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**कहते** हैं राजनीति संभावनाओं का खेल है। इसमें कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं रहता है। राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है। चिराग पासवान के एनडीए में वापस आने के चलते सीट शेयरिंग में उन्हें पांच सीट दे दी गई। जबकि उनके विरोधी चाचा पशुपति पारस वाली लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गयी। इससे नाराज होकर पशुपति पारस लालू यादव नीत महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू यादव ने पशुपतिनाथ पारस को घास नहीं डाला और उनकी पार्टी को गठबंधन में एक भी सीट नहीं दी। इससे पशुपति पारस की स्थिति बहुत ही हास्यास्पद हो गई। और वह फिर से एनडीए में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुणगान करने लगे हैं। पशुपति पारस के चक्कर में उनके दूसरे भतीजे प्रिंस राज भी इस बार बिना टिकट ही रह गए। उन्हें भी किसी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है। कहां जा रहा है कि भाजपा द्वारा पशुपति पारस को चिराग पासवान का समर्थन करने के बदले राज्यपाल का पद व प्रिंस राज को बिहार सरकार में मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। मगर उन्होंने उस ऑफर को छोड़कर महागठबंधन से सीट लेने के चक्कर में केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देते हुये एनडीए के खिलाफ बयानबाजी कर दी थी। अब देखते हैं चुनाव के बाद आगे पशुपति पारस व उनके भतीजे प्रिंस राज का फिर से राजनीतिक पुनर्वास होता है या वह राजनीति के बियाबान में खो जाते हैं।

## और या औरत

**डॉ. सुरेश कुमार**

**उसकी शादी** नहीं समझौता हुआ था। शादी दो दिलों के मिलने का नाम तो समझौता एक-दूसरे का एक ही कमरे में रहकर अलग-अलग जिंदगी गुजर बसर करने का नाम है। वह सिंदूर भरने वालों हाथों में कठपुतली बनकर रह गई। सिंदूरी हाथ जैसा नाच नचाता था, वह वैसा नाचती जाती थी। कभी हवा में उड़ने वाली पतंग की तरह लगती थी तो कभी कटी पतंग की तरह। उसकी पलकों से दुखों का सागर बहने के लिए उमड़ता रहता था। कभी दाँतों से होंठों को दबाए अपने ही ज्वार-भाटा में पीसती जाती थी। दिल में दुखों की अनंत गहराई जिसमें उतरने का साहस तो दूर जानने की जुर्रत नहीं करने वाला जमाना, किताबों में प्रशांत महासागर की गहराई पढ़कर स्वयं को ज्ञानी समझने लगता था। कितना अच्छा होता शब्दकोश से औरत के लिए स्त्री, महिला आदि शब्द हटाकर ह्यपराई जिंदगी जीने वाली मशीनह्ल कर दिया जाता। कम से कम इसे ही सच्चाई मानकर वह झूठमूठ के ह्यनारी पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताह्ल जैसे ढोंगी कथनों से खुद को दूर रखती। दो घरों के बीच शादी नाम की प्रथा के चलते किसी वस्तु की तरह विनिमय कर देने वाली जिंदगी कई अंतर्पीड़ाओं की अथक गूंज होती है। दान देने वाले और दान लेने वालों के बीच अग्नि को साक्षी मानकर सात कदम नापने वाली औरत किसी के लिए और तो किसी की औरत बन जाती है। और से औरत बनने की यात्रा में कइयों की जिंदगियाँ टूटकर चकनाचूर हो जाती हैं। कुछ के लिए सिर पर धरा बोझ तो कुछ के लिए सीने पर रखा पत्थर होती हैं औरत! अपने तन से किसी और मन के लिए जीना, अपने से पहले दूसरे के लिए सोचना, अपनी आँखों को किसी और के लिए बिछा कर रखना, अपने अस्तित्व को किसी और के लिए न्यौछावर कर देना, अपनी पीड़ाओं को किसी और के दुखों के लिए भुला देना, अपनी अधूरी जिंदगी को किसी की पूरी जिंदगी बनाने के लिए खुद को मिटा देना दुनिया में एक अकेली औरत ही कर सकती है। शायद इसीलिए धरती औरत है जो सब कुछ सहते हुए टस से मस नहीं होती, जबकि पुरुष आकाश की तरह स्वतंत्र होता है।



# फैशन में हैं बिछुए

पायल के साथ बिछुओं की छमाछमा भी दुल्हन की पहचान रही है। पहले बिछुओ को सुहाग का प्रतीक कहा जाता था, इसलिए सिर्फ दुल्हनें या शादीशुदा युवतियों के द्वारा ही ये पहने जाते थे लेकिन अब ये विवाहित फैशनेबल युवतियों कि पहली पसंद बन गए हैं। फर्क सिर्फ इतना आया है कि पहले जहां ये युवतियों के लिए सौभाग्य का प्रतीक थे वहीं अब फैशन के प्रतीक बन गये है।

आज युवतियों में स्टोन जड़े बिछुओं का क्रेज सिर चढ़ कर बोल रहा है पायल के साथ ये अच्छा संयोजन बनाते हैं। पायल के साथ एक चेन से जुड़ी हुई पैरों की ये अंगूठियां युवतियां वेस्टर्न ड्रेसेस के साथ भी खूब अपना रही हैं। कई तरह की वैराइटियों में पायल और बिछुओं का यह कांबिनेशन बाजार में मौजूद है। इन में प्लेन चेन से ले कर नगों तक की चेन के कई डिजाइन मिलते हैं, जिन पर बिछुओं के डिजाइन का एक स्टोन या नग भी लगा होता हैं।

**सोने के मोती जड़े**

बिछुए चांदी के साथसाथ सोडियम कोटिंग और आक्सीडाइज्ड रुप में सोने के भी बनने लगे हैं। ये कइ तरह के डिजाइनों में मिलते हैं। जैसे चटाई स्टाइल, फूलपत्तियों की सजावट वाले, मीनाकारी, कटवर्क, गोल व ओवल शेप में आजकल लेटेस्ट फैशन के स्टोन सेटिंग, रंगीन प्रेशियस स्टोन वाले बिछुए भी बाजार में मिल रहे हैं। वैसे मोती जड़े बिछुए भी काफी चलन में हैं। ये हर तरह की ड्रेस के साथ मैच कर जाते हैं।

पैरों में पहने जाने वाले ये अंगूठीनुमा बिछुए परंपरागत डिजाइनों में भी मिलते हैं। इन में दुल्हन की डोली को बड़े ही कलात्मक अंदाज से बिछुओं पर उकेरा जाता हैं। ये पहनने में थोड़े लंबे होते हैं लेकिन आरामदायक भी होते हैं। इस तरह के थोड़े ज्यादा हैवी काम के बिछुओं की रेंज 250 रुपए से ले कर 600 रुपए तक है।

**आर्टिफिशल भी कम नहीं**

यह तो हुई बात चांदी के बिछुओं की लेकिन बाजार में आर्टिफिशल बिछुए भी मिलते हैं। इन की किमत 35 रुपए से शुरु हो कर 150 तक होती है। ये बिछुए ज्वेलर्स की दुकानों पर मिलते हैं। अगर आप भी अपने पैडिक्योर किए हुए पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगाना चाहती हैं, तो ले आइए पैरों की ये अंगूठियां।

# सावधान रहें रसोई घर में

यदि रसोईघर सुव्यवस्थित होगा, हर चीज करीने से सही स्थान पर रखी होगी तो आप खुद कई परेशानियों से बच सकती हैं व आने-जाने वाली सहेलियों व मेहमानों पर भी आपके सुव्यवस्थित व सुंदर रसोईघर का अच्छा प्रभाव पड़ सकता है।



**रसोई** घर में खाना बनाने से समेटने तक का कार्य गृहिणी स्वयं करती है। यहां तक कि खाना तैयार करने व परोसने का कार्य भी वह करती है।

परोसा गया खाना कैसा है? स्वच्छ है या नहीं? कम से कम समय में खाना तैयार हो आदि रसोईघर में संबंधित बातें गृहिणियों के ध्यान में होनी आवश्यक हैं। रोजाना जितना समय गृहिणी का रसोई घर में बीतता है उतना कहीं भी नहीं? रसोईघर को सुंदर, सुव्यवस्थित व सजी हुई रखना भी कुशल गृहिणी की पहचान है।

यदि रसोईघर सुव्यवस्थित होगा, हर चीज करीने से सही स्थान पर रखी होगी तो आप खुद कई परेशानियों से बच सकती हैं व आने-जाने वाली सहेलियों व मेहमानों पर भी आपके सुव्यवस्थित व सुंदर रसोईघर का अच्छा प्रभाव पड़ सकता है।

**सावधानियां**

- रसोईघर में हमेशा सूती कपड़े ही पहनें। टेरलीन, नायलोन, रेशमी कपड़े ताप के सुचालक होते हैं व आग जल्दी पकड़ते हैं। साड़ी बांध कर काम कर रही हैं तो साड़ी का पल्लू नीचे न लटके, यह भी ध्यान रखें। पहने हुए सूती वस्त्र ज्यादा ढीले-ढाले न हों।
- गैस चूल्हा जलाने से पूर्व माचिस या लाइटर व अन्य सामग्री अपने पास एकत्र अवश्य कर लें।
- दालें, चावल आदि को चुनने-बीनने का काम भोजन पकाते समय न करके भोजन पकाने से पूर्व ही करें।
- रसोईघर में हमेशा पैरों में फिसलने वाली चप्पलें या ऊंची एड़ी के सैंडिल न पहनें।
- कम सामग्री पकाने हेतु हमेशा छोटे बर्तनों का ही इस्तेमाल करें। इससे गैस की भी बचत होती है।
- खाद्ययुक्त सामग्री को हमेशा ढक कर ही रखें ताकि उनमें कीट-पतंग या कोई जहरीली वस्तु न गिर सके।
- रसोई के मसाले व अन्य सामान हमेशा प्रमाणित कम्पनियों या एगमार्क के ही इस्तेमाल करें।
- माचिस, मोमबत्ती या लैम्प को हमेशा एक ही स्थान पर रखें ताकि अंधेरे में भी उसे ढूंढा जा सके।
- माचिस व लाइटर को हमेशा गैस चूल्हे के पास रखें ताकि बाद में ढूंढना न पड़े।
- रसोई घर की सभी आवश्यक वस्तुओं को व्यवस्थित रखें। इससे रसोईघर की सुंदरता बढ़ेगी व सामान ढूंढने में भी परेशानी नहीं होगी।
- रसोई घर में कहीं भी सब्जी या चाय आदि वस्तु गिरने पर उस जगह पर गीले कपड़े का पोंछा अवश्य फेर दें ताकि वहां कोई दाग-धब्बा न रह सके व वहां मक्खियां भी न आ सकें।
- रसोई घर की खिड़कियों पर कभी पर्दे न लगाएं क्योंकि बाहर से तेज हवा आने पर पर्दे के पास रखी वस्तुएं गिरा सकती हैं या गैस से दुर्घटना भी हो सकती है।
- रसोई घर में खड़े-खड़े ज्यादा काम करने से आप थक भी सकती हैं अत: बैठ कर कार्य करने के लिए कोई ऊंचा स्टूल या कुर्सी अवश्य रखें।
- सिंक (जूठे बर्तन धोने की जगह) में ज्यादा देर जूठे बर्तन न रहने दें। इससे गंदगी फैलती है।
- सिंक से पानी बाहर निकलने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।



# कॉर्न एंड पीज पुलाव

**सामग्री** : 2 कप चावल, 1 कप हरे मटर, 1 कप मक्के के दाने, 1 प्याज के स्लाइसिस, 2 कप कोकोनट मिल्क, 2 टेबलस्पून तेल, थोड़ी-थोड़ी लौंग, इलायची व दालचीनी, 1 तेजपत्ता, नमक स्वादानुसार।

**मसाले का पेस्ट** : 1 प्याज, लहसुन की 6-7 कलियां, अदरक का एक टुकड़ा, 2 टेबलस्पून कद्दूकस किया हुआ नारियल। सभी को मिलाकर ग्राइंड करके पेस्ट बना लें।

**विधि** : एक पैन में तेल गरम करके साबुत गर्म मसाले और प्याज डाल कर भूनें। अब इसमें मसाले का पेस्ट मिलाकर भूनें। फिर बाकी बची हुई सामग्री और थोड़ा-सा पानी मिलाकर चावल के पकने तक पकाएं। व गर्मागर्म सर्व करें।



# योग से निखारें सौंदर्य

**चेहरा** मनुष्य का आईना होता है, चेहरे को देख कर ही हम बता सकते हैं कि कौन सा व्यक्ति दुखी है, सुखी है, परेशान है, उदास है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि चेहरा ही हमारी और आपकी उम्र की पोल खोल देता है, चाहे हम कितने ही काले क्यों ना काले करें।

- हमारी हर शारीरिक, मानसिक परेशानी या तकलीफ का सीधा असर चेहरे पर पड़ता है।
- शरीर में कहीं भी दर्द हो, तो उसका, प्रभाव चेहरे पर तुरंत पड़ता है।
- मानसिक परेशानी में चेहरा कुम्हला जाता है और चेहरे की कांति खो सी जाती है।
- खून की कमी के कारण भी चेहरा मुरझाया लगता है।
- सही खानपान ना होने के कारण भी चेहरे पर काफी असर पड़ता है।
- मानसिक परेशानी के कारण चेहरे पर फोड़े-फुंसियां भी निकल आती हैं।
- अकसर पानी कम पीने के कारण भी चेहरे की चमक चली जाती है।
- माहवारी आने से पहले भी चेहरा मुरझा जाता है।
- तेज धूप में बाहर निकलने से चेहरा रूखा और बेजान सा हो जाता है।
- गलत सौंदर्य प्रसाधनों का इस्तेमाल करने से भी चेहरा खराब हो जाता है।
- खाने-पीने की आदतों में सुधार लाएं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। बेहतरों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुका पैसा की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आय और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इंतजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्यापारिक का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): व्यापार में स्थिति श्रम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

## काकुरो पहेली - 2037



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2=3
1+3=4
7+9=16
8+9=17

**काकुरो - 2036 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

एक बार चमन अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ फिल्म देखने गया। वहाँ भी उसकी पत्नी हर समय उससे बातचीत में ही लगी रही। तंग आकर उसने इंटरवेल में पत्नी के लिए पान खरीदा और उसे दे दिया।

पत्नी बोली- एक पान तुम भी ले लो?

चमन बोला- मैं तो बिना पान खाए भी खामोश रह सकता हूँ।

□ □ □

चिंटू (चमन से)- क्या तुम बता सकते हो कि एक आदमी नेता बनने के बाद क्या खास काम करता है?

चमन- चुनाव के पहले वह अपना हाथ हिलाता है और बाद में जनता के विश्वास को।

□ □ □

कवि सम्मेलन के दौरान एक व्यक्ति अपने पास की कुर्सी पर बैठे कवि से बोला- कविवर, आपके पास पाँच सौ के छुट्टे है क्या?

कविवर (जिनके जेब में फूटी कौड़ी भी नहीं थी) इत्मीनान से बोले- छुट्टे तो नहीं हैं! किंतु.... यह पूछकर आपने जो मेरा मान बढ़ाया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूँ।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 2037



**बायें से दायें:-**

१. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-३
३. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-३
५. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है वो' गीत वाली फिल्म-२
७. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-३
८. आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
९. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था-३
११. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
१२. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
१३. फिल्म 'कहर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-२
१४. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुचर्चित फिल्म-३
१५. अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-३
१७. गुरुदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
१९. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'चानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रेखा की फिल्म-२
२३. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. 'ओले ओले' गीत वाली फिल्म-३
२६. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-२
२९. चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-३
३२. धर्मेन्द्र, हेमा की 'नौटें को यारों नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-२,३
३४. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-२
३५. अजय, आफताब, विवेक, ईशा, लारा दत्ता, अमृताराव, राज शर्मा, जेनेलिया की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नंदी पादि, जयप्रदा, किमी की 'चोंची वाला छला' गीत वाली फिल्म-३
२. 'चंदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
३. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'आपको याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
६. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
१०. 'सूर्या पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-३
१२. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. संजीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-३
१६. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-३
१८. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-४
२२. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-३
२४. 'चूड़ीवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, उर्मिला की फिल्म-३
२८. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-२
३०. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-२
३१. ऋतिक, करीना की 'ऐसी रे ऐसी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'तेरे दिल को तू जाने' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2036**



## सूडोकु -2037

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु - 2036 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली - 2037



**बाएं से दाएं**

1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. फूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छाया, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1. इसके सवाल युधिष्ठिर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्वाणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली -2036 का हल**



# मनीषा रानी

## का वो सपना पूरा हो गया, जिसका जिक्र उन्होंने एल्विश यादव से किया था





सोनी टीवी के डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा 11' की विनर मनीषा रानी का हाल ही में एक और सपना पूरा हो गया है. दरअसल मनीषा का हमेशा से सपना था कि बिहार में उनका खुद का एक शानदार घर हो. बिग बॉस ओटीटी 2 के सीजन में भी उन्होंने अभिषेक मल्हान और एल्विश यादव के सामने अपने इस सपने के बारे में बात की थी. अब आखिरकार मनीषा का ये सपना पूरा हो गया है. हाल ही में उन्होंने बिहार में एक प्रॉपर्टी खरीद ली है. इस प्रॉपर्टी पर मनीषा अपना घर बनाने वाली हैं. इस बात की जानकारी मनीषा ने अपने व्लॉग में फैन्स के साथ शेयर की है.

अपने लेटेस्ट व्लॉग में मनीषा ने बताया, हमने अब हमारी जमीन की खरीदारी की रजिस्ट्री पूरी की है. मेरे लिए आज की ये सुबह बेहद खास है. क्योंकि पहली बार मैंने खुद की मेहनत की कमाई से जमीन खरीदी है. ये जमीन हमने बिहार में ली है. मैं और मेरा पूरा परिवार आज बहुत खुश है. हर कोई ये सपना देखता है कि वो अपनी मेहनत की कमाई से एक अच्छा घर खरीदे. फिलहाल हमने जमीन खरीद ली है. लेकिन जल्द ही हम इस जमीन पर हमारा नया घर बनाने वाले हैं.

**मनीषा रानी बनीं करोड़पति**

साथ ही अपने व्लॉग में मनीषा ने इस बात का खुलासा किया है कि अब तक उन्होंने अपनी जमीन देखी नहीं है. उनके पिता ने उनके लिए ये जमीन फाइनल की थी. अब सरकारी काम पूरा होने के बाद वो और उनका पूरा परिवार ये जमीन देखने जाएंगे. इस दौरान मनीषा ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वो अब करोड़पति बन गई हैं.

**हाल ही में एल्विश यादव पर साधा था निशाना**

मनीषा रानी का हर वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन जाता है. घर खरीदने का वीडियो शेयर करने से पहले उन्होंने एक और वीडियो के साथ सोशल मीडिया पर सनसनी मचाई थी. इस वीडियो में उन्होंने उनके दोस्त और बिग बॉस ओटीटी के विनर एल्विश यादव को अनफॉलो करने का कारण बताया था. इस वीडियो के बाद एल्विश ने भी मनीषा को अपने व्लॉग से जवाब दिया था.

# फवाद खान

## नहीं टीवी के ये एक्टर थे सोनम कपूर की 'खूबसूरत' के लिए ओरिजिनल चॉइस, इसलिए किया गया रिप्लेस



विक्रांत मैसी से लेकर मृणाल ठाकुर, पार्थ समथान तक कई एक्टर्स ने टीवी से अपने करियर की शुरुआत की थी. अब इन सभी के कदम बॉलीवुड की तरफ रुख कर चुके हैं. लेकिन टीवी एक्टर्स के लिए छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक का ये सफर आसान नहीं था. अपने सपने के खातिर कई बार उन्हें रिजेक्शन का सामना भी करना पड़ता है. हाल ही में दिव्यांका त्रिपाठी के पति विवेक दहिया ने एक इंटरव्यू में बताया कि सोनम कपूर की फिल्म 'खूबसूरत' के लिए उनका चयन किया गया था. फिर कुछ ऐसा हुआ कि फवाद खान ने उन्हें रिप्लेस किया.विवेक हमेशा से एक्टर बनाना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि जब वो मुंबई आए थे तब वो फिल्मों में काम करना चाहते थे. और इसलिए उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों के लिए ऑडिशन देना शुरू कर दिया. उन्होंने सोनम कपूर की फिल्म 'खूबसूरत' में विक्रम सिंह राठौड़ की भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था और इस ऑडिशन राउंड में उन्हें शॉर्टलिस्ट भी किया गया. फिल्म के प्रोड्यूसर ने विवेक के ऑडिशन की खूब तारीफ भी की थी.



**जानें कैसे रिजेक्ट हुए विवेक**

आगे विवेक ने कहा,ऑडिशन में सेलेक्ट होने के बाद सभी एक्टर्स को रीडिंग सेशन के लिए बुलाया गया. मुझे सिर्फ कैमरा के सामने खड़े होकर अपनी लाइन बोलनी थी. लेकिन रीडिंग करते हुए मैं इतना नर्वस हो गया कि मेरे मुंह से आवाज ही नहीं निकल रही थी. मुझे पसीना आने लगा, शब्द मेरे मुंह से बाहर ही नहीं निकल रहे थे. मैं बहुत ज्यादा फंबल भी कर रहा था, मेरे मुंह से डायलॉग ही बाहर नहीं आ रहे थे. जब सोनम कपूर ने मेरा ये हाल देखा तब उन्होंने मुझे घर जाकर और अच्छी तैयारी करने के लिए कहा. और फिर मुझे याद है कि 'खूबसूरत' की टीम ने फवाद खान को इस किरदार के लिए कास्ट किया था.

## तुम लड़कों के पूनम पांडे हो, फैन्स ने बिग बॉस कंटेस्टेंट समर्थ जुरेल की क्लास लगा दी



बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट समर्थ जुरेल ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो शेयर की थी. इस फोटो में समर्थ अस्पताल के बेड पर ऑक्सीजन मास्क लगाकर लेटे हुए नजर आ रहे थे. उनकी ये फोटो देख समर्थ के फैन्स काफी ज्यादा परेशान हुए, उन्होंने समर्थ की इस फोटो के नीचे उनकी सलामती के लिए दुआ मांगना शुरू कर दिया. समर्थ ने पोस्ट की इस फोटो को देखकर लग रहा था कि बिग बॉस 17 के इस कंटेस्टेंट की तबीयत कुछ ज्यादा ही सीरियस है. लेकिन कुछ समय बाद समर्थ ने शेयर किया कि उनकी अस्पताल की फोटो महज एक 'अप्रैल फूल' प्रैंक था. समर्थ के इस खुलासे के बाद फैन्स की चिंता गुस्से में तब्दील हुई और उन्होंने समर्थ की तुलना 'पूनम पांडे' के साथ कर डाली.दरअसल समर्थ ने शूटिंग के दौरान क्लिक की गई अस्पताल की फोटो फैन्स के साथ शेयर की थी. और इस फोटो को शेयर करने के कुछ समय बाद उन्होंने कार में बैठी हुई अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैं ठीक हूं दोस्तों. उनकी इस सफाई के बाद कुछ फैन्स ने समर्थ की इस हरकत को 'गैरजिम्मेदार' करार दिया है. एक फैन ने लिखा कि एक सेलिब्रिटी होने के नाते एक्टर की एक जिम्मेदारी होती है, लाखों फैन्स उनसे प्यार करते हैं. इस तरह से उनकी भावनाओं के साथ खेलना बिल्कुल गलत है. एक सोशल मीडिया यूजर ने समर्थ की इस पोस्ट को 'बचकानी हरकत' का लेबल दिया है, तो कई फैन्स समर्थ की इस बेवकूफी को 'चीप' पब्लिसिटी स्टंट बताते हुए उन्हें लड़कों का 'पूनम पांडे' कह रहे हैं. कुछ दिनों पहले पूनम पांडे ने भी 'सर्वाइकल कैंसर' के अवेयरनेस का कारण देते हुए खुद की मौत का नाटक रचाया था.

**ईशा मालवीय से अलग हुए हैं समर्थ ?**

बिग बॉस 17 में समर्थ जुरेल के साथ उनकी गर्लफ्रेंड ईशा मालवीय भी शामिल हुई थीं. कहा जा रहा था कि बिग बॉस के खत्म होते ही दोनों का ब्रेकअप हो गया था. लेकिन हाल ही में एक होली पार्टी में ईशा ने खुलासा किया कि वो और समर्थ अब भी एक साथ हैं.

## लगता है मेरे पास 50 साल का एक्सपीरियंस है, सलमान की भांजी ने क्यों कही ये बात?



सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री फिल्म 'फर्रे' से अपना डेब्यू कर चुकी हैं. जल्द उनकी फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है. स्टार किड होने के बावजूद अलीजेह ने अपना डेब्यू किसी मसाला फिल्म से नहीं किया, न ही उन्होंने बर्फीली वादियों में साड़ी पहनकर डांस किया न ही किसी हीरो के साथ रोमांटिक गाने गाए, 'जामताड़ा' वाले सौमेंद्र पाधी ने उनकी फिल्म 'फर्रे' का निर्देशन किया था. खान फैमिली की अलीजेह के साथ की हुई ये एक्सपेरिमेंट काम आई. भले ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई न की हो, लेकिन अलीजेह की एक्टिंग की खूब तारीफ की गई. हाल ही में टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की खास बातचीत में अलीजेह ने बताया कि उन्होंने इस फिल्म के लिए कितनी मेहनत ली थी.

**'फर्रे' में आपने नियति का किरदार निभाया था जो अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए कुछ भी कर सकती है, अलीजेह असल में किस तरह की स्टूडेंट थीं ?**

मुझमें और नियति में कई तरह की समानताएं हैं. दरअसल मैं भी इस बात से अनजान थी. लेकिन जब मैं नियति के किरदार के लिए वर्कशॉप कर रही थी तब मुझे इस बात का एहसास हुआ कि मैं और नियति हम दोनों एक जैसे ही हैं. हमारी फिल्म के निर्देशक सौमेंद्र सर ने मुझे शुरुआत में ही कहा था कि तुम अपने आप को अपने किरदार से अलग मत समझना. उन्होंने मुझे ये भी समझाया था कि हर इंसान के अंदर फैमिली की, दोस्तों की और खुश रहने की जो वैल्यू होती है, वो एक जैसी ही होती है. लेकिन उनके इर्द-गिर्द की परिस्थितियों के कारण उन में बदलाव देखने को मिलते हैं. और इसलिए सर के कहने पर मैंने उन परिस्थितियों के बारे में जानने की कोशिश की.

'फर्रे' के साथ मेरा सफर पूरे 6 साल का था. फिल्म के राइट्स खरीदने से लेकर फिल्म रिलीज होने तक हमने कई चैलेंजेस का सामना किया. हम खुद ये फिल्म प्रोड्यूस कर रहे थे, तो सबसे पहले हमने कहानी तैयार की और फिर सौमेंद्र सर इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ गए. लेकिन इस दौरान कोरोना आ गया, और लॉकडाउन भी शुरू हुआ. लॉकडाउन की वजह से हमने एक साल का इंतजार किया. हालांकि इस वजह से मुझे मेरे किरदार के लिए पूरी तरह से तैयार होने का समय मिला. पहले ये कहानी मुंबई में शूट होने वाली थी इसलिए मैंने यहां मुंबई में वर्कशॉप किए थे, फिर पता चला कि ये दिल्ली में शूट होगी तो मैं खास वर्कशॉप के लिए दिल्ली चली गई.दिल्ली में हुए वर्कशॉप के लिए मैं 6 महीने दिल्ली में रही हूं, वहां एनएसडी के एम के रैना सर हैं, उन्होंने मुझे ट्रेनिंग दी. फिर जब स्क्रिप्ट तैयार हुई तब मुंबई में भी हमने सेशन किए, इस सख्त ट्रेनिंग की वजह से फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले हम इतने तैयार थे कि कभी स्क्रिप्ट देखने की जरूरत ही नहीं महसूस होती थी.

# वेदांता लिमिटेड का चौथी तिमाही में एल्युमीनियम उत्पादन 4 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। वेदांता लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कुल एल्युमीनियम उत्पादन सालाना आधार पर चार फीसदी बढ़कर 5,98,000 टन रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 5,74,000 टन एल्युमीनियम का उत्पादन किया था। वेदांता ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही के दौरान कुल एल्युमीनियम उत्पादन सालाना आधार पर चार फीसदी बढ़कर 5,98,000 टन रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का एल्युमीनियम उत्पादन 5,74,000 टन रहा था। कंपनी ने बताया कि बेहतर परिचालन प्रदर्शन के दम पर ओडिशा में लांजीगढ़ रिफाइनरी इकाई में एल्युमिना उत्पादन 18 फीसदी बढ़कर 4,48,000 टन रहा है। हालांकि, जिंक इंडिया में चौथी तिमाही के दौरान खनन धातु का उत्पादन घटकर 2,99,000 टन रहा है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में यह 3,01,000 टन से अधिक रहा था। इसके अलावा रिफाइंड जिंक उत्पादन दो फीसदी बढ़कर 2,20,000 टन रहा जबकि रिफाइंड सीसा का उत्पादन घटकर 53,000 टन रहा। उल्लेखनीय है कि वेदांता लिमिटेड एक भारतीय बहुराष्ट्रीय खनन कंपनी है। इस कंपनी का मुख्यालय महाराष्ट्र के मुंबई में स्थित है जबकि इसका मुख्य परिचालन गोवा, कर्नाटक, राजस्थान और ओडिशा में लौह अयस्क, सोना और एल्युमीनियम खदानों में है।




# भारत में 24-22 कैरेट सोने की कीमत में 540 रुपये की बढ़ोतरी हुई

भुवनेश्वर। भारत में सोने की कीमत में पिछले 24 घंटे में बढ़ोतरी हुई है. 5 अप्रैल 2024 को भारत में 24 कैरेट सोने (10 ग्राम) की कीमत 70,480 रुपये जबकि 22 कैरेट सोने (10 ग्राम) की कीमत 64,610 रुपये दर्ज की गई. भारत में सोने का भाव पिछले 24 घंटे में 540 रुपये बढ़ गया है. ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में पिछले 24 घंटों में स्थिरता दर्ज की गई है। जहां 24 कैरेट सोने (10 ग्राम) की कीमत 63,820 रुपये है, वहीं 22 कैरेट सोने (10 ग्राम) की कीमत 58,500 रुपये है.

**भारत के प्रमुख शहरों में सोने की कीमत में बदलाव दर्ज किया गया। वे इस प्रकार हैं:**

शहर 24 कैरेट 22 कैरेट
दिल्ली 63,970 रुपये 58,650 रुपये
मुंबई 63,820 रुपये 58,500 रुपये
चेन्नई 68,020 रुपये 62,350 रुपये
कोलकाता 63,820 रुपये 58,500 रुपये
हैदराबाद 63,820 रुपये 58,500 रुपये
बेंगलुरु 63,820 रुपये 58,500 रुपये
भुवनेश्वर 63,820 रुपये 58,500 रुपये



**भारत में चांदी की दर**

पिछले 24 घंटों में भारत में चांदी के रेट में भी बढ़ोतरी हुई है। 5 अप्रैल 2024 को चांदी की कीमत 79,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है. चांदी के भाव में आज पिछले 24 घंटे में 1700 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

# फ्लेक्सिबल स्पेस ऑपरेटर्स ऑफिस लीजिंग में 22फीसदी हिस्सेदारी का दावा करते हैं - सीबीआरई रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत में लचीले स्पेस'>स्पेस ऑपरेटर्स 2024 की पहली तिमाही के दौरान ऑफिस लीजिंग में दूसरे सबसे बड़े क्षेत्र के रूप में उभरे हैं, जो समग्र लीजिंग गतिविधि में 22त्र की पर्याप्त हिस्सेदारी के लिए जिम्मेदार है। नौ प्रमुख शहरों में लचीले स्थान'>अंतरिक्ष ऑपरेटरों द्वारा कुल कार्यालय पट्टे जनवरी-मार्च 24 में 3.0 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच गए, दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई और बेंगलुरु लचीले स्थान पर हावी होने वाले शीर्ष शहरों के रूप में उभरे' >अंतरिक्ष अवशोषण . सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड की 'सीबीआरई इंडिया ऑफिस फिगर्स Q1 2024' शीर्षक वाली रिपोर्ट से ये निष्कर्ष सामने आए हैं। लिमिटेड। लचीले कार्यालय स्थान'>अंतरिक्ष ऑपरेटरों द्वारा गतिविधि में वृद्धि भारतीय कार्यालय पट्टे के परिदृश्य की उभरती गतिशीलता को दर्शाती है। जबकि प्रौद्योगिकी कंपनियां 26फीसदी की लीजिंग गतिविधि में सबसे अधिक हिस्सेदारी के साथ आगे रहीं, लचीले स्पेस'>स्पेस ऑपरेटरों ने 22फीसदी की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी के साथ इसका अनुसरण किया। लीजिंग गतिविधि में योगदान देने वाले अन्य प्रमुख क्षेत्रों में इंजीनियरिंग और विनिर्माण (ईएंडएम) और बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं शामिल हैं। और बीमा (बीएफएसआई) कंपनियां। आर्थिक विकास और रणनीतिक नीतियां भारत के कार्यालय बाजार में एक गतिशील परिवर्तन को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला आकर्षित हो रही है। जबकि प्रौद्योगिकी क्षेत्र मुख्य आधार बना हुआ है, व्यापक मांग लीजिंग रुझानों में परिलक्षित होती है, जिसमें बीएफएसआई और ईएंडएम जैसे क्षेत्र प्रदर्शित हो रहे हैं। गतिविधि का उच्च स्तर', सीबीआरई इंडिया के सलाहकार और लेनदेन सेवाओं के प्रबंध निदेशक, राम चंदनानी कहते हैं।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उछाल जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 91 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।



अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.34 डॉलर यानी 0.38 फीसदी की उछाल के साथ 90.97 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.14 डॉलर यानी 0.16 फीसदी की बढ़त के साथ 86.73 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# ट्राई ने नए स्पेक्ट्रम बैंड के लिए मूल्य निर्धारण और शर्तों पर मांगा सुझाव

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने गुरुवार को मोबाइल सेवाओं के लिए तीन नये स्पेक्ट्रम बैंड 37-37.5 गीगाहर्ट्ज, 37.5-40 गीगाहर्ट्ज और 42.5-43.5 गीगाहर्ट्ज की नीलामी पर विभिन्न पक्षों से सुझाव मांगे हैं। नियामक ने इसमें मूल्य निर्धारण, वैधता और इन रेडियो तरंगों की भुगतान शर्तों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए एक परामर्श पत्र जारी किया है। दूरसंचार नियामक ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि इंटरनेशनल मोबाइल टेलिफोनी (आईएमटी) के लिए पहचाने गए 37-37.5 गीगाहर्ट्ज, 37.5-40 गीगाहर्ट्ज और 42.5-43.5 गीगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी पर परामर्श पत्र जारी किया गया है। ट्राई ने उद्योग जगत से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर दो मई, 2024 तक लिखित सुझाव और 16 मई, 2024 तक जवाबी टिप्पणियां देने को कहा है। ट्राई ने परामर्श पत्र में इन नए बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी की विभिन्न बारीकियों पर उद्योग की राय मांगी है। इसमें मूल्य निर्धारण, वैधता, पसंदीदा ब्लॉक आकार, स्पेक्ट्रम सीमा, क्रियान्वयन दायित्व और अन्य नियम तथा शर्तें शामिल हैं। यह प्रस्ताव भविष्य में 5-जी सेवाओं के लिए 4,000 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराएगा। उल्लेखनीय है कि दूरसंचार विभाग (डॉट) ने स्पेक्ट्रम नीलामी को 17 दिनों के लिए 6 जून, 2024 तक के लिए टाल दिया है। पहले यह तारीख 20 मई निर्धारित थी, जिसे बदलकर 6 जून कर दिया गया है। अब मॉक नीलामी 13 और 14 मई के बजाय 3 जून, 2024 को होगी। केंद्र सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए लगभग 96317 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी।

# मैगी नूडल्स मामले में नेस्ले से 640 करोड़ हर्जाना मांगने वाली केंद्र सरकार की याचिका खारिज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निपटान आयोग (एनसीडीआरसी) ने एफएमसीजी कंपनी नेस्ले इंडिया लिमिटेड को बड़ी राहत दी है। एनसीडीआरसी ने 'मैगी नूडल्स' मामले में दैनिक उपभोग सामान बनाने वाली कंपनी नेस्ले से 640 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगने वाली सरकार की याचिका खारिज कर दी है।

कंपनी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में दी जानकारी में बताया कि एनसीडीआरसी ने 'मैगी नूडल्स' मामले में ,नेस्ले इंडिया लिमिटेड से 640 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगने वाली सरकार की याचिका खारिज कर दिया है। कंपनी के मुताबिक एनसीडीआरसी ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की तरफ से दायर दो याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें 284.55 करोड़ रुपये के मुआवजे और 355.41 करोड़ रुपये




कुल (639.96 करोड़ रुपये) के दंडात्मक हर्जाने की मांग की गई थी।

नेस्ले इंडिया ने उपभोक्ता आयोग से मिली राहत की शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा कि शीर्ष उपभोक्ता शिकायत निपटान संस्था एनसीडीआरसी ने सरकार की मांग को 2, अप्रैल, 2024 को खारिज कर दिया था, जिसकी कॉपी कंपनी को 3 अप्रैल को मिली। केंद्र सरकार ने मैगी नूडल्स मामले में पहली बार उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 12-1-डी के तहत कार्रवाई की थी। कंपनी को तब 38,000 टन मैगी नूडल्स को वापस मंगाना और नष्ट करना पड़ा था।

उल्लेखनीय है कि नेस्ले के लोकप्रिय नूडल्स उत्पाद मैगी पर जून, 2015 में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक सीसा होने पर प्रतिबंधित कर दिया था। उसके बाद सरकार ने एनसीडीआरसी का रुख किया, जिससे नेस्ले को बाजार से अपना उत्पाद वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा था। हालांकि, पांच महीने बाद ही मैगी नवंबर, 2015 में भारतीय बाजार में दोबारा आ गई थी।

# स्टार्टअप्स देश को 10 ट्रिलियन यूएस डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाने में बल देंगे - टी वी मोहनदास पाई

जयपुर। भारत रणनीतिक रूप से 'प्रॉब्लम सॉल्वर' को मशक्त बनाने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। वैश्विक स्तर पर वेल्यु क्रिएशन के लिए शीर्ष तीन में पहुंचना इसका प्रमाण है। भारतीय वैश्विक मंच पर यूनिकॉर्न के निर्माण का नेतृत्व कर रहे हैं। स्टार्टअप देश को 10 ट्रिलियन यूएस डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाने के लिए बल गुणक साबित होंगे। यह बात मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन के चेयरपर्सन और प्रसिद्ध भारतीय बिजनेसमैन, टीवी मोहनदास पाई ने जयपुर में 'भारत@2047' विषय पर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए कही। यह कार्यक्रम डाटा इंफोसिस, जिसे अब डाटा इंजीनियस ग्लोबल लिमिटेड के नाम से जाना जाता है, की 25वीं सिल्वर जुबली के अवसर पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत में अपने स्वागत भाषण में, डाटा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक, अजय डाटा ने नवाचार, दृढ़ता और सफलता के प्रतीक के रूप में कंपनी की 25 वर्ष की लंबी यात्रा पर प्रकाश डाला।

पाई ने आगे कहा कि बढ़ती उम्र (एजिंग) मानवता की सबसे बड़ी चुनौती है। अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की एक बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है और 2100 तक भारत में युवा आबादी बनी रहेगी। आर्थिक विकास को गति देने वाले अन्य लाभों के अतिरिक्त, भारत में डिजिटलीकरण का परिवर्तनकारी प्रभाव भी सामने उभरकर आया है। भारत, जो सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट में सबसे बड़ी ताकत है और एक उभरते 'डीप टैक हब' के रूप में प्रसिद्ध है, बड़े पैमाने पर डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठा रहा है। पाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि 'प्रौद्योगिकी द्वारा बुनियादी आवश्यकताओं तक व्यापक पहुंच' पर प्रकाश डाला। भविष्य के बारे में बात करते हुए उन्होंने टिप्पणी की कि अगले कुछ वर्षों में, भारत 'डेटा पुअर' से 'डेटा रिच' बन जाएगा। भारत ने विकास के लिए प्रौद्योगिकी सक्षम बल गुणक के रूप में डिजिटल पब्लिक गुड्स (डीपीजी) के उपयोग की शुरुआत की है। डीपीजी पब्लिक गुड्स (और सर्विसेज) वितरित करने के नया और बेहतर तरीका है, जिसमें आधार पहचान प्रणाली, स्वास्थ्य सेवा, सरकारी योजनाएं और बैंकिंग और भुगतान जैसे अन्य डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं।

# आईटीआर फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध, 4 दिन में 23 हजार रिटर्न दाखिल

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने करदाताओं को एक अप्रैल, 2024 से आकलन वर्ष 2024-25 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने से संबंधित फॉर्म को आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए हैं। बीते चार दिन में करीब 23 हजार आईटीआर दाखिल किए जा चुके हैं।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि सीबीडीटी ने आकलन वर्ष 2024-25 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आईटीआर जमा करने से संबंधित फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए हैं, जबकि बीते चार दिन में करीब 23 हजार अयाकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं।

मंत्रालय ने कहा कि आमतौर पर करदाताओं द्वारा उपयोग की जाने वाली आईटीआर कार्यप्रणाली यानी आईटीआर-1, आईटीआर-2 और आईटीआर-4 फॉर्म करदाताओं को अपना रिटर्न दाखिल करने के लिए 01 अप्रैल, 2024 से ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके अलावा कंपनियां भी एक अप्रैल से आईटीआर-6 के जरिए भी अपना




आईटीआर दाखिल कर सकेंगी।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि हाल के वर्षों में पहली बार आयकर विभाग ने करदाताओं को नए वित्त वर्ष के पहले दिन ही अपना आईटी रिटर्न दाखिल करने में सक्षम बनाया है। यह कर अनुपालन में सुगमता और निर्बाध करदाता सेवाओं की दिशा में उठाया गया कदम है। आईटीआर फॉर्म-1 (सहज) और आईटीआर फॉर्म-4 (सुगम) बड़ी संख्या में छोटे और मझोले करदाताओं की जरूरतों को पूरा करते हैं। वहीं आईटीआर-2 आवासीय संपत्ति से आय वाले लोगों द्वारा दाखिल किया जाता है।

सहज फॉर्म को 50 लाख रुपये तक की इनकम वाला व्यक्ति दायर कर सकता है। यह आय वेतन, एक गृह संपत्ति, अन्य स्रोत (ब्याज) और 5,000 रुपये तक की कृषि आय हो सकती है। वहीं, सुगम फॉर्म को ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों और फर्मों (एलएलपी को छोड़कर) द्वारा दायर किया जा सकता है, जिनकी व्यवसाय और पेशे से कुल आय 50 लाख रुपये तक है।

सीबीडीटी ने कहा कि आईटीआर 3, 5 और 7 फॉर्म दाखिल करने की सुविधा भी जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि सीबीडीटी ने आईटीआर फॉर्म पहले ही अधिसूचित कर दिया था। आईटीआर-1 और 4 फॉर्म को 22 दिसंबर, 2023 को अधिसूचित किया गया था, जबकि आईटीआर-6 को 24 जनवरी और आईटीआर-2 को 31 जनवरी को अधिसूचित किया गया था।

# एनएसई अपने सार्वजनिक निर्गम के लिए नियामक की मंजूरी का इंतजार कर रहा है: अधिकारी

मुंबई । नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) अपने सार्वजनिक निर्गम के लिए प्रक्रिया शुरू करने के लिए तैयार है, लेकिन पूंजी बाजार नियामक सेबी से हरी झंडी का इंतजार कर रहा है, एक अधिकारी ने कहा। गुरुवार को विनिमय. अधिकारी ने पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल से कहा, हमने पहले आईपीओ के लिए आवेदन किया था और उन्होंने (नियामक ने) फाइल वापस भेज दी और हमें पत्र भी लिखा। हमने उनके पत्रों का जवाब दिया। एक संशोधित आवेदन दायर कर सकते हैं, अधिकारी ने कहा। कुछ कॉर्पोरेट प्रशासन मुद्दों के कारण एनएसई की




लिस्टिंग में वर्षों की देरी हुई है। 2016 के अंत में, एनएसई ने अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया था, जिसके बाद 111.4 मिलियन शेयरों की पेशकश करके कथित तौर पर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना थी। एनएसई ने दिसंबर तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,975 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। परिचालन से समेकित राजस्व दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 3,517 करोड़ रुपये हो गया।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट के बावजूद बिटकॉइन में तेजी, एथेरियम में भी उछाल

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 3 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि 7 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन एक बार फिर 66 हजार डॉलर के स्तर के ऊपर पहुंच गई है। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम में भी आज करीब 1 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.50 प्रतिशत



की मजबूती के साथ 66,213.10 डॉलर यानी 55.24 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 0.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ उछल कर 3,340.67 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 5.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 587.07 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर टेथर 0.05 प्रतिशत, सोलाना 1.15 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.42 प्रतिशत, डोजेकॉइन 0.74 प्रतिशत, कार्डानो 0.75 प्रतिशत और एवलांचे 0.78 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.65 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.50 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 208.57 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में तेजी आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 9,164 करोड़ डॉलर यानी 7.65 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 20.94 प्रतिशत कम है।

अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में तेजी आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.02 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 52.03 प्रतिशत हो गई है।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना पहली बार 2,304.96 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत लगातार नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना पहली बार 2,304.96 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह चांदी के भाव में भी तेजी जारी है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी ने 27.35 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर कारोबार किया, जो जून, 2021 के बाद अभी तक का सर्वोच्च स्तर है।

जानकारों के मुताबिक अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती होने के संकेत के कारण वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में तेजी का रुख बना है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने बुधवार को ही ब्याज दरों में कटौती का सिलसिला इसी साल शुरू होने का संकेत दिया था। इसी वजह से सोने और चांदी की कीमत को भी सपोर्ट मिला है। इसके साथ ही कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीद की है, जिसकी वजह से भी वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में सोने की डिमांड लगातार बनी हुई है।

बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन के मुताबिक जियो पॉलिटिकल वजह से भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिल रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध तथा दुनिया के कुछ अन्य क्षेत्र में भी टकराव की आशंका बनने की वजह से निवेशक अपना पैसा सुरक्षित निवेश के रूप में गोल्ड मार्केट में लगा रहे हैं। दूसरी ओर, दुनिया के कई बड़े देश के केंद्रीय बैंकों द्वारा गोल्ड रिजर्व को मजबूत करने के लिए जून 2023 के बाद से ही लगातार खरीदारी की जा रही है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक 9 महीने की इस अवधि में चीन के केंद्रीय बैंक ने सबसे अधिक सोने की खरीदारी की है। जबकि भारत के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और कजाकिस्तान का केंद्रीय बैंक सोने की खरीदारी करने के मामले में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे हैं।साल 2024 के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में अभी तक 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी आ चुकी है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि सोना फिलहाल सर्वोच्च स्तर पर पहुंच चुका है। इसलिए छोटे निवेशकों को संभल कर खरीदारी करनी चाहिए। क्योंकि आने वाले कुछ दिनों में गोल्ड मार्केट में करेक्शन का दौर शुरू हो सकता है। ऐसा होने पर छोटे निवेशकों को नुकसान का सामना भी करना पड़ सकता है।

# उतार-चढ़ाव के बीच बना मजबूती का नया रिकॉर्ड, सेंसेक्स और निफ्टी ने की शानदार रिकवरी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में जबरदस्त उतार-चढ़ाव होता नजर आया। ग्लोबल सपोर्ट के कारण आज शेयर बाजार ने पहले ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया, फिर मुनाफावसूली के कारण जोरदार गिरावट का शिकार हुआ। अंत में रिकवरी करके रिकॉर्ड लेवल पर क्लोजिंग करने में भी सफलता हासिल की। आज जहां सेंसेक्स पहली बार 74,500 अंक के स्तर को पार करने में सफल हुआ, वहीं निफ्टी पहली बार 22,500 अंक से ऊपर बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाकर हुई थी। दिन के कारोबार में मुनाफावसूली की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में बड़ी गिरावट भी आई। इंट्रा-डे में सेंसेक्स 1,015 अंक से अधिक फिसल गया, वहीं निफ्टी ने भी 300 अंक से अधिक का गोता लगाया। दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों का सपोर्ट मिलने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों रिकॉर्ड क्लोजिंग करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.41 प्रतिशत और निफ्टी 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान बैंकिंग, आईटी, और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह मेटल और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एनर्जी और एफएमसीजी इंडेक्स पर दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब सवा लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 398.60 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 397.35 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,947 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,454 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,395 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 98 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,266 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,393 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 873 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 27 शेयर हरे निशान में और 23 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 537 अंक की मजबूती के साथ 74,413.82 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 624.91 अंक की तेजी के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 74,501.73 अंक तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई। लगातार हो रही है बिकवाली के कारण दोपहर 11 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 1,016.61 अंक टूट कर 391.70 अंक की कमजोरी के साथ 73,485.12 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 750 अंक उछल कर 350.81 अंक की बढ़त के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 74,227.63 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 157.45 अंक उछल कर 22,592.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

# ईरान ने 15 खूंखार आतंकवादियों को किया ढेर ,पुलिस के पांच जवान शहीद

पूर्वी ईरान। ईरान में पुलिस स्टेशनों पर हमला करने वाले 15 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। उधर जैश अल-अद्ल द्वारा दावा किए गए हमलों में 5 ईरान सुरक्षाकर्मी मारे गए। उधर मीडिया ने बताया कि सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में एक आतंकवादी समूह दकी ओर से दावा किए गए दो हमलों में कम से कम पांच ईरानी सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने एक बयान में कहा कि ईरान में पुलिस स्टेशनों पर हमला करने वाले कम से कम 15 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। आईआरजीसी ने बताया कि 10 अन्य घायल हो गए। हमले में कुल 23 लोगों के मारे जाने की खबर है।

**पुलिस के पांच सदस्य शहीद**

आंतरिक मामलों के उप मंत्री माजिद मिरहमादी ने राज्य टीवी को बताया, 'रास्क में गार्ड बेस और चाबहार में एक पुलिस चौकी पर रात के समय हुए दो आतंकवादी हमलों के दौरान इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और पुलिस के पांच सदस्य शहीद हो गए।

**सुरक्षा बल के 10 से अधिक सदस्य घायल**

गार्ड्स की भूमि सेना के प्रमुख जनरल मोहम्मद पाकपुर ने




टेलीविजन पर कहा कि सुरक्षा बलों के साथ संघर्ष के दौरान 15 हमलावर मारे गए। मिरहमादी ने कहा कि बुधवार शाम शुरू हुई झड़पों के दौरान सुरक्षा बल के 10 से अधिक सदस्य घायल हो गए।

**आतंकवादीसमूह के रूप में सूचीबद्ध**

जैश अल-अदल (अरबी में 'न्याय की सेना') ने अपने टेलीग्राम चैनल पर हमलों का दावा किया। 2012 में गठित, संगठन को ईरान और संयुक्त राज्य अमरीका की ओर से 'आतंकवादी' समूह के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

**सबसे घातक हमलों में से एक**

जैश अल-अदल ने दिसंबर में एक हमले का दावा किया था, जिसमें सिस्तान-बलूचिस्तान के रास्क शहर के एक पुलिस स्टेशन पर 11 अधिकारियों की मौत हो गई थी, जो वर्षों में सबसे घातक हमलों में से एक था।

**जवाबी हवाई हमले किए**

समूह ने 10 जनवरी को रास्क में एक और पुलिस स्टेशन पर हमले का दावा किया जिसमें एक अधिकारी की मौत हो गई। एक हफ्ते बाद, ईरान ने कहा कि उसने पाकिस्तान में सीमा पर जैश अल-अदल के खिलाफ मिसाइलों और ड्रोन से जवाबी कार्रवाई की। इसके बाद पाकिस्तान ने आतंकवादी संगठनों की ओर से इस्तेमाल किए गए ठिकानों पर जवाबी हवाई हमले किए।

**सीमा अफगानिस्तान से भी लगती** गाजा पट्टी में इज़राइल-हमास संघर्ष के दौरान दुर्लभ सीमा पार से हुई गोलीबारी ने क्षेत्रीय तनाव को बढ़ा दिया, लेकिन जनवरी के अंत तक दोनों देशों ने तनाव कम करने की कोशिश की। गरीब सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत, जिसकी सीमा अफगानिस्तान से भी लगती है, शिया बहुल ईरान के कुछ मुख्यतः सुन्नी प्रांतों में से एक है।

## शरीफ ने पूर्व प्रधानमंत्री भुट्टो को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को 45वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, श्री शरीफ ने कहा कि श्री भुट्टो ने पाकिस्तान में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक



परंपराओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने कहा 'श्री भुट्टो ने देश का पहला संविधान बनाने के लिए आगे बढ़कर नेतृत्व किया, जिस पर 1973 में सभी राजनीतिक दलों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की थी।'

1928 में जन्मे श्री भुट्टो 1973 से 1977 तक प्रधानमंत्री रहने से पहले 1971 से 1973 तक देश के राष्ट्रपति भी रहे। श्री भुट्टो को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की हत्या में शामिल होने के आरोप के तहत अदालत के आदेश पर 04 अप्रैल, 1979 को फांसी दे दी गई। हालांकि, पाकिस्तान के शीर्ष न्यायालय ने पिछले महीने एक फैसला देते हुए कहा था कि भुट्टो की हत्या के मामले में निष्पक्ष सुनवाई का मौका नहीं दिया गया।

## इजरायल, ईरान के बीच पूर्ण युद्ध की आशंका से अमेरिका चिंतित

वाशिंगटन। दमिश्क में एक ईरानी राजनयिक सुविधा पर इजरायली हमले के बाद अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच संभावित पूर्ण युद्ध को लेकर बहुत चिंतित है। यह जानकारी व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने फॉक्स न्यूज को एक साक्षात्कार के दौरान दी। श्री किर्बी ने कहा कि वह इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की ईरानी धमकियों के बारे में बहुत चिंतित हैं।



उन्होंने कहा कि वास्तव में, जिन चीजों के बारे में इजरायली प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति जो बिडेन ने बात की है उनमें से एक ईरान द्वारा इज़राइल के लिए बहुत ही सार्वजनिक, बहुत ही वास्तविक खतरा शामिल है।

## अर्जेंटीना के राष्ट्रपति को मारने के आरोप में हथियारबंद व्यक्ति गिरफ्तार

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना की पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो छुरी और अन्य नुकीली वस्तुओं के साथ अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली को मारने के लिए ब्यूनस आयर्स के कासा रोसाडा राष्ट्रपति महल में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था। यह जानकारी सुरक्षा मंत्री पेट्रीसिया बुलरिच ने दी।

श्री बुलरिच ने गुरुवार को एक्स पर कहा कि वह एक चाकू और अन्य तेज धार की वस्तुओं के साथ कासा रोसाडा पहुंचने की कोशिश कर रहा था और पीएफए (अर्जेंटीना संघीय पुलिस) अधिकारी यानिना बायलेट ने उसे रोक दिया। अर्जेंटीना ब्रॉडकास्टर टीएन ने देश की पुलिस का हवाला देते हुए कहा कि 29 वर्षीय हमलावर ने सरकारी घर के किनारे एक बंद बाड़ का उपयोग करने का निर्णय लिया, जो खुला था क्योंकि एक अधिकारी इमारत छोड़ कर जा रहा था। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने पर हमलावर चिल्लाया कि भगवान हूं और मैं राष्ट्रपति को मार डालूंगा। रिपोर्ट के अनुसार, उसके पास लगभग 8 इंच लंबी छुरी, पांच गोलाकार आरी का ब्लेड और एक कांटा पाया गया।

## जापान के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति सोनोबे का 112 वर्ष की आयु में निधन

टोक्यो। जापान के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति गिसाबुरो सोनोबे का टोक्यो के पास चिबा प्रान्त में निधन हो गया है। वह 112 वर्ष के थे।स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी क्योडो ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि उनकी रिपोर्ट बताया कि श्री सोनोबे का जन्म 06 नवंबर, 1911 को हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार उनकी मृत्यु मार्च के अंत में हुयी। इससे पहले यहां नवंबर 2022 में 111 वर्ष की व्यक्ति की मृत्यु हुयी थी। इसके बाद वह देश के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गए थे।

## जापान के पूर्व मंत्री सत्तारूढ़ दल के नेताओं पर लगाया तानाशाही का आरोप

टोक्यो। जापान के पूर्व शिक्षा मंत्री रयू शियोनोया ने पार्टी नेताओं पर तानाशाही प्रबंधन तरीकों को अपनाने का आरोप लगाया है और प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से कि कथैक घोटाले की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया है। इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि श्री शियोनोया को गुरुवार को सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा सकता है।

## इजराइली सेना ने खान यूनिस पर आक्रमण शुरू कर दिया



तेल अवीव। इज़राइल रक्षा बलों ने गुरुवार सुबह कहा कि इज़राइल ने खान यूनिस में हमास के खिलाफ अपना आक्रमण जारी रखा है। सेना ने शहर के अल अमल और अबासान अल जदीदा इलाकों में आतंकी ढांचों पर हमला किया, टैंक फायर से हमास के आतंकवादियों को मार गिराया और हथियार जब्त कर लिए।

खान यूनिस, गाजा का दूसरा सबसे बड़ा शहर, व्यापक रूप से हमास नेता याह्या सिनवार का निजी गढ़ माना जाता है। मध्य गाजा में, जमीनी बलों ने एक सशस्त्र हमास दस्ते की पहचान की और उसका पीछा किया, जहां उन्होंने अधिक आतंकवादियों को एक संरचना से बाहर निकलते हुए और क्षेत्र में घूमते हुए देखा। हवाई हमले में आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया जबकि एक लड़ाकू जेट ने संरचना को नष्ट कर दिया। गाजा से इज़राइल में प्रवेश करने वाले कई रॉकेट लॉन्च की पहचान होने के बाद, आईडीएफ ने अतिरिक्त लॉन्चरों और आतंकी बुनियादी ढांचे के साथ आग के स्रोतों पर हमला किया।7 अक्टूबर को गाजा सीमा के पास इजरायली समुदायों पर हमास के हमलों में कम से कम 1,200 लोग मारे गए और 240 इजरायली और विदेशियों को बंधक बना लिया गया। शेष 134 बंधकों में से, इजरायल ने हाल ही में उनमें से 31 को मृत घोषित कर दिया।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले जो बाइडेन को झटका, वॉल स्ट्रीट जर्नल के सर्वेक्षण में 7 में 6 बैटलग्राउंड पर ट्रंप आगे

वाशिंगटन: अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले जो बाइडेन को तगड़ा झटका है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के एक चुनावी सर्वेक्षण में पूर्व राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप 7 में 6 बैटलग्राउंड स्टेट्स में आगे निकल गए हैं। इससे बाइडेन के होश फाख्ते हो गए हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल के सर्वेक्षण से पता चला है कि मतदाता राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से मोटे तौर पर असंतुष्ट हैं और बाइडेन की क्षमताओं व नौकरी के प्रदर्शन को लेकर गहरे संदेह में हैं। बता दें कि अमेरिका में इसी वर्ष नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होना है। उससे पहले यह एक नवीनतम जनमत सर्वेक्षण है। इसके अनुसार राष्ट्रपति जो बाइडेन सात युद्धक्षेत्रों में से 6 में अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प से पीछे चल रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप जिन 6 राज्यों में आगे हैं, उनमें पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिज़ोना, जॉर्जिया, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना है। इन राज्यों में बाइडेन से ट्रंप दो से आठ प्रतिशत अंकों से आगे हैं। हालांकि विस्कॉन्सिन राज्य में राष्ट्रपति बाइडेन ट्रंप से तीन अंकों से आगे चल रहे हैं। सर्वेक्षण के अनुसार मौजूदा राष्ट्रपति के कार्य प्रदर्शन को लेकर प्रत्येक राज्य में लोग नकारात्मक विचार रखते हैं। इसका अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते है कि



सकारात्मक विचारों से नकारात्मक विचार 16 प्रतिशत से भी ज्यादा हैं। चार राज्यों में तो यह अंतर 20 अंक के शीर्ष पर है। वहीं इसके विपरीत, ट्रंप को व्हाइट हाउस में अपने समय के लिए केवल एक ही राज्य - एरिज़ोना - में प्रतिकूल नौकरी समीक्षा मिली, जहां नकारात्मक अंक सकारात्मक अंक से 1 प्रतिशत अंक अधिक हैं।

**सभी अमेरिकी सर्वे में ट्रंप आगे:** पूर्व राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप लगभग सभी राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में बाइडेन से आगे चल रहे हैं। रियल क्लियर पॉलिटिक्स के अनुसार प्रमुख राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के औसत से पता चलता है कि ट्रम्प बाइडेन से 0.8 प्रतिशत अंकों से आगे चल रहे हैं। बता दें कि 'बाइडेन और ट्रम्प दोनों पिछले महीने आसानी से अपनी पार्टी के संभावित उम्मीदवार बन गए, लेकिन 2020 की प्रतियोगिता के रीमैच में प्रत्येक उम्मीदवार को एक लंबे और कठिन अभियान का सामना करना पड़ेगा। इस बार राष्ट्रपति पद की दौड़ बहुत कड़ी होने की उम्मीद है।

## पाक राष्ट्रपति जरदारी ने 'कुछ राजनीतिक दल' द्वारा सेना के खिलाफ 'निराधार' दावों पर चिंता व्यक्त की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने एक विशिष्ट राजनीतिक दल और उसके कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने राजनीतिक हितों के लिए सेना के खिलाफ लगाए गए 'निराधार और निराधार' आरोपों के बारे में अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की है।जरदारी ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया जब बुधवार को सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने नए राष्ट्रपति से मुलाकात की।बैठक के दौरान सेना प्रमुख ने जरदारी को पिछले महीने पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के रूप में नियुक्ति पर बधाई भी दी।प्रेसीडेंसी द्वारा जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, राष्ट्रपति जरदारी ने संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए संस्था और उसके नेतृत्व के खिलाफ एक विशिष्ट राजनीतिक दल और उसके कुछ व्यक्तियों द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और ऐसे विघटनकारी तत्वों से निपटने का संकल्प लिया। एक लोहे का हाथ-जरदारी स्पष्ट रूप से अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने पर इमरान खान और उनकी पार्टी द्वारा पाकिस्तानी सेना की भूमिका पर हमले और पूर्व प्रधानमंत्री की पाकिस्तान मुस्लिम लीग के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार को शक्तिशाली प्रतिष्ठान द्वारा दिए गए कथित समर्थन का जिक्र कर रहे थे। मंत्री नवाज शरीफ.शक्तिशाली सेना, जिसने पाकिस्तान के अस्तित्व के 75 से अधिक वर्षों में आधे से अधिक समय तक शासन किया है, ने सुरक्षा और विदेश नीति के मामलों में काफी शक्ति का इस्तेमाल किया है।बैठक के दौरान, सीओएएस ने राष्ट्रपति को आतंकवाद के खिलाफ सेना के चल रहे अभियानों से अवगत कराया और पारंपरिक खतरों के खिलाफ परिचालन तैयारियों पर प्रकाश डाला। बयान में कहा गया है कि सीओएएस ने जरदारी को विशेष रूप से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा के क्षेत्रों में



विकास पहलों में सेना के योगदान के बारे में भी जानकारी दी।इस बीच, राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों की भूमिका को स्वीकार करते हुए पुष्टि की कि राज्य की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा में सेना का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।बयान में कहा गया है कि जरदारी ने प्रभावित क्षेत्रों के सामाजिक उत्थान के लिए सेना के प्रयासों की भी सराहना की, जो राष्ट्रीय प्रगति के लिए पाकिस्तानी सेना की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।बयान में कहा गया, राष्ट्रपति ने आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान की दृढ़ प्रतिबद्धता पर जोर दिया और राष्ट्रीय शक्ति के सभी तत्वों के माध्यम से पूरी ताकत से जवाब देने के देश के संकल्प की पुष्टि की।

## लोकतंत्र समर्थक समूहों ने म्यांमा में कई जगहों पर किया घातक ड्रोन हमला, बौखलाई सेना

बैंकॉक। म्यांमा के हालात लगातार नाजुक बने हुए हैं। यहां तख्तापलट के बाद से ही आर्मी का शासन चल रहा है। मगर इस दौरान म्यांमा के लोकतंत्र समर्थक मुख्य प्रतिरोध समूह ने बृहस्पतिवार को राजधानी के कई ठिकानों पर हमला कर दिया है। हमले का मकसद मौजूदा सैन्य शासन के सामने अपनी ताकत का एहसास कराना था। कहा कि उसकी सशस्त्र इकाई ने हवाई अड्डे और राजधानी नेपीता में एक सैन्य मुख्यालय पर ड्रोन हमले किए, लेकिन देश की सत्तारूढ़ सेना ने कहा कि उसने हमला



करने वाले ड्रोन को नष्ट कर दिया। विपक्षी राष्ट्रीय एकता सरकार के 'रक्षा मंत्रालय' ने एक बयान में कहा कि 'पीपुल्स डिफेंस फोर्स' की विशेष इकाइयों ने लक्ष्यों पर एक साथ हमला करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। एनयूजी के संक्षिप्त नाम से जाने जाने वाला समूह खुद को देश की वैध सरकार कहता है, जबकि पीपुल्स डिफेंस फोर्स काफी हद तक स्वायत्तता वाले कई स्थानीय प्रतिरोध समूहों से बनी है। एनयूजी ने कहा कि हताहतों को लेकर खबरें हैं। देश की सेना ने कहा कि उसने सात ड्रोन मार गिराए और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। म्यांमा में हमले के अधिकांश विवरणों को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करना संभव नहीं था। फरवरी 2021 में सेना द्वारा आंग सान सू ची की निर्वाचित असैन्य सरकार से सत्ता छीनने के बाद से म्यांमा में उथल-पुथल मची हुई है। इस घटनाक्रम के बाद से राष्ट्रव्यापी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिसे सुरक्षा बलों ने बलपूर्वक दबा दिया, जिसके परिणामस्वरूप सशस्त्र प्रतिरोध हुआ जो गृह युद्ध के समान था।

## बर्ड फ्लू का खतरा मंडराया, विशेषज्ञों ने बताया, कोरोना से हैं ज्यादा घातक

वाशिंगटन। डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बर्ड फ्लू $H_5N_1$ के संभावित खतरे को चिंता जताई है। साथ ही उन्होंने चिंता भी जताई है। उनका कहना है कि यह नई बीमारी कोरोना महामारी से 100 गुना अधिक खतरनाक साबित हो सकती है। इस बात की भी प्रबल संभावना है कि इस फ्लू से संबंधित आधे से अधिक लोगों की मौत भी हो सकती है। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि वायरस का संक्रमण स्तर गंभीर हो सकता है जो कि एक वैश्विक महामारी को जन्म दे सकता है। पिट्सबर्ग में एक प्रमुख बर्ड फ्लू शोधकर्ता डॉ. सुरेश कुचिपुडी ने चेतावनी दी है कि $H_5N_1$ में महामारी पैदा करने की क्षमता है। ऐसे इसलिए क्योंकि यह मनुष्यों के साथ-साथ कई स्तनधारी जानवरों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। फार्मास्युटिकल उद्योग सलाहकार और कनाडा स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी बायोनियाग्रा के संस्थापक जॉन फुल्टन ने भी इन चिंताओं को दोहराया है। उन्होंने भी कहा है कि $H_5N_1$ अगर महामारी का रूप लेता है तो यह काफी गंभीर होगा।

## बाइडन की नेतन्याहू को दो-टूक - 'इज़रायल-हमास युद्ध में तुरंत सीज़फायर ज़रूरी'

वाशिंगटन। इज़रायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इज़रायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को दो-टूक कह दिया है कि युद्ध में तुरंत सीज़फायर ज़रूरी है। इज़रायल और फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के बीच 7 अक्टूबर से चल रहा युद्ध जारी है और अभी भी इसके रुकने के आसार नज़र नहीं आ रहे हैं। हमास के इज़रायल पर रॉकेट अटैक और घुसपैठ हमलों में करीब 1,200 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से ज़्यादा लोगों को हमास ने बंधक बना लिया था। तभी से इज़रायली सेना ने हमास से बदला लेने के लिए गाज़ा और आसपास के फिलिस्तीनी इलाकों पर हमले शुरू कर दिए जो अभी भी जारी है। युद्ध में एक हफ्ते के विराम के बाद इज़रायली सेना ने फिर गाज़ा में कहर बरपाने का सिलसिला शुरू कर दिया। इस युद्ध की वजह से अब तक 33 हज़ार से ज़्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं की मौत हो चुकी है और 81 हज़ार से ज़्यादा फिलिस्तीनी घायल हो चुके हैं और ये आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं।

इसी बीच इज़रायल की ईरान से



भी टेंशन बढ़ गई है और युद्ध के हालात पैदा हो गए हैं। फिर भी गाज़ा और आसपास के फिलिस्तीनी इलाकों में इज़रायली सेना की सैन्य कार्रवाई जारी है। इसी के चलते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इज़रायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को युद्ध के बारे में एक बड़ी बात पर दो-टूक कह दिया है कि.... बाइडन ने नेतन्याहू को दो-टूक कह दिया है कि इज़रायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में तुरंत सीज़फायर ज़रूरी है। साथ ही बाइडन ने नेतन्याहू से यह भी कह दिया है कि उन्हें तुरंत ही हमास के साथ बिना देर किए समझौता करते हुए शांति स्थापित करनी चाहिए।

बाइडन ने यह भी साफ़ कर दिया है कि अगर इज़रायल युद्ध में सीज़फायर लागू नहीं करता तो अमेरिका को आगे इज़रायल की मदद करने से पहले सोचना होगा।

## 'आर्थिक प्रभाव न्यूनतम होगा': ताइवान भूकंप पर मूडीज़ एनालिटिक्स

ताइपे [ताइवान]। मूडीज एनालिटिक्स के मुख्य एपीएसी अर्थशास्त्री स्टीव कोचरन ने कहा है कि ताइवान में भूकंप का आर्थिक प्रभाव न्यूनतम होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भूकंप ताइवान के हुलिएन काउंटी में केंद्रित था, जो पर्यटन का केंद्र है, न कि व्यापार या वाणिज्य का केंद्र। एक बयान में, कोक्रेन ने कहा कि यदि भूकंप ताइपे या पश्चिमी तट पर केंद्रित होता, जहां अधिकांश अर्धचालक उद्योग स्थित है, तो आर्थिक प्रभाव अधिक हो सकता था। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में आर्थिक प्रभाव मध्यम रहना चाहिए। ऐसा लगता है कि आर्थिक प्रभाव न्यूनतम होगा। भूकंप ताइवान के पूर्वी तट पर हुलिएन काउंटी में केंद्रित था। इसे व्यापार या वाणिज्य के केंद्र के बजाय पर्यटन के केंद्र के रूप में अधिक जाना जाता है। यदि भूकंप ताइपे में केंद्रित होता या कोक्रेन ने बयान में कहा, पश्चिमी तट पर जहां अधिकांश सेमीकंडक्टर उद्योग स्थित है, आर्थिक प्रभाव बहुत अधिक होगा। इस प्रकार, निकट अवधि में आर्थिक प्रभाव मध्यम होना चाहिए। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि क्या सेमीकंडक्टर फैब्स को उनके उपकरणों में कोई क्षति, यहां तक कि सूक्ष्म, भी मिलती है, जिससे उत्पादन में देरी हो सकती है। फैब्स को आधे दिन के लिए बंद करने की सूचना है या नहीं पूरा दिन, लेकिन अधिक नहीं, इस प्रकार, विनिर्माण उपकरणों को नुकसान की खोज को छोड़कर, उत्पादन में देरी न्यूनतम होगी, उन्होंने कहा।

स्टीव कोचरन ने कहा कि ऐसी संभावना है कि अगली दो-तीन तिमाहियों में निर्माण उद्योग को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि बीमा भुगतान किया जाएगा और पुनर्निर्माण शुरू होगा।

उन्होंने कहा, इस बात की अच्छी संभावना है कि अगली दो-तीन तिमाहियों में निर्माण उद्योग को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि बीमा भुगतान किया जाएगा और पुनर्निर्माण शुरू होगा। यह प्रभाव पूर्वी तट के क्षेत्रों में केंद्रित होगा जहां बुनियादी ढांचे और भवन क्षति होगी सबसे बड़ा है। सुबह 7:58 बजे (स्थानीय समयानुसार) पूर्वी ताइवान में हुआलिएन काउंटी के तट पर रिक्टर स्केल पर 7.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र हुआलिएन काउंटी हॉल से 25.0 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में प्रशांत महासागर में था। 15.5 किलोमीटर की गहराई, केंद्रीय मौसम प्रशासन (सीडब्ल्यूए) भूकंप विज्ञान केंद्र, केंद्रीय समाचार एजेंसी (सीएनए) ने बताया।

सेंट्रल न्यूज एजेंसी (सीएनए) ने बताया कि भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जबकि 38 अन्य अभी भी लापता हैं। बचावकर्मियों ने व्यक्ति का शव बरामद किया और वे 38 अन्य की तलाश जारी रखे हुए हैं। न्यूज एजेंसी ने सेंट्रल इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के हवाले से खबर दी है कि हुलिएन काउंटी में जियाओझुइलु ट्रेल पर पदयात्रा के दौरान चट्टानें गिरने से 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। गुरुवार शाम 4:25 बजे (स्थानीय समय) तक, ताइवान में लगभग 25 वर्षों में आए सबसे शक्तिशाली भूकंप में 10 लोगों की मौत हो गई है और 1067 घायल हो गए हैं। इसके अलावा, सड़क क्षति के कारण 660 लोग फंसे हुए हैं। नौ अन्य मौतों में प्रांतीय राजमार्ग संख्या 8 के एक खंड पर चट्टानें गिरने से मारा गया एक तकनीशियन, उसी राजमार्ग के दूसरे खंड पर चट्टानें गिरने से मारा गया एक ड्राइवर और तीन पैदल यात्री शामिल हैं। सेंट्रल न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हुलिएन काउंटी में डेलुन ट्रेल पर। एक खदान, प्रांतीय राजमार्ग संख्या 9 पर दकिंगशुई मनोरंजन क्षेत्र और उसी राजमार्ग पर एक अन्य खंड में एक-एक मौत की सूचना मिली। इसके अलावा, हुलिएन शहर में अपनी पालतू बिल्ली को बचाने के लिए आंशिक रूप से ढही हुई इमारत में दोबारा घुसने के बाद एक महिला की मौत हो गई।

## चाकू के हमले में घायल रूसी गवर्नर की हालत गंभीर

मॉस्को। चाकू के हमले में घायल रूस के मरमंस्क क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई चिबिस की हालत गंभीर है। उन्हें एपेटिटी शहर में एक बैठक के बाद चाकू मार दिया गया था। समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को एपेटिटी-किरोव अस्पताल के मुख्य चिकित्सक यूरी शिर्याव के हवाले से बताया कि 45 वर्षीय चिबिस की हालत गंभीर है और उनका ऑपरेशन किया जा रहा है। हमलावर की पहचान अलेक्जेंडर बायदानोव के रूप में हुई। सुरक्षा गार्डों ने उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया। गवर्नर के प्रवक्ता के मुताबिक, हमला अचानक हुआ। आरोपी को रूसी नेशनल गार्ड (रोसग्वार्डिया) ने तुरंत पकड़ लिया। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी ने हमला क्यों किया। $H_5N_1$ अगर महामारी का रूप लेता है तो यह काफी गंभीर होगा।

## मशहूर अंतर्राष्ट्रीय अखबार का दावा, पाकिस्तान में आतंकियों को मारने के पीछे भारत सरकार

इस्लामाबाद। प्रसिद्ध वैश्विक समाचारपत्र 'द गार्जियन' ने एक रिपोर्ट में दावा किया कि भारत सरकार ने विदेशी धरती पर रहने वाले वांछित आतंकवादियों को खत्म करने की दिल्ली की बड़ी रणनीति के तहत पाकिस्तान में 'व्यक्तियों' की हत्या करवाई। रिपोर्ट में 'भारत और पाकिस्तान के कुछ खुफिया कर्मियों' के हवाले से यह दावा किया गया है। लंदन से प्रकाशित अखबार का दावा है कि उसके पास कुछ दस्तावेज हैं जो 'इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी ने कथित तौर पर विदेशों में व्यक्तियों को खत्म करने के लिए ऑपरेशन चलाए'।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने '2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए साहसी दृष्टिकोण अपनाते हुए' ये ऑपरेशन किए। यह रिपोर्ट इन आरोपों के बीच आई है कि भारत उन लोगों को निशाना बना रहा है, जिन्हें वह अपना शत्रु मानता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ताजा दावे 2020 के बाद से लगभग 20 हत्याओं से संबंधित हैं, जिन्हें पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने अंजाम दिया है। 'द गार्जियन' की रिपोर्ट में कहा गया है, 'हालांकि भारत अनौपचारिक रूप से मौतों से जोड़ा गया है। यह पहली बार है कि भारतीय खुफिया कर्मियों ने पाकिस्तान में कथित अभियानों पर चर्चा की है और दस्तावेज में इन हत्याओं में रॉ की प्रत्यक्ष संलिप्तता का आरोप लगाया गया है।

साल 2023 में जब पाकिस्तान की धरती पर मुहम्मद रियाज और शाहिद लतीफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई, तो इस्लामाबाद ने इन हत्याओं के पीछे भारत की खुफिया एजेंसी का हाथ होने का आरोप लगाया था। उस समय नई दिल्ली ने तुरंत आरोपों को खारिज कर दिया था और इसे दुर्भावनापूर्ण भारत विरोधी प्रचार करार दिया था। लंदन के अखबार ने पाकिस्तानी जांचकर्ताओं द्वारा साझा किए गए ब्यौरे का हवाला देते हुए कहा कि ये मौतें भारतीय खुफिया स्लीपर सेल द्वारा कराई गई, जो ज्यादातर संयुक्त अरब अमीरात से संचालित होती थीं। 2023 में हत्याओं में वृद्धि का श्रेय इन स्लीपर सेल की बढ़ी हुई गतिविधि को दिया गया, जिन पर हत्याओं को अंजाम देने के लिए स्थानीय अपराधियों या गरीब पाकिस्तानियों को लाखों रुपये देने का आरोप है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय एजेंटों ने कथित तौर पर गोलीबारी को अंजाम देने के लिए जिहादियों की भर्ती भी की थी। इसी तरह, रिपोर्ट में दो भारतीय खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि जासूसी एजेंसी की कार्रवाई 2019 में पुलवामा हमले से शुरू हुई थी, जिसे पाकिस्तान स्थित आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद ने अंजाम दिया था। रिपोर्ट यह भी कहती है कि पुलवामा हादसे के बाद देश के बाहर के तत्वों को हमला करने या कोई गड़बड़ी पैदा करने से पहले निशाना बनाने के लिए दृष्टिकोण बदला गया।

## कार्लोस सैन्ज़ ने अपने 2025 विकल्पों का आकलन करते हुए कहा कि अब हर चीज़ में तेजी लाने का समय आ गया

